


दैनिक नर्मदापुरम् जिले का प्रथम दैनिक K✌K RNI No.61546/95

# क्षितिज ✌ किरण

त्वदीय पाद पंकजम् नमामि देवी नर्मदे

नर्मदापुरम् संभाग सीहोर जिले एवं जबलपुर से एक साथ प्रकाशित एकमात्र समाचार-पत्र

प्रेरणापुंज -विचित्र कुमार सिन्हा वर्ष-31 अंक-138 नर्मदापुरम (होशंगाबाद) सोमवार 07 जुलाई 2025 पृष्ठ-8 मूल्य -1 रूपये सम्पादक- कृष्णाकान्त सक्सेना


# मंडी में फिर फटे बादल, 9 जिलों में फ्लैश फ्लड की चेतावनी जारी

## हिमाचल में 269 सड़के, 285 बिजली ट्रांसफॉर्मरों और 278 पेयजल योजनाएं ठप



शिमला,(ए)। हिमाचल प्रदेश में बारिश तबाही मचा रही है। मंडी में एक बार फिर बादल फटा। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के रविवार को जारी रेड अलर्ट के बीच सुबह से राज्य के ज्यादातर हिस्सों में मूसलाधार बारिश हो रही है। मंडी, कांगड़ा और सिरमौर जिलों में बहुत भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है, जबकि शिमला, सोलन और हमीरपुर समेत 9 जिलों में अगले 24 घंटे के लिए फ्लैश फ्लड की चेतावनी जारी की गई है।इस बीच मंडी जिला में फिर बादल फटने से दहशत फैला गई। पधर उपमंडल की टिक्कन पंचायत के सिलबधानी गांव में बीती देर रात बादल फटा, जिससे स्थानीय नाले में बाढ़ आ गई और दो पुलियां बह गईं। इस घटना में कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ। प्रशासन की टीम क्षति का आकलन कर रही है। मौसम विभाग के मुताबिक पिछले 24 घंटे में सबसे ज्यादा बारिश कांगड़ा जिला के नगरोटा सुरियां में 102 मिमी दर्ज की गई। इसके अलावा ऊना में 62 मिमी, धर्मशाला में 61 मिमी, कटुआला और घमरूर में 40-40 मिमी, बरठीं में 38, सुजानपुर टीहरा में 36, भराडी में 35, नादौन में 30 और मंडी में 21 मिमी बारिश रिकॉर्ड की गई।

मौसम विभाग ने रविवार के लिए कुछ स्थानों पर भारी से बहुत भारी बारिश का रेड अलर्ट जारी किया है, जबकि सोमवार को बहुत भारी बारिश का ओरेंज अलर्ट जारी किया है। 8 से 10 जुलाई तक येलो अलर्ट और 11 व 12 जुलाई को सामान्य बारिश की संभावना जताई है। लगातार बारिश से राज्य में जनजीवन अस्त-व्यस्त है। आपातकालीन परिचालन केंद्र के मुताबिक रविवार सुबह तक प्रदेश में 269 सड़कों, 285 बिजली ट्रांसफॉर्मरों और 278 पेयजल योजनाओं पर असर पड़ा है। अकेले मंडी जिले में 200 सड़कें, 236 ट्रांसफॉर्मर और 278 जल योजनाएं ठप पड़ी हैं। यह जिला इस समय सबसे ज्यादा प्रभावित है।

### दिल्ली-गुरुग्राम का सफर सिर्फ 15 मिनट में! जमीन के नीचे बनेगी 'टनल रोड'; नितिन गडकरी ने किया ऐलान

नई दिल्ली (आरएनएस)। दिल्ली-एनसीआर की सबसे बड़ी समस्याओं में से एक, ट्रैफिक जाम से निजात दिलाने के लिए केंद्र सरकार ने एक महत्वाकांक्षी योजना का ऐलान किया है। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने घोषणा की है कि सरकार दिल्ली से गुरुग्राम तक एक सुरंग (टनल) सड़क बनाने की योजना पर काम कर रही है, जिससे एक घंटे का सफर घटकर महज 15 मिनट का रह जाएगा।नितिन गडकरी ने बताया कि यह प्रस्तावित टनल दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम से शुरू होकर सीधे गुरुग्राम तक जाएगी। उन्होंने कहा कि दिल्ली से गुरुग्राम आने-जाने में यात्रियों का बहुत समय बर्बाद होता है, और यह टनल इसी समस्या का एक स्थायी समाधान होगी।



जम्मू में राम मंदिर बेस कैंप में अमरनाथ यात्रा के लिए पंजीकरण का इंतजार करते तीर्थयात्री।

### मलबे में दफन हुआ दंपत्ति का सपना! जमीन खरीदने के लिए रखे थे 30 लाख रुपए, बाढ़ ने सब कुछ बहा दिया..

शिमला (आरएनएस)। थुनाग बाज़ार निवासी शिक्षक मुरारी लाल ठाकुर और उनकी पत्नी रोशनी देवी का जीवन 30 जून को आई भयंकर बाढ़ ने पूरी तरह तबाह कर दिया। उन्होंने हाल ही में 20 जून को 30 लाख रुपये में एक प्लॉट का सौदा तय किया था, जिसकी रजिस्ट्री 7 जुलाई को होनी थी। इस सपने को पूरा करने के लिए उन्होंने अपनी पूरी जमापूंजी के साथ-साथ ससुराल वालों, भाई और अन्य रिश्तेदारों से बड़ी मुश्किल से उधार लेकर 30 लाख रुपये जुटाए थे। यह सारी रकम और उनके गहने एक ट्रंक में घर पर रखे हुए थे। 30 जून की रात थुनाग बाज़ार में आई विनाशकारी बाढ़ ने सब कुछ बहा दिया। मुरारी लाल का घर, बाज़ार और सबसे दुखद, वह ट्रंक भी जिसमें उनकी जीवन भर की कमाई और उधार के पैसे थे, पानी और मलबे में समा गए।

### टीम गिल की बर्मिंघम में ऐतिहासिक जीत, 336 रनों से हरा अंग्रेजों को दिया करारा जवाब, सीरीज में भारत बराबरी पर

बर्मिंघम,(आरएनएस)। शुभमन गिल की अगुवाई में भारत ने बर्मिंघम में इंग्लैंड को सीरीज के दूसरे मुकाबले में 336 रनों से हराकर ऐतिहासिक जीत दर्ज की है. यह



एजबेस्टन के मैदान पर भारत की पहली जीत है. भारत इस मैदान पर इससे पहले कभी नहीं जीता था. आकाश दीप के 6 विकटों के दम पर भारत सीरीज में 1-1 से बराबरी करने में सफल हुआ. आकाश दीप ने मैच में कुल 10 विकेट लिए. यह मैच कई मायनों में इतिहास के पन्नों में दर्ज होगा. जिस तरह से गिल ने पहली पारी में 269 रन बनाए और दूसरी पारी में 161 रनों की पारी खेली, पहली पारी में जायसवाल और रवींद्र जडेजा के अर्द्धशतक, बुमराह की गैरमौजूदगी में जिस तरह से आकाश दीप और सिराज ने पहली पारी में 10 विकेट झटके, दूसरी पारी में केएल राहुल, ऋषभ पंत, रवींद्र जडेजा के अर्द्धशतक और फिर आकाश दीप की शानदार गेंदबाजी, उसने फैंस का दिल जीत लिया।

## प्रधानमंत्री श्री मोदी ने डॉ. मुखर्जी के विचार को किया है क्रियान्वित : मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### एक देश एक विधान कार्यक्रम में वक्ताओं ने डॉ. मुखर्जी के योगदान का किया स्मरण




भोपाल (आरएनएस)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कश्मीर में धारा 370 के विरोध के साथ ही राष्ट्र हित के अनेक मुद्दों पर निरंतर कार्य किया। वे लोकतांत्रिक व्यवस्था में ऐसे सच्चे नेता थे, जिन्होंने लोकतंत्र सेनानी के रूप में कोलकाता और पश्चिम बंगाल को बचाने का कार्य भी किया। उन्होंने राष्ट्रवादी संगठन जनसंघ की स्थापना तो की ही तत्कालीन केंद्र सरकार से स्वयं को अलग करते हुए निर्दलीय रूप से निर्वाचन का निर्णय लिया। शिक्षा के क्षेत्र से सार्वजनिक क्षेत्र में प्रवेश करने के बाद ऐसी अनेक चुनौतियों का उन्होंने सामना किया जो राष्ट्रभक्त ही किया करते हैं।मुख्यमंत्री डॉ.यादव ने कहा कि डॉ.मुखर्जी ने कभी असंगत व्यवस्थाओं से समझौता नहीं किया। आज प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने पहलगाम की हिंसा का उत्तर आपरेशन सिंदूर के माध्यम से दिया। स्वतंत्रता के बाद सर्वप्रथम डॉ. मुखर्जी ने ऐसी व्यवस्थाओं का विरोध किया था जो राष्ट्र हित में नहीं थीं। उनके बलिदान को हमेशा याद रखा जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी ने डॉ. मुखर्जी के जीवन लक्ष्य को पूर्ण करते हुए कश्मीर से धारा 370 हटाने का ऐतिहासिक निर्णय लिया। इस तरह डॉ. मुखर्जी के संकल्प एक निशान, एक विधान और एक प्रधान को साकार करने का कार्य किया गया है।

### सुरक्षा बलों को मिली बड़ी सफलता, पुंछ में ध्वस्त हुआ आतंकी ठिकाना; 3 हथगोले और असॉल्ट राइफल की 14 गोलियां बरामद

पुंछ (आरएनएस)। जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में सुरक्षा बलों ने एक आतंकवादी ठिकाने का भंडाफोड़ किया है। शनिवार को अधिकारियों ने बताया कि सुरनकोट के




जंगलों में पुलिस और सेना के संयुक्त तलाशी अभियान के दौरान यह ठिकाना मिला। इस दौरान किसी भी व्यक्ति की गिरफ्तारी नहीं हुई है। सुरक्षा बलों ने ठिकाने से तीन हथगोले, एके असॉल्ट राइफल की 14 गोलियां, पिस्तौल की 6 गोलियां और अन्य सामग्री बरामद की है।जम्मू-कश्मीर पुलिस ने आतंकवादी गतिविधियों से जुड़ी अवैध कमाई से अर्जित संपत्ति को कुर्क किया है। पुलिस के अनुसार, खानयार पुलिस थाने में दर्ज एक मामले के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि श्रीनगर पुलिस ने गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत एक आवासीय संपत्ति को कुर्क किया है, जिसकी अनुमानित कीमत लगभग डेढ़ करोड़ रुपये है।

### चिराग पासवान लड़ेंगे विधानसभा चुनाव, बोले- बिहार की 243 सीटों पर उतरेगी पार्टी

छपरा,(ए)। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने रविवार को बड़ा राजनीतिक ऐलान करते हुए कहा कि वह आगामी बिहार विधानसभा चुनाव लड़ेंगे और उनकी पार्टी राज्य की 243 सीटों पर अपने उम्मीदवार मैदान में उतारेगी। केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान छपरा के राजेंद्र स्टेडियम में आयोजित 'नव संकल्प महासभा' को संबोधित कर रहे थे। यहां पर चिराग ने कहा कि बिहार के विकास और युवाओं की उम्मीदों को पूरा करने के लिए वह सीधे मैदान में उतरना चाहते हैं। उनके इस ऐलान को एनडीए में खिंचाव के रूप में देखा जा रहा है, जिससे बीजेपी और जेडीयू की रणनीति पर असर पड़ सकता है।चिराग ने कहा, कि मेरे विरोधी मेरी राह में रोड़े अटकाना चाहते हैं, लेकिन मैं बिहार के हित में चुनाव लड़ूंगा और जनता की आवाज बनूंगा।

## भारत के राफेल को 'फेल' करने के लिए चीन ने रची थी ये गहरी साजिश, फ्रांसीसी खुफिया रिपोर्ट में सनसनीखेज खुलासा



पेरिस (आरएनएस)। भारत के 'ऑपरेशन सिंदूर' के बाद चीन के एक बड़े अंतरराष्ट्रीय प्रोपेगेंडा का पर्दाफाश हुआ है। एक फ्रांसीसी खुफिया रिपोर्ट ने खुलासा किया है कि चीन ने भारत-पाक युद्ध के दौरान फ्रांस के राफेल लड़ाकू विमानों की बिक्री को कमजोर करने के लिए दुनियाभर में अपने दूतावासों का इस्तेमाल कर एक बड़ा झूठ फैलाया। चीन का मकसद राफेल की प्रतिष्ठा गिराकर अपने लड़ाकू विमानों की बिक्री बढ़ाना था।

#### कैसे फैलाया झूठ?

एसोसिएटेड प्रेस (AP) द्वारा देखी गई फ्रांसीसी खुफिया रिपोर्ट के अनुसार, चीन ने अपने विदेशी दूतावासों में तैनात रक्षा अधिकारियों का इस्तेमाल कर राफेल खरीद चुके और खरीदने के इच्छुक देशों (जैसे इंडोनेशिया) को गुमराह किया। इन देशों को बताया गया कि मई में हुए भारत-पाक संघर्ष में भारतीय राफेल विमानों को भारी नुकसान पहुंचा है, जो कि एक सफेद झूठ था।

#### पाकिस्तान के साथ मिलकर चलाया अभियान

इस अभियान में चीन ने पाकिस्तान का भी सहारा लिया। पाकिस्तान ने झूठा दावा किया कि उसने पांच भारतीय विमानों को मार गिराया, जिनमें तीन राफेल शामिल थे। रिपोर्ट के मुताबिक, इस झूठ को फैलाने के लिए चीन और पाकिस्तान ने मिलकर सोशल मीडिया पर एक संगठित डिसइंफॉर्मेशन अभियान चलाया। इसमें राफेल के मलबे की फर्जी तस्वीरें, AI-निर्मित वीडियो और यहां तक कि वीडियो गेम के दृश्यों का भी इस्तेमाल किया गया। इस दौरान 1,000 से अधिक नए सोशल मीडिया अकाउंट बनाए गए, जिनका मकसद चीनी तकनीक को श्रेष्ठ दिखाना था।

#### आरोपों पर चीन और फ्रांस की प्रतिक्रिया

इस रिपोर्ट पर प्रतिक्रिया देते हुए बीजिंग के रक्षा मंत्रालय ने इसे निराधार अफवाह और बदनामी करार दिया है। वहीं, फ्रांसीसी रक्षा मंत्रालय का कहना है कि राफेल को जानबूझकर निशाना बनाया गया क्योंकि यह सिर्फ एक विमान नहीं, बल्कि फ्रांस की रणनीतिक स्वायत्तता, औद्योगिक विश्वसनीयता और अंतरराष्ट्रीय साझेदारी का प्रतीक है।

## देवशयनी एकादशी - काशी में गंगा स्नान के लिए उमड़े श्रद्धालु, लगाई आस्था की डुबकी



वाराणसी(आरएनएस)। सनातन धर्म में विशेष महत्व रखने वाली देवशयनी एकादशी के पावन अवसर पर रविवार को काशी के गंगा घाटों पर श्रद्धालु उमड़ पड़े। श्रद्धालुओं ने सुबह दशाश्वमेध घाट सहित अन्य प्रमुख घाटों पर गंगा स्नान किया और भगवान विष्णु की विशेष पूजा-अर्चना की।

मान्यता है कि इस दिन गंगा में डुबकी लगाने से पापों का नाश होता है और पुण्य फलों में वृद्धि होती है। सुबह से ही घाटों पर स्नान और पूजन का सिलसिला शुरू हो गया। दशाश्वमेध घाट पर महिलाओं के साथ ही बच्चे और बुजुर्ग भी आस्था की डुबकी लगाते नजर आए।प्रतापगढ़ से काशी पहुंचे श्रद्धालु शिवम ने बताया, एकादशी के दिन गंगा नदी में स्नान करने से पुण्य फलों की प्राप्ति होती है। पौराणिक मान्यता है कि कई पाप और दोष खत्म हो जाते हैं। राजन कुमार ने बताया, गंगा में स्नान करने से तन-मन दोनों पवित्र हो जाते हैं और पूजा-पाठ से कई पुण्य फल मिलते हैं। हम लोग आज के दिन अन्न का त्याग कर फलाहार ही खाते हैं, व्रत रखते हैं और भोलेनाथ के साथ नारायण की पूजा करते हैं। दशाश्वमेध घाट के पुरोहित विवेकानंद पाण्डेय ने बताया, आषाढ़ मास की एकादशी है। आज के दिन व्रत-पूजन करने से कई लाभ मिलते हैं। भक्त भगवान से प्रार्थना करते हैं कि वो उनके दुख-दर्द दूर करें। हर-हर महादेव और नारायण-नारायण के जयघोष से घाटों का माहौल भक्तिमय बन गया।

### कांवड़ यात्रा और बदले नाम! इस 'खेल' पर बाबा रामदेव का बड़ा बयान, कहा- 'ये गलत है'

हरिद्वार (आरएनएस)। अगले हफ्ते से शुरू हो रही कांवड़ यात्रा से पहले ढाबों और होटलों के नाम बदलने के विवाद पर योग गुरु स्वामी रामदेव ने अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इस प्रथा को व्यावहारिक और धार्मिक रूप से गलत बताते हुए कहा कि सभी मुसलमानों के पूर्वज भी हिंदू हैं, इसलिए उन्हें नाम बदलने की कोई जरूरत नहीं है। बाबा रामदेव ने रविवार को मीडिया से बात करते हुए कहा, जैसे रामदेव को हिंदू होने पर गर्व है, वैसे ही मुस्लिम समुदाय के लोगों को अपने मुस्लिम होने पर गर्व होना चाहिए। सभी मुसलमानों के पूर्वज हिंदू ही हैं।





### सुप्रीम कोर्ट का केंद्र को पत्र, पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ से बंगला तुरंत खाली कराने को कहा

नई दिल्ली (आरएनएस)। सुप्रीम कोर्ट प्रशासन ने केंद्र सरकार को पत्र लिखकर पूर्व मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ को आवंटित सरकारी बंगला खाली कराने का अनुरोध किया है। पत्र में कहा गया है कि पूर्व सीजेआई की बंगले में रहने की अनुमति की समय सीमा समाप्त हो चुकी है।

सुप्रीम कोर्ट प्रशासन ने आवास एवं शहरी मामलों के मंत्रालय को भेजे पत्र में कहा है कि लुटियंस दिल्ली के कृष्ण मेनन मार्ग स्थित बंगला नंबर पांच को तुरंत खाली कराया जाए। यह बंगला वर्तमान में सुप्रीम कोर्ट के सिटिंग सीजेआई का आधिकारिक आवास है। पत्र के अनुसार, जस्टिस चंद्रचूड़ को इस बंगले में रहने की विस्तारित अनुमति 21 मई, 2025 को समाप्त हो गई है। इसके अतिरिक्त, 2022 के नियमों के नियम 3बी के तहत दी गई छह महीने की अवधि भी 10 मई, 2025 को खत्म हो चुकी है।

## केरल में निपाह वायरस का प्रकोप, निगरानी में 425 लोग





तिरुवनंतपुरम , (आरएनएस)। केरल में निपाह वायरस के नए मामले सामने आने के बाद स्वास्थ्य विभाग ने 425 लोगों को निगरानी में रखा है। स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज ने बताया कि सबसे ज्यादा 228 लोग मलप्पुरम जिले में, 110 पलक्कड़ में और 87 कोझिकोड में निगरानी में हैं।एक व्यक्ति का टेस्ट नेगेटिव आया है। स्वास्थ्य विभाग स्थिति पर कड़ी नजर रख रहा है और प्रभावित क्षेत्रों में निगरानी व रोकथाम के उपाय तेज कर दिए गए हैं।

मलप्पुरम में वायरस के सोर्स का पता लगाने और इसके प्रसार को रोकने के लिए व्यापक अभियान चलाया जा रहा है। मक्करापारंबा, कुरुवा, कूट्टिलंगडी और मंकदा पंचायतों के 20 वार्डों में 65 टीमों ने 1,655 घरों का दौरा किया। डॉ. एन.एन. पमेला की अगुआई में यह सर्वे हुआ, जिसमें सी.के. सुरेश कुमार, एम. शाहुल हमीद और महामारी विशेषज्ञ डॉ. किरण राज भी शामिल थे। रिपोर्ट जिला चिकित्सा अधिकारी डॉ. रेनुका को सौंपी गई। पलक्कड़ में एक व्यक्ति को आइसोलेशन में रखा गया है और 61 स्वास्थ्यकर्मी निकट संपर्क में हैं। यहां मरीजों को स्थानीय स्तर पर आइसोलेट किया जा रहा है और उनके नमूने जांच के लिए भेजे जा रहे हैं। मलप्पुरम और पलक्कड़ में पुष्ट मामलों के रूट मैप जारी किए गए हैं ताकि लोग सतर्क रहें। कोझिकोड में सभी 87 लोग स्वास्थ्यकर्मी हैं, जो मरीजों के इलाज के दौरान वायरस के संपर्क में आए। स्वास्थ्य विभाग ने एम्बुलेंस सेवाओं को तैयार रखा है। प्रभावित क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा दी गई है और निगरानी में रखे गए लोगों को सहायता दी जा रही है। चमगादड़ों को वायरस का स्रोत माना जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री की अध्यक्षता में एक उच्चस्तरीय बैठक हुई, जिसमें स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, जिला कलेक्टर, पुलिस और अन्य विभागों के प्रतिनिधि शामिल हुए।निपाह एक खतरनाक वायरस है, जो चमगादड़ों या सूअरों से इंसानों में फैलता है।

### सिर्फ 10 सेकंड और खत्म जिंदगी! फार्म हाउस की पूल पार्टी में युवक की रहस्यमयी मौत, सब देखते रह गए

कोटा (आरएनएस)। राजस्थान के कोटा में दोस्तों के संग पूल पार्टी की खुशियां उस वक्त मातम में बदल गईं, जब एक युवक की स्विमिंग पूल में स्टंट करने के दौरान जान चली गई। मृतक, 35 वर्षीय मुबारिक, अपने परिवार का इकलौता कमाने वाला सहारा था। घटना नांता इलाके के एक फार्म हाउस की है, जहां वह अपने 20-22 दोस्तों के साथ पार्टी करने गया था। पार्टी में मौजूद मुबारिक के दोस्त अमन ने बताया कि शनिवार दोपहर को सबने साथ में खाना खाया। इसके बाद मुबारिक ने स्विमिंग पूल में स्टंट करने की इच्छा जताई और अपने दोस्तों से इसका वीडियो बनाने को कहा। यह कहकर वह पूल में कूद गया। करीब 10 सेकंड तक पानी में रहने के बाद जब वह उल्टा होकर सतह पर आया, तो दोस्तों में हड़कंप मच गया। दोस्तों ने फौरन उसे पानी से बाहर निकाला और कोटा के नयापुरा स्थित एमबीएस अस्पताल लेकर भागे, लेकिन तब तक बहुत देर हो चुकी थी। डॉक्टरों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। दोस्त अमन ने आशंका जताई है कि मुबारिक को साइलेंट अटैक आया हो सकता है, हालांकि मौत की असली वजह पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही साफ हो पाएगी।









# वनवासियों के कल्याण के लिए करें सभी प्रबंध - मुख्यमंत्री डॉ. यादव

## -सरकार वनवासियों के साथ है, यह भावना जन जन तक जानी चाहिए
## -दुग्ध उत्पादन के जरिए जनजातीय भाई-बहनों की बढ़ाएं नकद आय



भोपाल (ए.)। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि स्नेह का बंधन एकतरफा नहीं होना चाहिए। राज्य सरकार हर पल वनवासियों के साथ खडी है, यह बात पूरी शिद्दत से उन तक पहुंचनी चाहिए। सभी वनवासियों को सरकार की योजनाओं से जोडें और उनके जीवन में विकास का प्रकाश लाने की दिशा में काम करें। वनवासियों के कल्याण के लिए हरसंभव प्रबंध किए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जनजातीय वर्ग के अध्ययनरत एवं रोजगार कर रहे बच्चों का सामाजिक सम्मेलन बुलाएं। इस सम्मेलन के जरिए सरकार इन बच्चों को उन तक पहुंचने वाले लाभ का फीड-बैक भी लेगी और जिन्हें जरूरत है, उन तक सरकार की योजनाएं तथा सुविधाएं भी पहुंचाई जाएंगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में प्रदेश में वन अधिकार अधिनियम और पेसा एक्ट के क्रियान्वयन के लिए गठित की गई राज्य-स्तरीय टास्क फोर्स की शीर्ष समिति तथा इसी विषय के लिए गठित कार्यकारी समिति की बैठक को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जनजातीय कार्य एवं वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को वनाधिकार के व्यक्तिगत और सामुदायिक दावों का तेजी से निराकरण कर 31 दिसंबर 2025 तक पेंडेसी जीरो करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश में पेसा एक्ट यानि पंचायत उपबंध (अनुसूचित क्षेत्रों पर विस्तार) अधिनियम, 1996 लागू है। इसमें पेसा मोबालाईजर्स के जरिए जनजातियों को उनके अधिकारों के बारे में जानकारी देकर योजनाओं से लाभान्वित भी कराया जाता है। इन सभी पेसा मोबालाईजर्स की अपने काम पर उपस्थिति और उच्च कोटि का कार्य प्रदर्शन फील्ड में दिखाई भी देना चाहिए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि पेसा मोबालाईजर्स को नियुक्त करने और संतोषजनक प्रदर्शन न करने पर इन्हें हटाने के अधिकार सरकार अब ग्राम सभाओं को देने जा रही है।इस निर्णय से एकरूपता आएगी और ग्राम सभाएं पेसा मोबालाईजर्स से अपने मुताबिक काम भी ले सकेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार वनवासियों की बेहतरी के लिए संकल्पित है। उनके सभी हितों की रक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा कि वन विभाग का मैदानी अमला यह सुनिश्चित करे कि वन भूमि पर अब कोई भी नये अतिक्रमण कदापि न होने पाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वनाधिकार अधिनियम के सुचारू क्रियान्वयन के लिए महाराष्ट्र सरकार के जलयुक्त शिविर अभियान की तरह समन्वय पर आधारित मॉडल मध्यप्रदेश में भी अपनाया जाए। उन्होंने कहा कि दूसरे राज्यों द्वारा इस अधिनियम के अमल के लिए की जा रही कार्यवाही के सभी पहलुओं का अध्ययन कर लें और जो सबसे उपयुक्त है उसी मॉडल पर आगे बढें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के सभी विधानसभा क्षेत्रों के विकास के लिए विधायकों द्वारा विजन डॉक्यूमेंट बनाया गया है।

# डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयन्ती पर श्रद्धा-सुमन किए अर्पित



भोपाल(आरएनएस)। डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयन्ती पर मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव ने 07 नंबर स्टॉप भाजपा प्रदेश कार्यालय के समीप स्थित डॉ.मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए।श्रद्धा-सुमन अर्पित करने वालों में खेल एवं युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग, सांसदद्वय वी.डी.शर्मा, व आलोक शर्मा, विधायक रामेश्वर शर्मा व भगवानदास सबनानी, महापौर मालती राय, महापौर परिषद के सदस्य एवं भाजपा जिला अध्यक्ष रविन्द्र यति, महापौर परिषद के सदस्य मनोज राठौर, पूर्व केन्द्रीय मंत्री सुरेश पचौरी, पूर्व सांसद आलोक संजर के अलावा राहुल कोठारी, इन्द्रजीत सिंह सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि व गणमान्य नागरिक मौजूद थे। इससे पहले विधायक एवं भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमन्त खण्डेलवाल ने भाजपा प्रदेश कार्यालय परिसर में विधायक भगवानदास सबनानी एवं महापौर मालती राय की उपस्थिति में डॉ.श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा-सुमन अर्पित किए।

# प्लेटफॉर्म पर कार, स्कूटी दौड़ाने वाले गिरफ्तार, दोनो के वाहन जप्त




भोपाल(ए)। भोपाल रेलवे स्टेशन पर प्लेटफॉर्म-6 की तरफ चार पहिया और प्लेटफॉर्म-4 पर तेज रफ्तार से स्कूटी दौड़ाने के मामले में रेल सुरक्षा बल ने कार्यवाही करते हुए वाहन लेकर घुसने वाले दोनों युवकों को उनके वाहनों सहित गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार यह घटना शनिवार सुबह की है, जिसका मुसाफिरो ने मोबाइल से वीडियो बनाया था। बाद में यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया और रेल मदद पोर्टल और ट्विटर तक पहुंचा, जिसके बाद आाला अफसरो के निर्देश पर आरपीएफ ने एक्शन में आते हुए जांच शुरू की। प्लेटफॉर्म-6 पर कार लेकर पहुंचे युवक की पहचान भोपाल निवासी रवि कुमार वाधवानी के रूप में हुई। वह अपनी कार से परिचित को छोड़ने आया था। वहीं दो पहिया वाहन दौड़ाने वाले दूसरे आरोपी की पहचान भी राजधानी में ही रहने वाले मोहम्मद आदिल पिता पुत्र वकील अहमद के रुप में हुई। आदिल ने बताया की वह अपनी स्कूटी प्लेटफॉर्म-4 पर एक ऐसे यात्री को छोड़ने आया था, जिसके दोनों पैर टूटे थे। रेल सुरक्षा बल ने दोनों आरोपियों के खिलाफ रेल अधिनियम की धारा 147 (अनधिकृत प्रवेश) और 154 (खतरनाक कार्य) के तहत प्रकरण दर्ज कर दोनों वाहन जब्त कर लिए हैं।

# जनता में पुलिस की कार्यशैली जानने थानों के बाहर लगाये जा रहे क्यूआर कोड

## - आमजन कोड को स्कैन कर दे सकेंगे फीडबैक

भोपाल(ए)। राजधानी भोपाल पुलिस की कार्यशैली से आमजन कितना संतुष्ट है, इसकी जानकारी जुटाने के लिये पहली बार थानों के बाहर क्यूआर कोड लगाए जा रहे हैं। लोग इन कोड को स्कैन कर फीडबैक के रुप में अपनी बात बता सकेगें। यह फीडबैक प्रत्येक डीसीपी ऑफिस में पहुंचेगा। इसके लिए मैकेनिज्म तैयार कर लिया गया है। क्यूआर कोड स्कैन करते ही एक फॉर्मेट ओपन होगा जिसे भरकर फीडबैक दिया जा सकेगा। इसके लिए अलग से टीम बनाई गई है। क्यूआर कोड वाला प्रयोग पहली बार राजधानी में लागू हो रहा है। इसकी शुरुआती अगले महीने होगी। इसके माध्यम से थाने पहुचे फरियादियो से उनके साथ किये गये पुलिस व्यवहार, उनकी शिकायत पर ध्यान देने सहित यह भी जाना जायेगा की उन्हें थाने में शिकायत करने कोई परेशानी हुई या नहीं, वह थाना पुलिस के व्यवहार से संतुष्ट हैं, और पुलिस की कार्यप्रणाली को लेकर उनके कुछ सुझाव हैं। गर कोई व्यक्ति पुलिस की कार्रवाई से संतुष्ट नहीं है, तो उससे संपर्क कर उसकी शिकायत दूर करने का प्रयास किया जाएगा। आने वाले फीडबैक की समीक्षा जोनवार की जाएगी। शहर को 4 जोन में बांटा गया है। एक सीनियर अधिकारी जोनवार इन फीडबैक की समीक्षा करेंगे।

# प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल एवं केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उइके ने बैतूल जिला कार्यालय में आयोजित स्वागत समारोह को किया संबोधित

## - भाजपा कार्यकर्ता मेरा जीवन व प्राण, उनके सम्मान में कभी कमी नहीं आने दूंगा

बैतूल/भोपाल (ए.)। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल एवं केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उइके ने रविवार को बैतूल जिला भाजपा कार्यालय में आयोजित स्वागत समारोह को संबोधित किया। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल के बैतूल में जगह-जगह पुष्पवर्षा कर भव्य स्वागत किया। कार्यकर्ताओं ने प्रथम नगर आगमन पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री खण्डेलवाल का तुलादान कर स्वागत किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता मेरा जीवन व प्राण है। उनके सम्मान में कभी कमी नहीं आने दूंगा। पार्टी कार्यकर्ताओं और जनता ने जो प्यार, स्नेह दिया उसका कर्ज जीवन भर नहीं उतार पाऊंगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत दुनिया का सिरमौर बनेगा। कार्यक्रम को केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उइके ने भी संबोधित किया।

संगठन को और मजबूत बनाने की जिम्मेदारी हम सभी कार्यकर्ताओं की- हेमंत खण्डेलवाल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि एक सप्ताह में दो घटनाएं मेरे जीवन में घटित हुईं, जिसमें पहली मुझ जैसे सामान्य कार्यकर्ता को पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व और प्रदेश नेतृत्व ने प्रदेश अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा, दूसरी घटना आज आप सभी कार्यकर्ताओं का जगह-जगह प्रेम, स्नेह




और आशीर्वाद मिला। इन दोनों घटनाओं को मैं कभी नहीं भूल पाऊंगा। पार्टी नेतृत्व ने आप सभी कार्यकर्ताओं की अथक मेहनत व परिश्रम से ही प्रदेश अध्यक्ष पद का दायित्व सौंपा। आप सभी कार्यकर्ताओं की बदौलत बैतूल का नाम आज देशभर में रोशन हुआ है। उन्होंने कहा कि आप कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी अब और बढ गई है, क्योंकि मैं प्रदेशभर में संगठन के कार्यों को आगे बढाने में लगा रहूंगा। बैतूल में भाजपा के कमल की चमक को और आगे ले जाने की जिम्मेदारी आप सभी कार्यकर्ताओं की है। हम सभी कार्यकर्ता पार्टी संगठन को और आगे ले जाने का कार्य करना है।

कार्यकर्ताओं के लिए मैं दिन-रात खडा रहूंगा, आप सरकार के कायों को जन-जन तक पहुंचाएं

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खण्डेलवाल ने कहा कि भाजपा राजनीतिक दल के साथ एक परिवार है। पार्टी कार्यकर्ता परिवार के सदस्य हैं। पार्टी संगठन मजबूत हो, हर कार्यकर्ता को सम्मान महसूस हो, इसका मैं पूरा प्रयास करूंगा। पार्टी कार्यकर्ताओं के लिए मैं दिन-रात खडा रहूंगा। पार्टी कार्यकर्ताओं के प्रति मेरी असीम श्रद्धा व लगाव है, जिसमें मैं कभी कमी नहीं होने दूंगा। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भारत बहुत तेजी से आगे बढ रहा है। प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में केंद्र और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मध्यप्रदेश की भाजपा सरकार कई जनकल्याणकारी और जनहितैषी योजनाएं चला रही हैं, जो लोगों के जीवन में बदलाव लाने कार्य कर रही हैं। लोगों के जीवन में बदलाव लाने सभी कार्यकर्ता गांव-गांव जाएं और जन-जन तक भाजपा सरकारों की कल्याणकारी योजनाओं को बताएं और उनका लाभ दिलाने का प्रयास करें। जनता को जनहितैषी योजनाओं का लाभ मिले, तभी प्रदेश और देश का विकास होगा और भारत विश्व गुरू बनेगा। आप सभी कार्यकर्ताओं के अपार स्नेह से मैं अभिभूत हूं। आप सभी का हृदय से आभार। केंद्रीय मंत्री दुर्गादास उइके ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि बैतूल की पावन पवित्र भूमि से विधायक हेमंत खंडेलवाल को मध्यप्रदेश भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष के रूप में सेवा का अवसर मिला है, यह हम सभी के लिए गर्व और गौरव का अवसर है।

# कॉलेज छात्रा का मोबाइल झपटकर ले भागा बाइक सवार

भोपाल(ए.)। नये शहर के हबीबगंज थाना इलाके में शिवाजी नगर स्थित पांच नंबर वॉइन शॉप के पास अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने कॉलेज छात्रा को अपना निशाना बनाते हुए उसके हाथ से मोबाइल झपटकर फरार हो गए। वारदात के समय छात्रा रेपीडो बाइक से घर लौटते समय रास्ते में अपने मोबाइल पर लोकेशन देख रही थी।

थाना पुलिस के अनुसार इलाके में रहने वाली पलक नागर पुत्री कामता प्रसाद (21) ने लिखित शिकायती आवेदन देते हुए बताया की वह बीबीए सेकेंड इयर की छात्रा है। बीते दिन वह रेपिडो बाइक से वापस घर आ रही थी। रास्तें में उसने अपना मोबाइल निकाल कर लोकेशन देख रही थी। उसी समय 5 नंबर स्टाप स्थित वॉइन शॉप के पास पीछे से आए बाइक सवार दो बदमाशों ने तेजी से झपट्टा मारकर उसके हाथ से मोबाइल लेकर भाग गए। बाद में थाने पहुंची छात्रा की शिकायत पर जांच के बाद पुलिस ने अज्ञात बाइक सवार दो बदमाशों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरु कर दी है।

# ब्रिज के वॉटर चैंबर में मिले नवजात के शव का मामला

## - आरोपी की तलाश के लिये सीसीटीवी और हॉस्पिटल का रिकार्ड खंगाल रही पुलिस

भोपाल(ए)। पुराने शहर के कोहेफिजा थाना के पास ही बने रॉयल मार्केट ओवरब्रिज पर चेंबर की सफाई के दौरान एक नवजात का शव मिलने के सनसनीखेज मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मामला कायम कर उसकी तलाश शुरु कर दी है। जानकारी के अनुसार शनिवार को नगर निगम के सफाईकर्मी गौरव ने चैंबर में नवजात के शव को देख तत्काल ही इसकी सूचना पुलिस को दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर उसे पीएम के लिए भेज दिया। जॉच टीम का कहना है की अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे यहॉ फैकंने वालो की पहचान जुटाने के लिये जहॉ सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे है, वहीं ब्रिज के आसपास सहित शॉजहॉबाद में स्थित अस्पतालो में दर्ज प्रसुताओ का रिकार्ड भी खंगाला जा रहा है। वहीं पीएम रिर्पोट आने पर ही नवजात की मौत का कारण साफ हो सकेगा, आरोपियो के पकड़ में आने के बाद ही उसे किसने और क्यों फेंका, इसका खुलासा हो सकेगा।

# अयोध्या नगर जैन मंदिर में सिद्ध चक्र महामंडल विधान एवं विश्वशांति महायज्ञ का विशेष आयोजन

*विश्वशांति, देशउत्थान, समाज कल्याण, खुशहाली, धर्मवृद्धि एवं प्राणी मात्र कल्याण के लिए सिद्ध भगवंतों की आराधना कर समर्पित किये जा रहें है विशेष अर्घ्य आयोध्या नगर जैन मंदिर में विश्वशांति हेतु गुंजायमान हुआ जियो और जीने दो का नारा*



भोपाल (ए)। अयोध्या नगर में इन दिनों धर्म की गंगा बह रही है। भारत की संस्कृति में सर्वोत्तम बताये गए सिद्ध भगवंतों की पूजा अर्चना हेतु विशेष अनुष्ठान सिद्धचक्र महामंडल विधान एवं विश्वशांति महायज्ञ अयोध्या नगर जैन मंदिर में चल रहा है। आज जैन समाज द्वारा विशेष भक्तिमय अर्घ्य समर्पित किये। गौरतलब है कि अष्टानिका महापर्व में यह आठ दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान 3 से 10 जुलाई तक चलेगा।

विश्वशांति, देशउत्थान, समाज खुशहाली, धर्मवृद्धि एवं प्राणी मात्र के कल्याण की भावना लिए आज सिद्ध भगवंतों को विशेष 64 ऋद्धियों के अर्घ्य समर्पित किये गए। इसके साथ साथ आयोध्या नगर जैन मंदिर में विश्वशांति हेतु जियो और जीने दो का नारा गुंजायमान हुआ।भारतीय संस्कृति में ऐसा माना जाता है कि अष्टानिका पर्व में किये गए पुण्य या पाप का फल कई गुना अधिक मिलता है। जैन समाज इस बात को ध्यान में रखते हुए अष्टानिका पर्व में विशेष पूजा अर्चना करता है। उक्त अनुक्रम में अयोध्या नगर जैन मंदिर में सिद्ध चक्र महामंडल विधान एवं विश्वशांति महायज्ञ का आयोजन किया जा रहा है। विधान में शामिल श्रद्धालु उत्साह एवं भक्ति के साथ सिद्ध परमात्माओं को विशेष अर्घ्य एवं श्रीफल अर्पित कर रहें हैं। श्रद्धालु भक्ति के आनंद में सरोवर है एवं इस विशेष अवसर का अधिक से अधिक लाभ प्राप्त करने की भावना से ओत-प्रोत हैं। विधानचार्य वाणी भूषण पं. कमल हाथीशाह जी के निर्देशन में विधान सम्पन्न हो रहा है। अनिल-सुनीता जैन परिवार को सौधर्म इंद्र बनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। डीएल जैन-कल्पना जैन मैनासुन्दरी-श्रीपाल राजा के रूप में मुख्यपात्र की भूमिका में हैं। इसके साथ ही अन्य मुख्य पात्र एवं इंद्र-इन्द्राणीयों के रूप में आठ दिवसीय भक्ति की गंगा में डुबकी लगा रहे हैं।आज मीडिया के विशेष कवरेज में पं. कमल हाथीशाह द्वारा निम्न प्रश्नों को स्पष्ट किया- जैनों में अष्टानिका पर्व क्या होते है अष्टानिका पर्व में जैन समाज विशेष पूजा आराधना क्यों करते हैं भगवान का स्वरूप क्या है एवं आम व्यक्ति भगवान कैसे बन सकता है इस विधान से भारत देश को क्या क्या लाभ होते है एवं विश्वशांति में क्या भूमिका है? वहीं मंदिर समिति के अध्यक्ष मनोज जैन द्वारा आयोध्या नगर जैन मंदिर के बारे में बताया तथा आगामी योजनाओं के बारे में चर्चा करते हुए ऑनलाइन डोनेशन हेतु क्यू आर कोड से अवगत कराया।सौधर्म इंद्र परिवार तथा मैनासुन्दरी परिवार द्वारा अपने-अपने पात्र भूमिका एवं भगवान से विश्वशांति, देशउत्थान, समाज खुशहाली, धर्मवृद्धि एवं प्राणी मात्र के कल्याण की प्रार्थना की गयी।

# एक्शन मोड में पीएचक्यू, 48 दागी पुलिसकर्मी एक साथ लाइन अटैच




भोपाल(ए)। पुलिस विभाग ने बड़ा आदेश जारी करते हुए भोपाल पुलिस के मैदान में तैनात 48 दागी पुलिसकर्मियों को एक साथ लाइन अटैच किया है। यहां डीजीपी कैलाश मकवाना के सख्त तेवर के बाद पुलिस विभाग में अनुशासन को लेकर बड़ी कार्रवाई देखने को मिली है। यह कार्रवाई लाइन अटैच किये गये पुलिसकर्मियो पर लगे आपराधिक या विभागीय आरोपों की जांच लंबित होने के बाद की गई है। यह फैसला नए गाइडलाइंस के तहत लिया गया है। कार्रवाई का उद्देश्य पुलिस कार्यप्रणाली में निष्पक्षता और पारदर्शिता लाना है। गौरतलब है कि मध्य पुलिस के मुखिया डीजीपी कैलाश मकवाना ने आला अफसरो के साथ आयोजित बैठक में स्पष्ट किया था कि पुलिस की छवि धूमिल करने वाले किसी भी कर्मचारी या अधिकारी को बख्शा नहीं जाएगा। इस निर्देश के बाद भोपाल पुलिस ने त्वरित और निर्णायक कार्रवाई करते हुए पहली सूची में विभिन्न थाना क्षेत्रों में पदस्थ 48 पुलिसकर्मियों को लाइन-अटैच कर दिया। वहीं यह भी साफ है की पुलिस विभाग के दागियो के खिलाफ की गई यह कार्रवाई यहीं खत्म नहीं होगी। दागी पुलिसकर्मियों की अगली लिस्ट तैयार की जा रही है, और वह भी जल्द जारी होगी, जिसमें उन पुलिसकर्मियो के नाम हो सकते हैं, जिनके खिलाफ जांच चल रही है।

# जीतू पटवारी पर एफआईआर, अशोक नगर में सामूहिक गिरफ्तारी देगी कांग्रेस

भोपाल(आरएनएस)। मध्यप्रदेश के अशोक नगर में 8 जुलाई को कांग्रेस का बड़ा प्रदर्शन आयोजित किया गया है। इस दिन प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी पर की गई एफ्आइआर के विरोध में कांग्रेस ने सामूहिक गिरफ्तारी देने का ऐलान किया है जिसमें पूरे राज्य से कार्यकर्ता शामिल होंगे। एमपी कांग्रेस के प्रदेश मीडिया प्रभारी मुकेश नायक ने आरोप लगाया है कि कांग्रेसियों को रोकने के लिए प्रशासन दमनात्मक उपाय कर रहा है। उन्हें होटलों में नहीं रुकने दिया जा रहा। मुकेश नायक ने आरोप लगाया कि कांग्रेस के प्रस्तावित प्रदर्शन से प्रशासन और सरकार इतनी घबरा गई है कि अशोकनगर में 1000 अतिरिक्त पुलिसकर्मियों को तैनात किया जा रहा है।प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी के खिलाफ हुई एफ्आईआर के विरोध में अशोक नगर थाने में कांग्रेसियों की सामूहिक गिरफ्तारी के संबंध में रविवार को प्रदेश कांग्रेस ने प्रेस कॉन्फ्रेंस बुलाई। उन्होंने कहा कि प्रशासन ने जिस अधिनियम के तहत यह आदेश जारी किया है, वह किसी संकटकालीन स्थिति में लागू होता है। लेकिन कांग्रेस कार्यकर्ता तो खुद पुलिस का सहयोग कर रहे हैं और गिरफ्तारी देने को तैयार हैं।दरअसल अशोकनगर जिले के निवासी गजराज लोधी ने भाजपा के एक कार्यकर्ता पर मारपीट करने और मल खिलाने का आरोप लगाया था। जब 25 जून को जीतू पटवारी ओरछा दौरे पर थे, तब युवक ने उनसे मिलकर गांव में हुई मारपीट की शिकायत की थी। लेकिन बाद में युवक ने जीतू पटवारी पर उसे बहकाकर शिकायत करवाने का आरोप लगाया था। इसके बाद पुलिस ने जीतू पटवारी पर एफ्आईआर की। इसी के चलते पूर्व मंत्री जयवर्धन सिंह ने कहा था कि 7 जुलाई तक एफ्आईआर वापस नहीं ली जाती है, तो 8 जुलाई को पूरी कांग्रेस अशोकनगर थाने जाकर गिरफ्तारी देगी।मुकेश नायक ने कहा कि युवक के कई वीडियो पब्लिक डोमेन पर मौजूद है, जिसमें वो न्याय की गुहार लगा रहा है।

# दंडवत लेटकर 24 दिन से बसौरा से नौगॉव सीमा में पहुंचे

नौगांव छतरपुर (आरएनएस)। कौन कहता है कि सनातन धर्म जीवित नहीं है जिनके मन में ईश्वर के प्रति श्रद्धा विश्वास भक्ति है कठिन से कठिन काम सरल हो जाते हैं । इंटर का छात्र श्री सुनील अहिरवार ग्राम बसौरा जनपद महोबा उत्तर प्रदेश 24 दिन से यात्रा करके नौगांव के निकट पहुंच चुके हैं उनकी यात्रा है तीन माह से ज्यादा समय की है । उन्होंने गूगल से सर्च करके यह घर से मां वैष्णो देवी धार्मिक क्षेत्र का 1500 किलोमीटर की यात्रा का संकल्प लिया है उसे पूरा करने के लिए वह अपने संकल्प के साथ निकल पड़े हैं।

बुंदेलखंड क्षेत्र के समाजसेवी संतोष गंगेले कर्मयोगी ने रास्ते में उनसे संवाद करते हुए उनके लक्ष्य को पूछा तो उन्होंने बताया कि वह मां वैष्णो देवी के परम भक्त हैं उनकी मनोकामना पूर्ण हो जाने पर वह दंडवत यात्रा कर रहे हैं । भैया सुनील अहिरवार जी का कहना है कि वह सनातन धर्म बढ़ाने के लिए तथा समाज में एकता समाजिक समरसता माता-पिता का आधार गुरु का सम्मान करने के लिए वह जन जागरण करते हुए लेट कर अपने गृह ग्राम बसौरा जनपद महोबा से मां वैष्णो देवी तक यात्रा करेंगे उनकी यात्रा में हर सनातन समाज के लोगों का समर्थन कर रहे हैं।

# बाफना पार्क से ट्रैक्टर ट्रॉली चुराने वाले पकड़ाए

## आरोपियों से 10 लाख कीमत की ट्रैक्टर-ट्रॉली बरामद, प्रकरण दर्ज

उज्जैन,(आरएनएस)। बाफ्ना पार्क से ट्रैक्टर-ट्रॉली चुराने वाले दो चोरों को चिमनगंज मंडी ने गिरफ्तार किया है। उनके निशानदेही पर 10 लाख रुपए कीमत का ट्रैक्टर-ट्रॉली बरामद किया है। पकड़ाए दोनों आरोपियों में से एक पर महिदपुर थाने में भी प्रकरण दर्ज है।

शनिवार को पुलिस ने खुलासा करते हुए बताया कि 30 जून को फरियादी महेश पिता रामसिंह परमार निवासी कालूखेड़ा ने थाने में रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि बाफ्ना पार्क में खड़ी उसकी ट्रैक्टर-ट्रॉली कोई चुरा ले गया है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू की। इसके बाद टीम गठित की गई जिसने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले और अपने मुखबिर तंत्र को एक्टिव किया।

इस दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने मेहरबान पिता रतनलाल दडिंग (35) निवासी बारापत्थर मेला ग्राउंड हालमुकाम गांधीनगर, विक्रमनगर रेलवे स्टेशन के पास और बबलू पिता जुझारलाल केवट (36) निवासी ग्राम पर्वतखेड़ा थाना महिदपुर हालमुकाम गायत्रीनगर को हिरासत में लेकर पूछताछ की तो दोनों ने ट्रैक्टर-ट्रॉली चुराना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने उनकी निशानदेही पर ट्रैक्टर-ट्रॉली को बरामद कर लिया। जांच में पता चला कि आरोपी बबूल केवट के खिलाफ महिदपुर थाने में भी पूर्व से आपराधिक प्रकरण दर्ज है।

# मानसून सीजन में पहली बार जबलपुर में खोले गए बरगी बांध के नौ गेट

## नर्मदा नदी का जलस्तर 4-5 फीट तक बढ़ सकता है, लोगों को अलर्ट किया गया



जबलपुर(आरएनएस)। लगातार हो रही बारिश से नदी, तालाब भी छलकने के लिए मचलने लगे हैं। रानी अवंति बाई लोधी सागर परियोजना बरगी बांध का जलस्तर लगातार बढ़ रहा है। लिहाजा जलस्तर नियंत्रित रखने के लिए नौ गेट खोल दिए गए। मानसून सीजन में पहली बार बांध के 21 में से 9 स्पिल-वे गेट औसतन 1.33 मीटर की ऊंचाई तक खोले गए है। इनमें से 52 हजार 195 क्यूसेक (घनफुट पानी प्रति सेकंड) पानी छोड़ा जा रहा है।कार्यपालन यंत्री बरगी बांध राजेश सिंह गौंड के अनुसार खोले गए नौ गेट में से गेट नंबर 10, 11 और 12 को दो-दो मीटर, गेट नम्बर नौ और 13को डेढ़-डेढ़ मीटर, गेट नंबर आठ और 14 को एक-एक मीटर तथा गेट नंबर सात और 15 को आधा-आधा मीटर की ऊंचाई तक खोला गया है। उन्होंने बताया कि बांध में आवक को देखते हुए कभी भी इससे पानी निकासी की मात्रा घटाई या बढ़ाई जा सकती है।कार्यपालन यंत्री बरगी बांध के मुताबिक रविवार को दोपहर ग्यारह बजे बांध का जल स्तर 417.40 मीटर रिकार्ड किया गया था और इस समय इसमें लगभग 98 हजार 741 क्युसेक पानी प्रवेश कर रहा था। बरगी बांध का पूर्ण जल भराव स्तर 422.76 मीटर है और ऑपरेशनल मैन्युल के अनुसार 31 जुलाई तक इसका जलस्तर 417.50 मीटर रखा जाना प्रस्तावित है।

फिलहाल बांध के निचले क्षेत्र के निवासियों से नर्मदा तट से सुरक्षित दूरी बनाए रखने तथा डूब क्षेत्र में प्रवेश न करने की अपील करते हुए बताया कि बांध से पानी छोड़ने से नर्मदा नदी का जलस्तर चार से पांच फुट तक बढ़ सकता है। अगले तीन घंटे में बरगी बांध का पानी गौरीघाट, तिलवारा घाट तक पहुंच सकता है।

# रतलाम कोर्ट का फैसला : सौतेली मां के हत्यारे बेटे को आजीवन कारावास, 22 माह पुराना बहुचर्चित मामला

रतलाम,(आरएनएस)। 22 माह पुराने सौतेले मां की हत्या करने वाले बेटे को रतलाम कोर्ट ने आजीवन कारावास की सजा दी है। हत्या का कोई चश्मदीद गवाह नहीं था, लेकिन कोर्ट ने परिस्थितिजन्य साक्ष्य के आधार पर सजा सुनाई है। कोर्ट ने माना है कि मृतका मंजू कौशल (55) और आरोपी बेटा निखिलेश कौशल एक ही मकान में रहते थे। घटना के समय मकान में दोनों ही थे। मृतका के गले पर निशान थे, दम घुटने से मौत हुई थी। मृतका की अन्य किसी से रंजिश नहीं थी। घर में विवाद होता था। सौतेली मां की मौत के बारे में आरोपी निखिलेश ने कोई स्पष्टीकरण नहीं दिया, इससे साफ है कि आरोपी निखिलेश ही दोषी है। यह फैसला सप्तम अपर सत्र न्यायाधीश राजेश नामदेव ने दिया है। इस पर एक हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है।



पीएंडटी कॉलोनी निवासी मंजू (55) पति योगेंद्र कौशल की 16 अगस्त 2023 को मौत हो गई थी। मंजू का सौतेला बेटा निखिलेश उसी मकान में साथ में रहता था। उसने सुबह 6.30 बजे पड़ोसी को उठाया और बताया कि मम्मी किचन में गिर गई है। फिर जिला अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। मृतका मंजू के गले पर नाखून के निशान होने पर डॉक्टर ने पुलिस को सूचना दी। औद्योगिक क्षेत्र थाना पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मामला जांच में लिया। पुलिस ने मृतका की बेटी निकिता वर्मा आदि के बयान लिए। सभी ने यही बताया कि मृतका मंजू व निखिलेश एक ही घर में रहते थे। साथ ही निखिलेश अपनी पत्नी के मायके चले जाने को लेकर सौतेली मां मंजू से झगड़ा करता था। सभी ने निखिलेश पर हत्या करने की आशंका भी जताई।

# खजराना गणेश मंदिर मार्ग का कायाकल्प, सर्विस रोड 10 दिन में होगा पूरा



इन्दौर, (आरएनएस)। निगमायुक्त शिवम वर्मा ने रविवार सुबह खजराना चौराहे पर निर्माणाधीन सर्विस रोड का निरीक्षण किया। उन्होंने आगामी गणेश चतुर्थी महोत्सव से पहले, खजराना चौराहे से खजराना गणेश मंदिर तक के मार्ग पर सर्विस रोड का काम 10 दिनों के भीतर पूरा करने के निर्देश दिए हैं।

निरीक्षण के दौरान उनके साथ पार्षद पुष्पेंद्र पाटीदार, अपर आयुक्त रोहित सिसोनिया और अभय राजनगांवकर, अधीक्षण यंत्री डी.आर. लोधी, क्षेत्रीय जोनल अधिकारी मोहित मिश्रा, उपयंत्री केतन लोट सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे। आयुक्त वर्मा ने विशेष रूप से लेफ्ट टर्न सर्विस रोड पर नागरिकों की सुरक्षा के व्यापक इंतजाम सुनिश्चित करने पर भी ज़ोर दिया।

उन्होंने कहा कि इस सर्विस रोड के पूरा होने से खजराना चौराहे पर जल जमाव की समस्या खत्म होगी और यातायात भी सुगम होगा।

# भाजपा नेता का लापता हुआ परिवार साले के घर सलामत सुर्खियों में था केस, एसपी ने किया पटाक्षेप

उज्जैन, (आरएनएस)। भाजपा नेता दीपक शर्मा के लापता परिवार को पुलिस को तलाश लिया है। वह उसके साले के यहां सलामत है। पारिवारिक विवाद ने तूल पकडने् के बाद यह हालात पैदा किए कि दीपक को पांच दिन तक परेशान होना पड़ा। चिमनगंज मंडी पुलिस ने कल ही दावा कर दिया था कि परिवार का पता लगा लिया गया है। वह सुरक्षित है। शनिवार की दोपहर तक खुलासा कर दिया जाएगा।सोशल मीडिया से परिवार के लापता होने का मामला पिछले चार दिन से सुर्खियां बटोर रहा था। दीपक ने कैमरे के सामने अपनी बात रखी थी। इसमें उन्होंने किसी को भी नहीं बख्शा। भाजपा से लेकर पुलिस प्रशासन तक की खिंचाई की थी। उनका कहना था कि वे गोपाल मंदिर दर्शन करने गए थे।

# नगरीय क्षेत्र के विकास कार्यों के लिये बनाया जायेगा समन्वित प्लान नगरीय प्रशासन के दल ने कलेक्टर एवं नगर निगम आयुक्त के साथ की बैठक

ग्वालियर,(आरएनएस)। नगरीय क्षेत्र में विकास कार्यों के क्रियान्वयन के लिये नगरीय प्रशासन विभाग द्वारा प्रत्येक नगर निगम का समन्वित विकास प्लान तैयार किया जा रहा है। इस प्लान में सड़क निर्माण, पेयजल वितरण व्यवस्था, उद्यानों का विकास के साथ-साथ अन्य विकास कार्यों को भी शामिल किया जायेगा। कलेक्टर श्रीमती रुचिका चौहान की उपस्थिति में नगरीय प्रशासन विभाग के प्रमुख अभियंता श्री प्रदीप एस मिश्रा एवं राष्ट्रीय राजमार्ग अथॉरिटी के सेवानिवृत अधिकारी श्री आई के पांडे ने रविवार को बाल भवन के सभागार में नगरीय प्रशासन विभाग की एक दिवसीय कार्यशाला में यह बात कही। बैठक में नगर निगम आयुक्त श्री संघ प्रिय सहित नगर निगम के सभी इंजीनियर एवं क्षेत्राधिकारी उपस्थित थे।



## व्यापार समाचार

# भारतीय अर्थव्यवस्था की सुपरफास्ट रफ्तार, रिकॉर्डतोड़ निर्यात और 6.5 प्रतिशत जीडीपी ग्रोथ के साथ दुनिया में सबसे आगे




नई दिल्ली,(आरएनएस)। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती और आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ रही है, और दुनिया में सबसे तेजी से प्रगति करने वाली प्रमुख अर्थव्यवस्था के रूप में अपनी जगह बना चुकी है। वित्त वर्ष 2024-25 में 6.5% की शानदार जीडीपी बढ़ोतरी , रिकॉर्ड तोड़ निर्यात और नियंत्रण में आई मुद्रास्फीति ने भारत की आर्थिक कहानी को और भी मजबूत किया है। आरबीआई गवर्नर संजय मल्होत्रा के अनुसार, इस वैश्विक परिवेश में, भारतीय अर्थव्यवस्था वैश्विक प्रगति का एक प्रमुख चालक बनी हुई है। मजबूत घरेलू विकास कारकों, बेहतर मैक्रोइकोनॉमिक मूलतत्त्व और सूझबूझ भरी नीतियों के चलते विकास की गति में उछाल आ रहा है।

### विकास की मजबूत रफ्तार

वित्त वर्ष 2024-25 में भारत की वास्तविक जीडीपी 6.5 प्रतिशत की दर से बढ़ी, जो दुनिया की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में सर्वाधिक है। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) को उम्मीद है कि विकास की यह गति 2025-26 में भी जारी रहेगी। यह प्रभावशाली प्रदर्शन मजबूत घरेलू मांग, बढ़ते निजी निवेश और इंफ्रास्ट्रक्चर में उच्च सार्वजनिक निवेश के कारण संभव हुआ है। पिछले एक दशक में भारत की अर्थव्यवस्था का आकार लगभग तीन गुना हो गया है, जो 2014-15 में 106.57 लाख करोड़ रुपये से बढ़कर 2024-25 में 331.03 लाख करोड़ रुपये होने की उम्मीद है।

### महंगाई पर बड़ी राहत

अर्थव्यवस्था के लिए एक और बड़ी सकारात्मक खबर मुद्रास्फीति के मोर्चे पर है। मई 2025 में उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित मुद्रास्फीति दर घटकर 2.82 प्रतिशत पर आ गई, जो फरवरी 2019 के बाद का सबसे निचला स्तर है। इससे भी बड़ी राहत खाद्य वस्तुओं की कीमतों में देखने को मिली, जहां उपभोक्ता खाद्य मूल्य सूचकांक (सीएफपीआई) मात्र 0.99 प्रतिशत दर्ज किया गया , जो अक्टूबर 2021 के बाद की सबसे कम खाद्य मुद्रास्फीति है।

### विदेशी मोर्चे पर भी शानदार प्रदर्शन

भारत का बाहरी क्षेत्र अर्थव्यवस्था को एक मजबूत सहारा दे रहा है।

रिकॉर्ड निर्यात: 2024-25 में भारत का कुल निर्यात 824.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर के नए शिखर पर पहुंच गया। यह एक दशक पहले 2013-14 के 466.22 बिलियन अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 77 प्रतिशत की वृद्धि दर्शाता है। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI): भारत वैश्विक निवेशकों के लिए एक शीर्ष विकल्प बना हुआ है। वित्त वर्ष 2024-25 में एफडीआई प्रवाह 14 प्रतिशत बढ़कर 81.04 बिलियन अमेरिकी डॉलर हो गया। यह 2013-14 में मिले 36.05 बिलियन अमेरिकी डॉलर के दोगुने से भी अधिक है। विदेशी मुद्रा भंडार- भारत का विदेशी मुद्रा भंडार 20 जून, 2025 तक 697.9 बिलियन अमेरिकी डॉलर के विशाल स्तर पर था। यह 11 महीने से अधिक के आयात के लिए पर्याप्त है, जो वैश्विक झटकों के खिलाफ एक सुरक्षा कवच प्रदान करता है।

### बाजार में बढ़ता भरोसा

भारतीय पूंजी बाजार में निवेशकों का भरोसा उच्चतम स्तर पर है। देश में खुदरा निवेशकों की संख्या 2019 में 4.9 करोड़ से 2.7 गुना बढ़कर 2024 के अंत तक 13.2 करोड़ हो गई। इसके अलावा, वैश्विक आईपीओ लिस्टिंग में भारत की हिस्सेदारी 2024 में बढ़कर 30% हो गई, जो दुनिया में सबसे अधिक है। संक्षेप में, भारत ने उच्च विकास दर और मूल्य स्थिरता के बीच एक सफल संतुलन बनाया है। मजबूत बुनियादी सिद्धांतों के साथ, भारत वैश्विक चुनौतियों का सामना करने और एक सुदृढ़ भविष्य के निर्माण के लिए अच्छी स्थिति में है।

# वैश्विक स्तर पर भारत की बड़ी सफलता, विश्व बैंक ने दुनिया के सर्वाधिक 'समतामूलक समाज' में किया शामिल

नई दिल्ली,(आरएनएस)। भारत न केवल विश्व की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, बल्कि आज यह सर्वाधिक समतामूलक समाजों में से एक भी है। विश्व बैंक के अनुसार, भारत का गिनी सूचकांक 25.5 है, जो इसे स्लोवाक गणराज्य, स्लोवेनिया और बेलारूस के बाद दुनिया का चौथा सबसे समतामूलक देश बनाता है।

यह भारत जैसे बड़े और विविधता वाले देश के लिए एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। यह दर्शाता है कि भारत की आर्थिक प्रगति का लाभ लोगों में समान रूप से पहुंच रहा है। इस सफलता के पीछे गरीबी को कम करने, वित्तीय पहुंच का विस्तार और कल्याण सहायता को सीधे उन लोगों तक पहुंचाने पर लगातार नीतिगत ध्यान केंद्रित करना है, जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है। गिनी सूचकांक यह समझने का एक सरल तरीका है कि किसी देश में घरों या व्यक्तियों के बीच आय, संपत्ति या उपभोग के वितरण में कितनी समानता है। इसका मूल्य 0 से 100 तक होता है। 0 स्कोर का अर्थ पूर्ण समानता है, यानी आय आदि समान रूप से सभी लोगों के बीच वितरित हो रही है।

# 3 मिनट में 2 लाख ऑर्डर! इस कंपनी की नई इलेक्ट्रिक SUV 'YU7 कार ने मचाया तहलका, बुकिंग के तोड़े सारे रिकॉर्ड

नई दिल्ली,(आरएनएस)। स्मार्टफोन के बाद अब इलेक्ट्रिक व्हीकल (EV) बाजार में भी शाओमी (Xiaomi) ने अपनी तूफानी एंट्री से तहलका मचा दिया है। कंपनी ने अपनी नई इलेक्ट्रिक SUV ÒY7' को चीन में लॉन्च किया और महज 18 घंटों के भीतर इसकी 2.40 लाख से ज्यादा यूनिट्स की कन्फर्म्ड बुकिंग हो गई। यह आंकड़े शाओमी को EV इंडस्ट्री में एक बड़ी ताकत के रूप में स्थापित करते हैं। Y7 को लेकर ग्राहकों का उत्साह अभूतपूर्व रहा। लॉन्च के सिर्फ 3 मिनट के अंदर कंपनी को 2 लाख प्री-ऑर्डर मिले, जो एक घंटे में बढ़कर 2.89 लाख तक पहुंच गए। इनमें से 2.40 लाख से ज्यादा लोगों ने अपना ऑर्डर कन्फर्म भी कर दिया है। शाओमी YU7 का स्टाइल कंपनी की SU7 सेडान से प्रेरित है और इसमें पोर्शे मकॉन (Porsche Macan) और फेरारी पुरोसांगवे (Ferrari Purosangue) जैसी लग्जरी कारों की झलक मिलती है। परफॉर्मेंस के मामले में भी यह दमदार है। इसमें सिंगल मोटर (रियर-व्हील ड्राइव) और डुअल मोटर (ऑल-व्हील ड्राइव) का विकल्प है, जो 288kW की पावर और 528Nm का टॉर्क जेनरेट करती है। यह SUV तीन बैटरी पैक विकल्पों में आती है, जो 760 किमी से लेकर 835 किमी तक की शानदार रेंज ऑफर करती है। कीमत के मामले में भी शाओमी ने इसे आक्रामक तरीके से पेश किया है। इसकी शुरुआती कीमत 2,53,500 युआन (लगभग 30 लाख रुपये) है, जो टेस्ला मॉडल Y से करीब 1.19 लाख रुपये सस्ता है। अपनी आकर्षक कीमत, दमदार फीचर्स और रिकॉर्ड तोड़ बुकिंग के साथ शाओमी YU7 ने मिड-प्रीमियम EV SUV सेगमेंट में स्थापित ब्रांड्स के लिए एक बड़ी चुनौती पेश कर दी है।



# आईआईटी मद्रास एलुमनी मीट में बोले पीयूष गोयल, देश 2027 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर

बेंगलुरु ,(आरएनएस)। केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में शनिवार को आयोजित आईआईटी मद्रास एलुमनी मीट 'संगम' को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 'विकसित भारत' के सपने और पांच प्रणों को लेकर विस्तार से बात की। पीयूष गोयल ने कहा कि देश अब एक निर्णायक दौर में है, जहां हम भविष्य के भारत की नींव रख रहे हैं। उन्होंने याद दिलाया कि 2014 में जब मोदी सरकार सत्ता में आई थी, तब भारत को दुनिया की सबसे कमजोर अर्थव्यवस्थाओं में गिना जाता था। लेकिन बीते 10 साल में देश ने बहुत सारे मिशनों पर काम किया, जिसमें 'स्वच्छ भारत', 'स्टार्टअप इंडिया' जैसे कार्यक्रमों ने आम आदमी तक पहुंच बनाई और जमीनी बदलाव लाए। पीयूष गोयल ने कहा कि आज भारत दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था चुका है और अगर यही रफ्तार बनी रही, तो 2027 तक हम तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकते हैं।उन्होंने कहा, आज जो भी नीतियां बनाई जा रही हैं, वे आने वाले भविष्य के भारत को ध्यान में रखते हुए बनाई जा रही हैं। तकनीक को लेकर उन्होंने कहा कि भारत अब नई तकनीकों से डरता नहीं है, बल्कि उन्हें अपनाकर आगे बढ़ने का आत्मविश्वास रखता है। उन्होंने कहा कि यह आत्मविश्वास हमें दुनिया के बेहतरीन देशों के साथ प्रतिस्पर्धा करने के योग्य बनाता है। कोविड महामारी के दौरान भारत ने 100 से ज्यादा देशों को वैक्सीन भेजी। उन्होंने कहा कि दुनिया ने इसके लिए भारत को धन्यवाद दिया, लेकिन अफसोस की बात है कि कुछ लोग, विशेषकर कुछ राज्यों के नेता, इसे ठीक से समझ नहीं पाए। उन्होंने हालिया बजट का जिक्र करते हुए कहा कि सरकार ने एक लाख करोड़ रुपए इनोवेटिव इंडस्ट्री के लिए आवंटित किए हैं, ताकि 'युवा भारत' को नए अवसर मिलें और अनुसंधान को बढ़ावा मिले।



# इस सप्ताह अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता पर निर्भर करेगी शेयर बाजार की दिशा




**- ब्रेंट कच्चे तेल के दाम और रुपये की चाल भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेंगे**

मुंबई (ए)। इस सप्ताह भारतीय शेयर बाजार की दिशा अमेरिका-भारत व्यापार वार्ता के नतीजों पर निर्भर करेगी। ब्रेंट कच्चे तेल के दाम और रुपये की डॉलर के मुकाबले चाल भी बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए जवाबी शुल्क के निलंबन की 90 दिन की अवधि 9 जुलाई को समाप्त हो रही है। यदि इस वार्ता में सकारात्मक परिणाम आते हैं, तो बाजार की धारणा में मजबूती आ सकती है, जबकि नतीजे नकारात्मक रहे तो बाजार में कमजोरी देखने को मिल सकती है। अमेरिका ने भारत सहित कई देशों पर 26 प्रतिशत का अतिरिक्त शुल्क लगाया था, जिसे 90 दिन के लिए रोक दिया गया था। बाजार के जानकारों ने कहा कि यह सप्ताह वैश्विक बाजारों के लिए भी महत्वपूर्ण होगा क्योंकि जवाबी शुल्क निलंबन की अवधि समाप्त होने से वैश्विक व्यापार की दिशा तय होगी। इसके साथ ही निवेशक अमेरिकी फेडरल ओपन मार्केट कमेटी (एफओएमसी) की बैठक के ब्योरे पर भी नजर बनाए रखेंगे। घरेलू स्तर पर आईटी क्षेत्र की प्रमुख कंपनी टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस) और खुदरा क्षेत्र की एवेन्यू सुपरमार्ट्स के तिमाही नतीजों पर निवेशकों की खास नजर होगी। इसके अलावा अन्य कंपनियों के भी वित्त वर्ष की पहली तिमाही के नतीजे जारी होंगे, जो बाजार की दिशा निर्धारित करने में मदद करेंगे।

# जून 2025 में हयूदै क्रेटा ने बेचीं 15,786 यूनिट्स

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। जून 2025 में हयूदै क्रेटा ने 15,786 यूनिट्स की बिक्री के साथ भारतीय बाजार में अपनी मजबूत पकड़ फिर साबित की है। 2015 में लॉन्च हुई क्रेटा ने अपने 10 साल पूरे करते हुए मिड-साइज एसयूवी सेगमेंट की पहचान ही बदल दी है।बाजार में इसकी लोकप्रियता इतनी गहरी है कि इस श्रेणी को लोग अब क्रेटा सेगमेंट कहने लगे हैं। हयूदै के मुताबिक, अब तक 12 लाख से ज्यादा भारतीय परिवार इसे अपना चुके हैं और जून 2025 के आंकड़े दिखाते हैं कि ग्राहक आज भी इसे उतना ही पसंद करते हैं। कंपनी ने इस उपलब्धि पर कहा कि क्रेटा सिर्फ एक कार नहीं बल्कि एक भावना है, जिसने हयूदै की भारत में सफलता की नींव रखी। क्रेटा को हयूदै ने हर वर्ग के ग्राहकों के लिए तैयार किया है। इसका 1.5-लीटर पेट्रोल इंजन 115 बीएचपी और 144 एनएम का टॉर्क देता है, वहीं 1.5-लीटर टर्बो पेट्रोल इंजन 160 बीएचपी और 253 एनएम की ताकत के साथ आता है। डीजल विकल्प में 1.5-लीटर इंजन 116 बीएचपी और 250 एनएम का टॉर्क देता है। स्पोर्टी ड्राइव चाहने वालों के लिए क्रेटा एन लाइन भी पेश की गई है। हयूदै ने इसके इलेक्ट्रिक अवतार की भी शुरुआत कर दी है, जिसमें 42 केडब्ल्यूएच और 51.4 केडब्ल्यूएच के दो बैटरी पैक हैं जो क्रमश: 390 किमी और 473 किमी की अनुमानित रेंज देते हैं।



# सम्पादकीय



**अभिव्यक्ति हमारा जन्म सिद्ध अधिकार है, सत्य प्रस्तुत करना हमारा कर्तव्य**

## शाब्दिक जोड़ घटाव पर विवाद

लोकतंत्र में संविधान किसी देश की आत्मा का दस्तावेज होता है। इसमें दर्ज एक-एक शब्द सरकार के लिए अपनी जनता के साथ व्यवहार के तौर-तरीके तय करने वाला होता है। भारत में संविधान को अत्यंत पवित्र माना जाता है, और इसकी प्रस्तावना तक में कोई शाब्दिक जोड़ घटाव पर भी विवाद हो सकता है। उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की मानें तो संविधान की प्रस्तावना परिवर्तनशील नहीं है, लेकिन भारत में आपातकाल के दौरान इसे बदल दिया गया। उपराष्ट्रपति ने एक पुस्तक विमोचन समारोह में इस कार्य को संविधान निर्माताओं की बुद्धिमत्ता के साथ विश्वासघात और नासूर की संज्ञा दी। ज्ञात हो कि 1976 में कांग्रेस सरकार ने प्रस्तावना में 42वें संविधान (संशोधन) के जरिए 'समाजवादी', 'धर्मनिरपेक्ष' और 'अखंडता' शब्द जोड़े थे। उपराष्ट्रपति के अनुसार जोड़े गए शब्द उथल-पुथल पैदा कर सकते हैं। यह सनातन की भावना का अपमान है। उपराष्ट्रपति के अनुसार, भारत के अलावा किसी दूसरे देश में संविधान की प्रस्तावना में बदलाव नहीं किया गया। भारत में यह काम तब किया गया जब विपक्ष के प्रमुख नेता जेल में थे और इसका कोई औचित्य नहीं था। सबसे अहम बात जो उन्होंने की वह यह कि हमें इस पर विचार करना चाहिए। धनखड़ की यह टिप्पणी ऐसे वक्त में आई है जब राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) नेता दत्तात्रेय होसबोले ने इसी हफ्ते संविधान की प्रस्तावना में जोड़े गए 'समाजवादी' और 'धर्मनिरपेक्ष' शब्दों की समीक्षा का आह्वान किया है।आरएसएस का कहना है कि ये शब्द कभी भी अंबेडकर द्वारा तैयार संविधान का हिस्सा नहीं थे। होसबोले के बयान से राजनीतिक विवाद की स्थिति पैदा हो गई है। संघ का तर्क है कि होसबोले का मंतव्य संविधान की 'मूल भावना' को बहाल करने के बारे में है। यहां सवाल उठता है कि 42वें संविधान संशोधन के लगभग 59 साल बाद इस बारे में विवाद का क्या मतलब है? संविधान की प्रस्तावना इसकी मूल भावना को कतई कमजोर नहीं कर सकती। देखा जाए तो सरकार जनता की भलाई के रास्ते पर ही तो चलती है। कोई राजनीतिक विचारधारा इन शब्दों से सहमत हो या न हो लेकिन काम तो इन्हीं सिद्धांतों के आधार पर ही करती है। वर्तमान भाजपा गठबंधन सरकार की नीति भी तो सबकी भलाई और उन्नति ही है। यह वक्त विवाद खड़ा करने नहीं अपितु संविधान पर ईमानदारी से अमल करने का है। जिन शब्दों के जोड़ने से आज तक कुछ नहीं बिगड़ा, वो हटाए जाने की सूरत में काफी कुछ बिगाड़ सकते हैं।

# क्षमा मांगना या देना भावनात्मक और मानसिक कल्याण का एक पहलू है जो सद्भाव और शांति स्थापित करने में मदद करता है

### वैश्विक क्षमा दिवस 7 जुलाई 2025, विभिन्न संस्कृतियों व पृष्ठभूमियों के लोगों में क्षमा,यह शांति व सुलह की दिशा में एक वैश्विक आंदोलन को प्रेरित करता है

**एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र**




गोंदिया-वैश्विक स्तरपर भारतीय सभ्यता,संस्कृति, मूल्यों मर्यादा और आध्यात्मिकता की सजगता दुनिया में कहीं नहीं है हमारी सभ्यता के अनेक मोतियों में से एक माफ़ी मांगना या देना है, बड़े बुजुर्गों का कहना है जो माफ़ करता है पुरानी बातों को भूल जाता है वही सबसे बड़ा दानी है क्योंकि क्षमादान जैसा कोई दान नहीं यहभारतीय सभ्यता की वैचारिक शक्ति है ! मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि, हमसे अगर गलती हो जाए तो हमें शांत स्वभाव से अपनी गलती को स्वीकार कर लेना चाहिए और माफ़ी मांगनी चहिए, क्योंकि हमेशा याद रखें कि माफी मांगने से हमेशा रिश्ते मजबूत ही होंगे, दो लोगों के बीच कभी बैर नहीं होगा। माफ करने या माफी मांगने की आदत से यह मालूम पड़ता है कि व्यक्ति तुच्छ भावों के मुकाबले में रिश्ते को ज्यादा अहमियत देता है। आज हम इस विषय पर चर्चा इसलिए कर रहे हैं क्योंकि 7 जुलाई 2025 को वैश्विक माफी दिवस है,चूँकि क्षमा दिवस मनाने से खुद को व दूसरों को क्षमा करने के लिए प्रोत्साहन मिलता है, जिससे एक अधिक दयालू और सहानुभूतिपूर्ण दुनियाँ को बढ़ावा मिलता है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,क्षमा मांगना या देना भावनात्मक और मानसिक कल्याण का एक पहलू है जो सद्भाव और शांति स्थापित करने में मदद करता है।

साथियों बात अगर हम वैश्विक क्षमा दिवस 7 जुलाई 2025 के महत्व और शक्तियों को समझने की करें तो,यह दिवस हमारे जीवन में क्षमा की शक्ति और महत्व को समर्पित एक वार्षिक कार्यक्रम है। यह द्वेष को दूर करने, पिछले घावों को भरने और समझ और सुलह की संस्कृति को बढ़ावा देने के महत्व पर चिंतन करने का दिन है। क्षमा भावनात्मक और मानसिक कल्याण का एक पहलू है, जो व्यक्तियों और समुदायों को सद्भाव और शांति में आगे बढ़ने में मदद करता है। वैश्विक क्षमा दिवस लोगों को खुद को और दूसरों को क्षमा करने के लिए प्रोत्साहित करता है, जिससे एक अधिक दयालु और सहानुभूति पूर्ण दुनिया को बढ़ावा मिलता है। वैश्विक स्तरपर भारतीय सभ्यता, संस्कृति, मूल्यों मर्यादा और आध्यात्मिकता की सजगता दुनिया में कहीं नहीं है हमारी सभ्यता के अनेक मोतियों में से एक माफ़ी मांगना या देना है, बड़े बुजुर्गों का कहना है जो माफ़ करता है पुरानी बातों को भूल जाता है वही सबसे बड़ा दानी है क्योंकि क्षमादान जैसा कोई दान नहीं यहभारतीय सभ्यता की वैचारिक शक्ति है! साथियों बात अगर हम मानव जीव में क्षमा भाव की करें तो, क्षमा भाव जिसके भीतर विकसित हो जाता है,वह व्यक्ति समाज में आदरणीय माना जाता है। किसी को किसी की भूल के लिए क्षमा करना औरआत्मग्लानि से मुक्ति दिलाना एक बहुत बड़ा परोपकार है। कितना आसान है किसी से अपनी गलती की माफी मांगना और उससे भी ज्यादा आनंद तब मिलता है, जब वह व्यक्ति हमें माफ कर देता है। क्षमा का शस्त्र जिसके पास है, उसका दुष्ट मानव कुछ नहीं बिगाड़ सकते। जिस तरह बिना तिनकों की पृथ्वी पर गिर कर अग्नि खुद ही शांत हो जाती है।

साथियों बात अगर हम क्षमा मांगने की परिस्थिति की करें तो, यदि हमसे वाकई गलती हो गई है तो गंभीरता से क्षमा मांगें। कोई स्पष्टीकरण दें, हमारी गलती से वह विचलित है और हमारे कारणों को समझने की स्थिति में नहीं है। उसे पहले शांत कर सामान्य स्थिति में लाएं। दिल से मांगी गई माफी से स्थिति सामान्य हो जाएगी। यह हमारा बड़प्पन भी होगा कि जो व्यक्ति हमारे कारण दुखी हुआ है और हम अपनी गलती स्वीकार कर उसे सामान्य होने में मदद कर रहे हैं। फिर हुए नुकसान या असुविधा की पूर्ति के लिए तत्काल प्रयास करें। व्यर्थ की दलीलों में समय बर्बाद करने की बजाय तत्काल कदम उठाएं। इस तरह हम अपनी खामियों के बावजूद सम्मान भरोसा हासिल करेंगे। अन्यथा भावनाओं की गलत अभिव्यक्ति से आप हमेशा तनाव में रहेंगे, जो आपको समाधान से दूर और दूर ले जाएगा।

साथियों बात अगर हम क्षमा देने की करें तो, कमजोर व्यक्ति कभी क्षमा नहीं कर सकता,क्षमा करना तो शक्तिशाली व्यक्ति का गुण है। जो पहले क्षमा मांगता है वह सबसे बहादुर है और जो सबसे पहले क्षमा करता है वह सबसे शक्तिशाली है। शास्त्रों में कहा गया है कि क्षमा वीरों का आभूषण है।बाणभट्ट के हर्षचरित में उल्लेख किया गया है कि क्षमा सभी तपस्याओं का मूल है। महाभारत में कहा गया है कि क्षमा असमर्थ मनुष्यों का गुण और समर्थ मनुष्यों का आभूषण है।' श्री गुरु ग्रंथ साहिब का वचन है- क्षमाशील को रोग नहीं सताता और न ही यमराज डराता है। साथियों बात अगर हम क्षमा में भावनात्मक मिश्रण से हानि की करें तो खासकर पारिवारिक झगड़ों में हम देखते हैं कि, पति का पत्नी से झगड़ा हो गया है। उनके बीच कोई समस्या हो सकती है, जिस पर ध्यान देने की जरूरत है। चूंकि पत्नी का मूड खराब है तो वह बेटे पर गुस्सा उतारेगी। बेटे पर मां मामूली-सी बात पर चिल्लाई तो वह अपने साथियों से लड़ पड़ा और हम जितनी कल्पना कर सकें उतना इस कहानी को विस्तार दे सकते हैं। भावनाएं यदि समस्या के स्रोत की दिशा में हो तो भी यह उसे सुलझाने की बजाय बड़ा बना देती हैं। यहीं पर बड़ी समस्या है, क्योंकि कोई माफी मांगे इसकी बजाय भावनात्मक विस्फोट के कारण आखिर में स्थिति होगी कि हमें ही माफी मांगनी पड़ सकती है।

साथियों बात अगर हम माफी मांगने में अफसोस और ऐसी गलती दोबारा नहीं होगी के तड़के की करें तो,मुझे अफ़सोस है, इन तीन छोटे शब्दों के बिना माफी वास्तव में माफी नहीं है। उनका उपयोग करने से हम यह प्रदर्शित कर सकते हैं कि हम वास्तव में उस समस्या को उत्पन्न करने के लिए पछताते हैं जिसने शिकायत को प्रेरित किया। इन शब्दों के साथ माफी माँगने से हमको यह दिखाने में मदद मिलती है कि हम अतीत में जो कुछ हुआ है उसकी ज़िम्मेदारी लेने के लिए तैयार हैं। हम सुनिश्चित करेंगे कि ऐसा दोबारा न हो, यह समझाते हुए कि जो हुआ अब आगे हमेशा एक अच्छा विचार होगा, भविष्य में गड़बड़ी से मुक्त रखने के लिए हम जो कुछ भी बदलने की योजना बना रहे हैं उसे रेखांकित करके उस सफलता पर निर्माण करना सबसे अच्छा है। साथिया बात अगर हम माफी मांगने की व्यवहारिकता की करें तो, यदि हम गलत हैं, आंशिक रूप से भी, किसी की मांग करने से पहले क्षमा मांगना बेहतर है।

क्षमायाचना उन समस्याओं को हल करने में मदद कर सकती है जिन्हें हल करना सामान्य शब्दों के लिए बहुत कठिन है। क्षमा की वांछनीयता इसमें शामिल लोगों की संस्कृति पर निर्भर करती है। शर्म की संस्कृति में , एक उच्च स्थिति वाले व्यक्ति से जबरन माफी मांगना एक बहुत ही मूल्यवान चीज के रूप में देखा जाता है, क्योंकि माफी मांगने वाले व्यक्ति के सामाजिक अपमान को एक महत्वपूर्ण कार्रवाई के रूप में देखा जाता है।शिष्टाचार दूसरों से अपेक्षा करने का मानक नहीं है, यह एक ऐसा मानक है जिसका आप स्वयं पालन करते हैं। यह कहना कभी आसान नहीं होता, मुझे क्षमा करें। लेकिन कभी-कभी, गलती के लिए माफी मांगना ही आपकी प्रतिष्ठा की रक्षा करने का एकमात्र तरीका है।




*उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने नैनीताल के रामनगर में कॉर्बेट नेशनल पार्क में जंगल सफारी में भाग लिया.*

## (चिंतन-मनन) जीवन और मृत्यु

चीन में लाओत्से के समय में ऐसी प्रचलित धारण थी कि आदमी के शरीर में नौ छेद होते हैं। उन्हीं नौ छेदों से जीवन प्रवेश करता है और उन्हीं से बाहर निकलता है। दो आंखें, दो नाक के छेद, मुंह, दो कान, जननेंद्रिय, गुदा। इसके साथ चार अंग हैं- दो हाथ और दो पैर। सब मिला कर तेरह। यही तेरह अंग जीवन के साथी हैं और मृत्यु के भी साथी हैं। यही तेरह जीवन में लाते हैं और यही जीवन से बाहर ले जाते हैं। तेरह का मतलब यह पूरा शरीर। इन्हीं से तुम भोजन करते हो; इन्हीं से जीवन पाते हो; इन्हीं से उठते-बैठते और चलते हो। यही तुम्हारे स्वास्थ्य का आधार हैं और यही मृत्यु का भी आधार होंगे। क्योंकि जीवन और मृत्यु एक ही चीज के दो नाम हैं। इन्हीं से जीवन तुम्हारे नाम आएगा, इन्हीं से बाहर जाएगा। इन्हीं से शरीर के भीतर खड़े हो। इन्हीं के साथ शरीर टूटेगा, इनके द्वारा ही टूटेगा।हैरानी की बात है। यही तुम्हें संभालते हैं और यही मिटाएंगें। भोजन तुम्हें जीवन देता है, शक्ति देता है और भोजन की शक्ति से अपने भीतर की मृत्यु को बड़ा किये चले जाते हो। भोजन तुम्हें बुढ़ापे तक पहुंचा देगा, मृत्यु तक पहुंचा देगा। आंख, नाक, कान से जीवन की श्वास भीतर आती है। उन्हीं से बाहर जाती है। नौ द्वार और चार अंग। लाओत्से कहता है- तेरह ही जीवन के साथी, तेरह ही मौत के साथी। ये तेरह ही ले जाते हैं।


## युद्ध की दिशा अचानक ईरान की ओर

इजरायल और फिलस्तीन के बीच युद्ध का दौर एक सदी से भी पुराना है। पिछले वर्ष भी यह जारी था। इजरायल बराबर गाजा पर हमले कर रहा था। अचानक इस युद्ध की दिशा मुड़ जाती है।

इजरायल फिलस्तीन से टकराव को छोड़ कर अचानक ईरान की ओर मुड़ जाता है। फिर 13 जून को ईरान पर जबर्दस्त हवाई हमला करता है। सवाल उठता है कि यह इतना अचानक क्यों? विचारणीय बात यह है कि इजरायल क्यों इतनी खूंरेजी पर आमादा हो गया। उसकी एयर स्ट्राइक का पहला निशाना ईरान के परमाणु क्षेत्र और परमाणु वैज्ञानिक थे। सेनाधिकारियों के अलावा ईरान के कई परमाणु वैज्ञानिक भी मारे गए। तो क्या इजरायली हमले का मकसद ईरान का परमाणु अनुसंधान रोकना है। अगर ईरान परमाणु हथियार बनाने के अनुसंधान में लगा है, तो इससे इजरायल का क्या नुकसान है?

इस सवाल का जवाब तलाश करने के लिए हम एक बार फिर लौटते हैं इजरायल-फिलस्तीन युद्ध की ओर। इस युद्ध का जनक ब्रिटेन था। उसने ही इजरायली और फिलिस्तीन के मुसलमानों के बीच जंग शुरू कराई। इजरायल में रहने वाले यहूदी मतावलंबी मुसलमानों से वैर मानते हैं। छोटा-सा इजरायल इसी कारण सारे मुस्लिम देशों से वैरभाव रखता है। ईरान भी उनमें एक है, और उसका पड़ोसी मुल्क है। अगर ईरान परमाणु शक्ति संपन्न हो जाता है तो निश्चित रूप से इजरायल के लिए बड़ा खतरा बन सकता है। जाहिर है कि ऐसे में इजरायल उसे हर हाल में इस कोशिश से विफल करना चाहेगा।

इजरायल ने ईरान के परमाणु कार्यक्रम को क्षति पहुंचाने के लिए कई बार गुप्त हमले किए। इनमें ईरानी परमाणु कार्यक्रम के जनक मोहसिन फखरीजादेह की हत्या तक करा डाली लेकिन ईरान का परमाणु कार्यक्रम रु का नहीं। इजरायल बराबर प्रयास करता रहा। संयुक्त राष्ट्र में हिज्बुल्लाह-हमास विरोधी अभियानों का तो समर्थन किया गया था, लेकिन ईरान के परमाणु ठिकानों पर हमला कर उसे तबाह करने के प्रयासों पर वीटो के जरिए रोक लगा दी गई। ऐसे में इजरायल को इंतजार था सही वक्त का और वह वक्त मिला उसे अमेरिका की सत्ता पर दोबारा डोनाल्ड ट्रंप के आने पर। अमेरिका भी ईरान पर परमाणु संधि के लिए दबाव डाल रहा है। इजरायल के हमले से दोनों के लक्ष्य सधते प्रतीत हो रहे हैं। इस संधि के लिए ही ईरान पर दबाव बनाने के लिए इजरायल ने हमला बोला है। दरअसल, यह टकराव सिर्फ ईरान और इजरायल का नहीं है। बेशक, मोर्चे पर ये दोनों देश हैं, लेकिन इनकी सरपरस्ती अलग-अलग देश कर रहे हैं। जब से ट्रंप अमेरिका के दूसरी बार राष्ट्रपति बने हैं, उनका सबसे बड़ा लक्ष्य दुनिया का सबसे बड़ा चौधरी बनने का है। रूस-यूक्रेन टकराव हो, भारत-पाक टकराव या अब ईरान-इजरायल टकराव, हर जगह चौधरी बनना चाहते हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध रोकने में उन्हें कोई सफलता नहीं मिली। कारण भी साफ है। रूस अमेरिका से कमजोर नहीं है, और रूस के राष्ट्रपति ब्लादीमिर पुतिन न तो अलग यूक्रेन को मान्यता देंगे और न ही इस बारे में ट्रंप की कोई बात मानेंगे। रही भारत-पाक टकराव के बाद सीजफायर की बात उसमें भी वह अब तक 17 बार दावे कर चुके हैं कि उनके कहने पर ही दोनों देशों के बीच सीजफायर हुआ। इसके उलट ट्रंप को पाकिस्तान से इसलिए प्यार है कि पाकिस्तान को अड्डा बना कर ही अमेरिका ने अफगानिस्तान से रूस का वर्चस्व समाप्त कराया। अब चीन और भारत, दोनों को दबा कर ट्रंप एशिया महाद्वीप में अपनी धाक कायम रखना चाहते हैं। जहां तक इजरायल और ईरान की बात है, वहां भी चौधरी बनने के लिए ट्रंप ने साफ-साफ कहा है कि हमने जो भारत-पाकिस्तान में कराया वही ईरान-इजरायल टकराव में भी कराएंगे। इजरायली हमले का मकसद ईरान का परमाणु कार्यक्रम रोकना है, और इसे शह दी है ट्रंप ने। इजरायल के हमले में ईरान की जो क्षति हुई है, वह इस बात का ताजा सबूत है। 13 जून को इजरायल ने ईरान के खिलाफ 'ऑपरेशन राइजिंग लॉयन' शुरू किया और इसके तहत ईरान में कई जगहों पर बड़े हमले किए। हमलों के बाद इजरायली सेना ने बयान जारी कर ईरान को अपने अस्तित्व के लिए खतरा बताते हुए कहा कि खुफिया जानकारी के अनुसार वो परमाणु हथियार हासिल करने के बेहद करीब है। ईरान छह साइटों पर परमाणु अनुसंधान कार्यक्रम चला रहा है। इन साइटों पर यूरेनियम संवर्धन का काम चल रहा है। इसमें उसकी मदद रूस और पाकिस्तान कर रहे हैं। इतना यूरेनियम उसके पास हो गया है कि वह कम से कम नौ परमाणु बम तैयार कर सकता है। अभी तक वह इतने बम तैयार कर पाया या नहीं, इस बारे में स्थिति साफ नहीं है, हालांकि ट्रंप का दावा है कि ईरान के पास अभी परमाणु हथियार नहीं हैं। जंग के इन छह दिनों में इजरायल ने नतांज और बोशहर पर हमले किए। सिर्फ नतांज को कुछ हद तक क्षति पहुंचा सका।




मेष राशि: आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। आज आपको ऑफिस में किसी बड़े प्रोजेक्ट पर काम करने का अवसर मिलेगा, जिससे आपको बढ़िया लाभ होगा। महिलाएं आज छोटे - मोटे बिजनेस की शुरुआत कर सकती है, जिससे वो आत्मनिर्भर बनेगी। आज इलेक्ट्रॉनिक का बिजनेस करने वालों को बड़ा फायदा होगा, जिससे वो अपने बिजनेस को और बड़ा बनाने का प्रयास करेंगें।

वृष राशि: आज का दिन आपके लिए खास रहने वाला है। आज आप टीवी डिबेट में शामिल होंगें और अपने विरोधियों को हराने की पूरी कोशिश करेंगें। संगीत से जुड़े हुए लोगो को म्यूजिक इंडस्ट्री में परफोर्म करने का अच्छा अवसर मिलेगा, उनके सपने पूरे होंगें। आज आपको सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होने का सौभाग्य प्राप्त होगा, जन्हा आपकी मुलाकात बड़े लोगों से होगी। आज व्यापार में बच्चे आपका साथ देंगें , जिससे आपका काम आसान हो जायेगा और आपको अच्छा लगेगा।

मिथुन राशि: आज का दिन आपके लिए मिला - जुला रहेगा। व्यापारिक दृष्टिकोण से आज आपको बढ़िया धन लाभ होगा, किसी पुराने क्लाइंट से आपके रिश्ते ख़राब हो सकते है। आज आप जीवनसाथी के साथ शॉपिंग करने मार्केट जायेंगें, लेकिन आप अपने बजट का भी थोड़ा ध्यान रखें।

कर्क राशि: आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आपको व्यापार में धन लाभ होगा, लेकिन खर्च की अधिकता रहेगी थोडा ध्यान रखें। आज आप घर के काम में व्यस्त रहेंगे, जिसके बाद आपको थकान हो सकती है। लवमेट के लिए आज का दिन ख़ुशी देने वाला है, आज आप लोग कहीं घूमने जा सकते है।

सिंह राशि: आज का दिन आपके लिए बेहतरीन रहने वाला है। आज आपको राजनीति में आगे बढ़ने के लिए किसी विशेष व्यक्ति का सहयोग प्राप्त होगा। आज आपकी हेल्थ ठीक रहेगी, जिससे आज दिनचर्या से जुड़े सारे काम आप खुद करेंगें। आपके जिद्दी स्वभाव के कारण कुछ काम बनने से रुक सकते है, इसलिए आप थोड़ा ध्यान रखें।

कन्या राशि: आज का दिन आपके लिए शानदार रहेगा। आज आपको व्यापार में बड़ा धन लाभ होगा, जिससे आप अपने बिजनेस को और बड़ा बनायेंगे। आज महिलाओं को थोडा आराम मिलेगा, घर के काम में बच्चे आपका हाथ बटायेंगे।

तुला राशि: आज का दिन आपके लिए लाभ देने वाला होगा। रोजगार में आपको तरक्की के अवसर प्राप्त होंगे, आप उनका लाभ अवश्य उठाएंगे। आज आप ऑफिस में अपने सहकर्मी के साथ गरिमापूर्ण व्यवहार करे। आज अविवाहित व्यक्तियों को एक अच्छे रिश्ते का ऑफर मिलेगा। प्राइवेट ऑफिस में नौकरी करने वालों को आज उन्नति के अवसर प्राप्त होंगें।

वृश्चिक राशि: आज का दिन आपके लिए मिला - जुला रहेगा। आज आप किसी स्टार्टअप को शुरु करने का मन बना सकते है, जिसमें आपको अच्छा लाभ होगा। आज आपकी किसी उलझन का समाधान होगा, दिमाग शांत रहेगा। आज आपके शारीरिक कष्टों का निवारण होगा, जिससे आप खुद को बेहतर महसूस करेंगें।

धनु राशि: आज का दिन आपके लिए महत्वपूर्ण साबित होगा। आज आप किसी शुभ काम की शुरुआत कर सकते है, जिससे आपके घर में धन - धान्य की बढ़ोत्तरी होगी। आज आपको व्यापारिक दृष्टी से बढ़िया लाभ होगा। आज आप नए रोजगार की शुरुआत कर सकते है , जीवनसाथी का पूरा सहयोग प्राप्त होगा।

मकर राशि: आज का दिन आपके अनुकूल रहेगा। आज आप अपने दिन की शुरुआत एक नयी उर्जा के साथ करेंगें , जो पूरा दिन आपको एक्टिव रखेगी। आज आपको किसी व्यक्ति से धन लाभ होगा। आज आप दोस्तों के साथ जमकर पार्टी करेंगें, जिससे आपको ख़ुशी मिलेगी। लंबे समय से चल रही किसी समस्या से आज आपको छुटकारा मिलेगा।

कुंभ राशि: आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। सोने - चांदी का बिजनेस करने वालों को आज बड़ा धन लाभ होगा। आज आप किसी सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल हो सकते है , जंहा आपको मान - सम्मान की प्राप्ति होगी। आज आपकी मुलाकात किसी राजनितिक व्यक्ति से होगी , जिससे आने वाले समय में आप भी राजनीति से जुड़ सकते है।

मीन राशि: आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। टेक्सटाइल का बिजनेस करने वालों को आज बड़ा आर्डर मिलने की संभावना बन रही है, जिससे उनके बिजनेस को बढ़िया ग्रोथ मिलेगी। आज आप किसी अजनबी व्यक्ति के साथ अपनी पर्सनल चीजों को शेयर करने से बचें, जिससे आप किसी भी नुकसान से बचें रहें।

## हिंसक पशु भी अपने अनुशासन की सीमा में रहना जानता है

**विनीत नारायण**

शेर बहुत हिंसक प्राणी है यह हम सब जानते हैं। पिछले हफ्ते हम केन्या के विश्व प्रसिद्ध मसाई मारा वन्य अभ्यारण्य में खुली जीप में घूमते रहे। सबसे रोमांचक क्षण वो थे जब हमारी जीप के तीन तरफ चार-पांच बब्बर शेर और शेरनी बैठे थे।

उनसे हमारी दूरी मात्र 10 फीट थी। वो हमें निहार रहे थे और हम उन्हें। वो तो बेफिक्र होकर अपने जिस्म चाट रहे थे और हमारी रूह कांप रही थी कि कहीं हमला न कर दें। हालांकि फारेस्ट गार्ड ने आस्त किया कि ऐसा कुछ नहीं होगा।

हम न सिर्फ उन्हें आधे घंटे तक एकटक निहारते रहे, बल्कि जब वो उठ कर चल दिए तो हम भी धीमी गति से उनका पीछा करते हुए चलते रहे। उन्होंने फिर भी कोई उत्तेजना नहीं दिखाई। कमाल है कि जंगल का सबसे हिंसक पशु भी अपने अनुशासन की सीमा में रहना जानता है, और अपने को सभ्य समाज मानने वाले हम कितने हिंसक हैं कि वाणी से, क्रिया से और विचारों से हमेशा अपने समाज और पर्यावरण के प्रति हिंसा करते रहते हैं।

चाहे हमारे ये क्रियाएं आत्मघाती ही क्यों न हों। केन्या के उस सुनसान जंगल में बैठे-बैठे सोशल मीडिया पर समाचार मिला कि डोनाल्ड ट्रंप भी अब इजरायल और ईरान के युद्ध में कूदने का मन बना रहे हैं। उधर, यूक्रेन और रूस का युद्ध बरसों से लगातार तबाही मचा ही रहा है, और इधर अब यह नया मोर्चा तैयार हो रहा है। क्या ये विश्व युद्ध की ओर बढ़ते कदम नहीं हैं? वैसे तो मानव समाज जब से संगठित हुआ होगा तब से युद्ध उसके जीवन का अंग बने होंगे। इतिहास आज तक हुए लाखों युद्धों की गाथाओं से भरा पड़ा है।



फिर भी मेरे मन में ये दार्शनिक प्रश्न आ रहा है कि इन युद्धों की शुरु आत करने वाले इतने जंगली क्यों होते हैं? क्या उन्हें नहीं दिखता कि युद्ध की विभीषिका में कितने बच्चे अनाथ हो जाते हैं, महिलाएं विधवा हो जाती हैं, बने-बनाए घर-मकान, विशाल भवन आदि सब ध्वस्त हो जाते हैं, युद्ध के गोले-बारूद से पर्यावरण जहरीला हो जाता है, अर्थव्यवस्थाएं लड़खड़ा जाती हैं, विकास अवरुद्ध हो जाता है, और आम जनता तबाह हो जाती है। फिर हर युद्ध के बाद युद्ध विराम होता है, और शांति वार्ताएं होती हैं। अगर हर युद्ध की परिणति शांति वार्ता ही होनी थी तो फिर ये सब विध्वंस क्यों किया गया? हुक्मरानों से यह सवाल पूछने वाला कोई नहीं होता। सवाल पूछना तो दूर प्रायः आम जनता तो अपनी तबाही के लिए जिम्मेदार नेता की ही मुरीद हो जाती है। युद्ध के उन्माद में उसे मसीहा मान लेती है। जैसा जर्मनी की जनता ने किया। जो हिटलर की आत्महत्या के आखिर क्षण तक यही मानती रही कि वो उन्हें हर बला से बचा लेगा। एक अहमक के फितूर ने जर्मनी को तबाह कर दिया।

प्रायः हर देश में ऐसी मानसिकता वाले लोगों की कमी नहीं है, जो शस्त्र निर्माता लॉबी और भ्रष्ट, अहंकारी और आत्ममुग्ध, अति महत्त्वाकांक्षी अपने नेताओं के प्रोपोगैंडा के प्रभाव में आकर अपना अच्छा-बुरा देखने की क्षमता ही खो बैठती है। ट्रंप के समर्थक मतदाताओं का भी अमेरिका के चुनाव से पहले यही हाल था। मैं कभी सैन्य विज्ञान का विद्यार्थी नहीं रहा। इसलिए युद्धों के कारण की सैद्धांतिक व्याख्या करने का दुस्साहस नहीं करूंगा पर एक संवेदनशील आम नागरिक होने के नाते यह सोचने और पूछने का हक तो रखता ही हूं कि आखिर ये युद्ध किसके हित में होते हैं?

उस जनता के हित में तो बिल्कुल नहीं होते जिसके खून-पसीने की कमाई पर वसूले गए टैक्स के अरबों रु पये ऐसे युद्धों में फूंक दिए जाते हैं। सफेद हाथी की तरह बैठा सयुंक्त राष्ट्र (संघ) आज तक एक भी युद्ध नहीं रोक पाया। क्या कोई पुतिन, ट्रंप या तालिबानी नेता उसकी सुनने को तैयार है? फिर भी सयुंक्त राष्ट्र के नाम पर दुनिया में दशकों से नौटंकी चल रही है। आज इस लेख में समाधान प्रस्तुत करने वाला कोई विचार मेरे पास नहीं हैं।

पर एक फिक्र जरूर खाए जा रही है कि आज दुनिया एक अजीब दौर से गुजर रही है जहां अशांति तथा असुरक्षा और पर्यावरण का विनाश तेजी से बढ़ रहा है और मानवीय संवेदनशीलता उतनी ही तेजी से घट रही है। डोनाल्ड ट्रंप को ही लें जिनके स्वागत में हमने पलक-पांवड़े बिछाए थे, वो अपने देश में घुसे अवैध भारतीयों को हथकड़ी और बेड़ियों में बांध कर वापस भेज रहे हैं जबकि दूसरे देशों के ऐसे लोगों को ससम्मान भेज जा रहा है। ट्रंप वहां रह रहे भारतीयों के वीजा खत्म करने की धमकी दे रहे हैं। इससे डर कर कितने सफल युवा अमेरिका के अपने सपने को चूर-चूर होते देख घर लौट रहे हैं। दरअसल, ये हुक्मरान आम जनता को चैन से जीने नहीं देना चाहते।

# अमरनाथ यात्रा : अब तक 21,000 से ज्यादा श्रद्धालुओं ने किए बाबा बर्फानी के दर्शन



श्रीनगर (आरएनएस)। कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच पिछले तीन दिनों में करीब 48,000 श्रद्धालुओं ने अमरनाथ यात्रा की। रविवार को 7,208 तीर्थयात्रियों का एक और जत्था जम्मू से कश्मीर के लिए रवाना हुआ।

अधिकारियों ने बताया कि शनिवार को 21,000 से अधिक यात्रियों ने पवित्र गुफा मंदिर के दर्शन किए। उन्होंने बताया कि रविवार को 7,208 यात्रियों का एक और जत्था दो सुरक्षा काफिलों में जम्मू के भगवती नगर यात्री निवास से घाटी के लिए रवाना हुआ।

उन्होंने कहा, पहला सुरक्षा काफिला तीर्थयात्रियों को उत्तरी कश्मीर के बालटाल बेस कैंप ले जा रहा है, जबकि दूसरा सुरक्षा काफिला यात्रियों को दक्षिण कश्मीर के नुनवान (पहलगाम) बेस कैंप ले जा रहा है।

वार्षिक तीर्थयात्रा के मामलों का प्रबंधन करने वाले श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) के अधिकारियों ने बताया कि जम्मू के 'भगवती नगर यात्री निवास' आने वाले यात्रियों के अलावा, कई यात्री मौके पर पंजीकरण के लिए सीधे बालटाल और नुनवान (पहलगाम) बेस कैंप में रिपोर्ट कर रहे हैं।शनिवार को जम्मू संभाग के रामबन जिले के चंद्रकोट में घाटी जाने वाले यात्री काफिले में पांच वाहनों के आपस में टकरा जाने से 36 यात्री मामूली रूप से घायल हो गए।अधिकारियों ने इस वर्ष की अमरनाथ यात्रा को बहु-स्तरीय सुरक्षा प्रदान करने में कोई कसर नहीं छोड़ी है। 22 अप्रैल को पहलगाम आतंकी हमले के बाद ये पहली अमरनाथ यात्रा है। पाकिस्तान समर्थित आतंकवादियों ने पहलगाम की बैसरन घाटी में 26 मासूम लोगों की हत्या कर दी थी।सेना, बीएसएफ, सीआरपीएफ, एसएसबी और स्थानीय पुलिस की मौजूदा ताकत को बढ़ाने के लिए सीएपीएफ की अतिरिक्त 180 कंपनियों को तैनात किया गया है।दो बेस कैंपों के रास्ते में सभी ट्रांजिट कैंपों और जम्मू में 'भगवती नगर यात्री निवास' से गुफा मंदिर तक के पूरे मार्ग पर सुरक्षा बलों की पैनी नजर है। स्थानीय लोगों ने भी इस वर्ष की अमरनाथ यात्रा में पूरा सहयोग दिया है, जैसा कि उन्होंने पहले भी किया है।पहलगाम आतंकी हमले से कश्मीरियों को गहरा सदमा पहुंचाने का एक शक्तिशाली संकेत देने के लिए, स्थानीय लोगों ने यात्रियों के पहले जत्थे का माला और तख्तियों के साथ स्वागत किया, जब तीर्थयात्री काजीगुंड में घाटी में प्रवेश करने के लिए नवयुग सुरंग को पार कर रहे थे।

## क्राइम ब्रांच ने गोगी गैंग के पंछी को गोवा से किया गिरफ्तार

नई दिल्ली ,(आरएनएस)। दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने कुख्यात जितेंद्र गोगी गैंग के सक्रिय सदस्य मोहित उर्फ पंछी को गोवा से गिरफ्तार किया है। मोहित हरियाणा के सोनीपत के पंछी जाटान गांव का रहने वाला है। 2016 में गोगी को पुलिस हिरासत से भगाने में शामिल था।

उसे 2018 में मकोका मामले में गिरफ्तार किया गया था। फरवरी 2025 में उसे बहन की शादी के लिए चार दिन की अंतरिम जमानत मिली थी। जिसका फायदा उठाकर वो फरार हो गया।

क्राइम ब्रांच की आरके पुरम टीम, इंस्पेक्टर रामपाल और एसीपी उमेश बर्थवाल की अगुआई में गुप्त सूचना के आधार पर मोहित को पकड़ने के लिए गोवा में ऑपरेशन चलाया।



सूरत में भारी बारिश के दौरान जलमग्न सड़क से गुजरते यात्री।

# गोपाल खेमका हत्याकांड पर भड़के राहुल गांधी, बोले- बिहार को क्राइम कैपिटल बना दिया; अब बदलाव जरूरी

नई दिल्ली(आरएनएस)। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बिहार की कानून-व्यवस्था को लेकर भाजपा और प्रदेश के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर निशाना साधा। गोपाल खेमका हत्याकांड को आधार बनाकर राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि भाजपा और नीतीश कुमार ने मिलकर बिहार को 'भारत की क्राइम कैपिटल' बना दिया है।

कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पोस्ट में कहा, पटना में व्यवसायी गोपाल खेमका की सरेआम गोली मारकर हत्या ने एक बार फिर साबित कर दिया है कि भाजपा और नीतीश कुमार ने मिलकर बिहार को 'भारत की क्राइम कैपिटल' बना दिया है। आज बिहार लूट, गोली और हत्या के साए में जी रहा है। अपराध यहां 'नया नॉर्मल' बन चुका है- और सरकार पूरी तरह नाकाम।

उन्होंने आगे लिखा, बिहार के भाइयों और



बहनों, यह अन्याय अब और नहीं सहा जा सकता। जो सरकार आपके बच्चों की सुरक्षा नहीं कर सकती, वह आपके भविष्य की जिम्मेदारी भी नहीं ले सकती। हर हत्या, हर लूट, हर गोली ङ्क एक चीख है बदलाव की। अब वक्त है एक नए बिहार का ङ्क जहां डर नहीं, तरक्की हो। इस बार वोट सिर्फ सरकार बदलने का नहीं, बिहार को बचाने का है। बता दें कि शुक्रवार देर रात अपराधियों ने जाने-माने उद्योगपति गोपाल खेमका की हत्या कर दी। वारदात गांधी मैदान थाना क्षेत्र में रामगुलाम चौक के पास हुई। इस मामले में आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस ने एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) बनाई है। इस घटना से व्यवसायी गुस्से में हैं।बिहार के डीजीपी विनय कुमार ने रविवार को दावा किया कि अगले एक-दो दिनों में इस हत्याकांड की पूरी तस्वीर साफ हो जाएगी। उन्होंने बताया कि पटना और वैशाली जिलों में रात भर पुलिस की कई टीमें अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी करती रहीं। इस दौरान दर्जन भर से ज्यादा संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है, जिनसे फिलहाल पूछताछ जारी है। गोपाल खेमका पर गोली चलाने वाले हमलावर को घटनास्थल के अलावा शहर के अन्य हिस्सों में लगे सीसीटीवी में भी ट्रैक किया गया है।

# विविध-समाचार

## पीएम मोदी ने दलाई लामा को दी जन्मदिन की शुभकामनाएं, बताया- प्रेम और करुणा के प्रतीक

नई दिल्ल (आरएनएस)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को दलाई लामा को उनके 90वें जन्मदिन पर बधाई दी और उनके अच्छे स्वास्थ्य और लंबी आयु की प्रार्थना की। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, मैं 1.4 अरब भारतीयों के साथ परम पावन दलाई लामा को उनके 90वें जन्मदिन पर हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं। वह प्रेम, करुणा, धैर्य और नैतिक अनुशासन के स्थायी प्रतीक रहे हैं। उनका संदेश सभी धर्मों में सम्मान और प्रशंसा की प्रेरणा रहा है। हम उनकी अच्छी सेहत और लंबी उम्र की प्रार्थना करते हैं।

प्रधानमंत्री मोदी इस वक्त ब्राजील के रियो डी जेनेरियो में हैं, जहां वे 17वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में हिस्सा लेने और राजकीय यात्रा पर हैं।

## मुजफ्फरनगर में खुला 'प्रधानमंत्री चाय वाला' रेस्टोरेंट, चर्चा में आया नाम और यहां की सफाई व्यवस्था

मुजफ्फरनगर(आरएनएस)। उत्तर प्रदेश के जनपद मुजफ्फरनगर में इन दिनों होटल और ढाबों पर नामकरण को लेकर खूब चर्चा हो रही है। जहां एक ओर 'पंडित जी वैष्णो ढाबा' जैसे नाम सुर्खियों में हैं, वहीं दूसरी ओर दिल्ली-देहरादून राष्ट्रीय राजमार्ग-58 पर स्थित गांव बढ़ेंडी में एक अनोखा रेस्टोरेंट चर्चा का विषय बना हुआ है, जिसका नाम 'प्रधानमंत्री चाय वाला' है। इस रेस्टोरेंट के मालिक अभिषेक पंवार हैं, जो मूल रूप से राजस्थान के जयपुर से हैं। रेस्टोरेंट के मालिक ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से प्रेरित होकर अपने रेस्टोरेंट का नाम 'प्रधानमंत्री चाय वाला' रखा है। 'प्रधानमंत्री चाय वाला' देखने में अन्य रेस्टोरेंट और ढाबों जैसा ही है, लेकिन अनोखे नाम और यहां की सफाई व्यवस्था के कारण इसकी खूब चर्चा हो रही है।अभिषेक पंवार सभी सरकारी नियमों और खाद्य सुरक्षा मानकों का पालन करते हुए इस रेस्टोरेंट को चला रहे हैं। रेस्टोरेंट में सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, यहां तक कि रसोई में भी कैमरे हैं और स्वच्छता का विशेष ध्यान रखा गया है। इसके साथ ही 'आई लव मुजफ्फरनगर' के नाम से सेल्फी प्वाइंट बनाया गया है, जो युवाओं को खासा आकर्षित कर रहा है।

## बिहार के डीजीपी विनय कुमार का दावा, 'गोपाल खेमका की हत्या के पीछे का सच जल्द आएगा सामने'

पटना ,(आरएनएस)। बिहार की राजधानी पटना में शुक्रवार देर रात हुए व्यवसायी गोपाल खेमका हत्याकांड मामले में बिहार पुलिस ने त्वरित कार्रवाई शुरू कर दी है। बिहार के पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) विनय कुमार ने रविवार को समाचार एजेंसी आईएएनएस से खास बातचीत में दावा किया कि अगले एक-दो दिनों में इस हत्याकांड की पूरी तस्वीर साफ हो जाएगी।डीजीपी विनय कुमार ने बताया कि पटना और वैशाली जिलों में रात भर पुलिस की कई टीमें अलग-अलग ठिकानों पर छापेमारी करती रहीं। इस दौरान दर्जन भर से ज्यादा संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है, जिनसे फिलहाल पूछताछ जारी है। गोपाल खेमका पर गोली चलाने वाले हमलावर को घटना घटनास्थल के अलावा शहर के अन्य हिस्सों में लगे सीसीटीवी में भी ट्रैक किया गया है। हमलावर की मोटरसाइकिल की पहचान कर ली गई है, लेकिन हेलमेट पहनने के कारण उसके चेहरे की स्पष्ट पहचान नहीं हो पाई है। विनय कुमार ने आश्वस्त किया कि एक-दो दिनों में इस हत्याकांड की पूरी कहानी सामने आ जाएगी।शनिवार को उन्होंने कहा, यह बेहद दुखद घटना है। मामले की जांच के लिए एसटीएफ की पूरी टीम को लगाया गया है और हमें उम्मीद है कि जल्द ही मामले का खुलासा हो जाएगा। इससे पहले 2018 में हाजीपुर औद्योगिक थाना क्षेत्र में उनके बेटे की भी हत्या कर दी गई थी और उस मामले का भी सफलतापूर्वक खुलासा किया गया था। एक साल के अंदर चार आरोपियों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल की गई थी।

## रेप, मर्डर और 11 साल बाद कातिल का कबूलनामा, मैं ही लगाता था लाशों को ठिकाने

बेंगलुरु ,(आरएनएस)। कर्नाटक के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल धर्मस्थल से एक ऐसी खौफनाक खबर सामने आई है, जिसने पूरे राज्य में सनसनी फैला दी है। यहां एक पूर्व सफाई कर्मचारी ने खुद पुलिस के सामने आकर एक ऐसा गुनाह कबूल किया है, जिसे सुनकर किसी की भी रूह कांप जाए। शख्स ने दावा किया है कि उसे 1998 से 2014 तक, यानी करीब 16 सालों तक, रेप की शिकार लड़कियों और महिलाओं की लाशों को जलाने और ठिकाने लगाने के लिए मजबूर किया गया।

लगभग 11 साल तक इस खौफनाक सच को अपने सीने में दफन रखने के बाद, यह शख्स खुद पुलिस के पास पहुंचा। उसने बताया कि वह दसियों साल से पछतावे की आग में जल रहा था और अब वह चाहता है कि उन मासूम पीड़ितों को न्याय मिले जिनकी लाशें उसने ठिकाने लगाई थीं। शख्स ने पुलिस से अपनी पहचान गुप्त रखने का अनुरोध किया है, जिसके बाद पुलिस ने कोर्ट से जरूरी अनुमति लेकर धर्मस्थल पुलिस थाने में मामला दर्ज कर लिया है।

## चुनाव आयोग के खिलाफ टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने खटखटाया सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा, इस आदेश को दी चुनौती



नई दिल्ली ,(आरएनएस)। टीएमसी सांसद महुआ मोइत्रा ने चुनाव आयोग के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। महुआ मोइत्रा ने ECI के उस आदेश को चुनौती दी है, जिसमें बिहार में मतदाता सूची की स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन यानी विशेष पुनरीक्षण की बात कही गई है।

याचिका में मांग की गई है कि सुप्रीम कोर्ट इस आदेश पर तत्काल रोक लगाए और ECI को निर्देश दे कि वो देश के बाकी राज्यों में भी ऐसा कोई आदेश ना जारी करे। महुआ मोइत्रा का आरोप है कि यह आदेश मनमाना, असंवैधानिक और गरीबों, महिलाओं और प्रवासी मतदाताओं को वोटिंग प्रक्रिया से बाहर करने वाला है।हालही में महुआ मोइत्रा उस वक्त चर्चा में रही थीं, जब उन्होंने पूर्व बीजद सांसद और सीनियर वकील पिनाकी मिश्रा के साथ बर्लिन में शादी की थी। इसके अलावा वह तब भी चर्चा में थीं, जब कल्याण बनर्जी ने महुआ मोइत्रा पर व्यक्तिगत टिप्पणी करते हुए बहुत कुछ ऐसा कह दिया जो विवादास्पद है। बनर्जी ने कहा कि महुआ मोइत्रा नई-नई शादी कर हनीमून पर गईं थीं और जल्द ही अपने हनीमून से लौटी हैं और आते ही उन्होंने मेरे ऊपर हमला बोल दिया है।

## दादा ने बहु समेत 3 मासूम पोतो पर किया धारधार हथियार से जानलेवा हमला

टोंक (आरएनएस)। जिला मुख्यालय के गुलजार बाग क्षेत्र में एक दादा मामूली कहासुनी पर इतना हैवान हो गया कि उसने अपनी बहु और तीन मासूम पोतो पर धारधार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। जिन्हे चिंताजनक हालत में सआदत अस्पताल लाया गया, जहां से उन्हें जयपुर रैफर कर दिया है।जानकारी के अनुसार गुलजार बाग निवासी हाफिज पुत्र बुन्दू खां ने अपने ही घर में मकान को लेकर मामूली विवाद के चलते दादा ने अपनी बहु फाहीजा पत्नि रेहान एवं पोते 5 वर्षीय सालिक, 3 वर्षीय शाद एवं 2 वर्षीय सऊद पर धारधार हथियार से हमला कर दिया।घटना की सूचना मिलते ही शहर कोतवाल भंवरलाल वैष्णव मय दल बल के घटना स्थल पर पहुंच कर हमलावर दादा हाफिज को हिरासत में ले लिया।

## तिहाड़ जेल में सजा काट रहा खूंखार सीरियल किलर फरार, प्रशासन में मचा हड़कंप

नई दिल्ली(आरएनएस)। देश की सबसे सुरक्षित मानी जाने वाली तिहाड़ जेल में बंद कुख्यात सीरियल किलर सोहराब के फरार होने की खबर से सनसनी फैल गई है। तीन दिन की पैरोल पर बाहर आया सोहराब, अवधि पूरी होने के बावजूद वापस जेल नहीं लौटा। इस घटना के बाद जेल प्रशासन में हड़कंप मच गया है और लखनऊ पुलिस के साथ मिलकर उसकी सरगर्मी से तलाश की जा रही है।जानकारी के मुताबिक, सोहराब को तीन दिनों के लिए पैरोल पर रिहा किया गया था। उसे लखनऊ में अपनी पत्नी से मुलाकात करने के बाद वापस दिल्ली की तिहाड़ जेल लौटना था, लेकिन वह निर्धारित समय पर नहीं पहुंचा। जब सोहराब वापस नहीं आया, तो जेल प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए और उन्होंने फौरन उसकी तलाश शुरू कर दी। तिहाड़ जेल प्रशासन ने तुरंत लखनऊ पुलिस से संपर्क साधा है और सोहराब की धरपकड़ के लिए अभियान तेज कर दिया है।

## कैप्टन विक्रम बत्रा : कारगिल का शेर, जिसने देश के लिए जान न्यौछावर कर दी

नई दिल्ली (आरएनएस)। कैप्टन विक्रम बत्रा, एक ऐसा नाम है जो शौर्य, बलिदान और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक है। कारगिल युद्ध के दौरान दुर्गम चोटियों पर विजय पाने वाले इस जांबाज योद्धा ने न सिर्फ दुश्मनों को धूल चटाई, बल्कि अपने अदम्य साहस और नेतृत्व से देश के करोड़ों दिलों को छू लिया। हिमाचल की वादियों से उठकर तिरंगे की शान के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वाले 'शेरशाह' ने साबित कर दिया कि वतन से बढ़कर कुछ नहीं। 7 जुलाई को उन्होंने देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति दी और इतिहास में अमर हो गए। कैप्टन विक्रम बत्रा का जन्म 9 सितंबर 1974 को हिमाचल प्रदेश के पालमपुर के पास स्थित घुग्गर गांव में एक पंजाबी-खत्री परिवार में हुआ था। उनके पिता जीएल बत्रा एक स्कूल प्रिंसिपल और माता जय कमल बत्रा एक शिक्षिका थीं।बत्रा 1996 में मानेकशॉ बटालियन की जेसोर कंपनी में देहरादून में इंडियन मिलिट्री अकादमी में शामिल हुए। प्रशिक्षण के बाद उन्हें जम्मू-कश्मीर के सोपोर में 13 जम्मू-कश्मीर राइफल्स के लेफ्टिनेंट के रूप में भारतीय सेना में कमीशन दिया गया। बाद में वह कैप्टन के पद तक पहुंचे।साल 1999 में जब कारगिल युद्ध छिड़ा, उस समय विक्रम बत्रा भारतीय सेना की 13 जम्मू-कश्मीर राइफल्स में तैनात थे। पॉइंट 5140 पर विजय के बाद 13 जम्मू-कश्मीर राइफल्स को अगला लक्ष्य पॉइंट 4875 को कब्जे में लेना था।



धर्मशाला में दलाई लामा की 90वीं जयंती समारोह में केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू और आध्यात्मिक नेता दलाई लामा और केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह।

## हरियाणाः बारिश ने एक बार फिर खोली बीजेपी सरकार की पोल- भूपेंद्र सिंह हुड्डा

चंडीगढ़ (आरएनएस)। पूर्व मुख्यमंत्री भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा है कि बारिश के मौसम में एक बार फिर बीजेपी सरकार की पोल खुल गई है। आज एक तरफ जहां, गलियों, सड़कों, हाईवे और खेतों में हर जगह लोगों को जलभराव का सामना करना पड़ रहा है। वहीं दूसरी तरफ जहां तहां लगे कचरे के ढेर ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। इस सरकार की बदइंतजामी का हाल ये की हरियाणा के 6 नगर निगमों, 12 नगर परिषदों और 27 नगर पालिकाओं में कचरा उठाने व सफाई के टेंडर समाप्त होने के बाद नए टेंडर नही हुए। इस वजह से 45 शहरों में कचरा उठान का काम कई दिनों से बंद पड़ा है। 19,000 टन कूड़ा सड़कों पर बिखरा हुआ है।



बारिश के इस मौसम में सड़कों पर सड़ रहे इस कचरे से संक्रमण और कई बीमारियां फैलने के आसार तो है ही, साथ ही इससे सीवरेज भी जाम हो सकते हैं। यह स्थिति देखकर लगता है कि बीजेपी को हरियाणा की जनता की सुरक्षा और स्वास्थ्य से कोई वास्ता ही नहीं है। कोई बड़े व संरचनात्मक काम करना तो दूर, ये सरकार आधारभूत कामों को भी अंजाम देने में नाकाम साबित हो रही है।

हुड्डा ने कहा कि चिलचिलाती गर्मी के बीच जिस बारिश को राहत बनना चाहिए था, वह सरकारी बदइंतजामी के चलते आफत बन गई है। रोहतक की सड़कों से लेकर कुरुक्षेत्र के खेतों तक पानी ही पानी नजर आ रहा है। क्योंकि बार-बार चेताने के बावजूद ना तो सरकार ने समय रहते अपनी सीवरेज व्यवस्था को दुरुस्त किया और ना ही नदियों के तटबंधों को मजबूत किया। यही वजह है कि शाहाबाद और कुरुक्षेत्र के दर्जनभर गांव में बाढ़ जैसे हालात हो गए।सिरसा के भी कई गांव में फ्लडी नहर में दरार आने की वजह से सैकड़ों एकड़ फसल जलमग्न हो गई है। हर जगह प्रति एकड़ किसानों को कई-कई हजार रुपए का नुकसान हुआ है।

# राहुल गांधी की तस्वीर छपे सेनिटरी पैड्स के वीडियो का क्या है सच

### अल्का लांबा बोलीं-वायरल वीडियो पूरी तरह फर्जी, झूठ फैला रही बीजेपी

नई दिल्ली,(ए)। बिहार विधानसभा को लेकर सभी राजनीतिक दल मतदाताओं को लुभाने में जुट हैं। इस बीच कांग्रेस द्वारा बांटे जा रहे सैनिटरी पैड्स को लेकर एक विवादास्पद वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो में दावा किया गया कि सैनिटरी पैड के ऊपर राहुल गांधी की तस्वीर छपी है। इस पर बीजेपी और कांग्रेस के बीच सियासी जंग शुरु हो गई है।

कांग्रेस महिला विंग ने बिहार में 5 लाख सैनिटरी पैड मुफ्त में बांटने का अभियान शुरू किया है। इन पैड्स के पैकेट पर राहुल और प्रियंका गांधी की तस्वीर छपी है, लेकिन वायरल वीडियो में यह दावा किया गया कि खुद सैनिटरी पैड पर राहुल गांधी की फोटो छपी है। इस दावे का कांग्रेस ने खंडन किया है। महिला कांग्रेस प्रमुख अल्का लांबा ने कहा कि वायरल वीडियो पूरी तरह फर्जी है। बीजेपी झूठ फैला रही है। पैड के ऊपर कोई भी तस्वीर नहीं है। वीडियो में जानबूझकर छेड़छाड़ की गई है।

अल्का लांबा ने खुद एक वीडियो जारी कर वास्तविक सैनिटरी पैड्स को दिखाया और कहा कि यह महिलाओं की गरिमा से जुड़ा मामला है, बीजेपी को इतना नीचे नहीं गिरना चाहिए। वहीं कांग्रेस प्रवक्ता सुप्रिया श्रीनेत ने कहा कि जो फर्जी वीडियो फैलाया जा रहा है उसका खामियाजा बीजेपी को चुनाव में भुगतना पड़ेगा। कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने पलटवार करते हुए कहा कि क्या बीजेपी नहीं चाहती कि हमारी बहन-बेटियों को सुरक्षित सैनिटरी पैड्स मिलें? क्या महिलाओं की सेहत पर राजनीति करना अब बीजेपी की रणनीति बन गई है?कांग्रेस और राजद ने माई बहन मान योजना की घोषणा की है। हर महिला के खाते में हर महीने 2,500 भेजने का वादा किया गया है। जदयू ने महिला संवाद कार्यक्रम शुरू किया है। बीजेपी ने भी महिलाओं के लिए विशेष शक्ति केंद्र योजना को फिर से सक्रिय किया है। वायरल वीडियो सैनिटरी पैड पर राहुल गांधी की तस्वीर दिखाने का दावा करता है, लेकिन कांग्रेस का कहना है कि यह सिर्फ पैकेट पर लगी प्रचार सामग्री है, न कि पैड पर।

# रेड ड्रेस में सारा अली खान ने बढ़ाया सोशल मीडिया का तापमान, एप्पल खाते हुए शेयर की स्टनिंग तस्वीरें



सारा अली खान एक बार फिर अपने शानदार और बोल्ड लुक को लेकर चर्चा में हैं. एक्ट्रेस ने हाल ही में अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर कुछ बेहद ग्लैमरस तस्वीरें शेयर की हैं जिनमें वह रेड ड्रेस में एप्पल खाते हुए नजर आ रही हैं. उनके इस बोल्ड और एलीगेंट अंदाज़ ने सोशल मीडिया पर फैंस का दिल जीत लिया है.सारा ने कैप्शन में लिखा, अपना फल खाओ और क्रूर मत बनो, जो उनके चंचल और विचित्र अंदाज़ को भी दर्शाता है. इन तस्वीरों में वह रेड स्लीवलेस ड्रेस और मैचिंग हाई हील्स में कमाल की लग रही हैं. मिरर लाइट्स के सामने बैठे हुए उनका कॉन्फिडेंट पोज और डार्क वेवी हेयरस्टाइल उनके लुक को और भी स्टनिंग बना रहा है.पोस्ट के कुछ ही मिनटों में हजारों लाइक्स और कमेंट्स आने लगे. फैंस उन्हें 'क्यूटी इन रेड', 'गॉर्जियस दिवा', और 'रेड हॉट सेंसेशन' जैसे नामों से नवाज़ रहे हैं. एक यूज़र ने तो सारा की पहली फिल्म केदारनाथ को याद करते हुए कमेंट किया, केदारनाथ फिल्म देख कर आज मूड ऑफ है , यह दिखाता है कि सारा का चार्म आज भी दर्शकों पर बरकरार है.सारा अली खान का यह नया लुक उनके फैंस के लिए एक फैशन इंस्पिरेशन बन चुका है. अक्सर ट्रेडिशनल और वेस्टर्न आउटफिट्स में दिखाई देने वाली सारा इस बार भी अपने क्लासी और कूल कॉम्बिनेशन से सबको इंप्रेस करने में सफल रही हैं. खना दिलचस्प होगा कि सारा का ये फैशन स्टेटमेंट अगली बार कौन-सा नया ट्रेंड सेट करता है।

## कृष 4 में 3 अलग-अलग भूमिका निभा रहे ऋतिक रोशन, सामने आई ये बड़ी जानकारी

जब से ऋतिक रोशन ने अपनी ब्लॉकबस्टर फ्रैंचाइजी कृष की चौथी किस्त की घोषणा की है, प्रशंसकों का उत्साह चरम पर है। खास बात यह है कि कृष 4 के निर्देशन की कमान ऋतिक खुद संभाल रहे हैं। इस फिल्म के जरिए वह मनोरंजन जगत में बतौर निर्देशक कदम रखने जा रहे हैं। ऋतिक फिल्म में अभिनय भी करेंगे। अब ताजा खबर यह है कि कृष 4 में ऋतिक का डबल नहीं, बल्कि ट्रिपल रोल होने वाला है।रिपोर्ट्स के अनुसार, कृष 4 में ऋतिक तीन अलग-अलग किरदारों के जरिए अपनी उम्दा अदाकारी का दमखम दिखाते नजर आएंगे। एक सूत्र ने कहा, योजना यह है कि कृष को एक बड़े खतरे को खत्म करने के लिए अलग-अलग समय सीमाओं, अतीत और भविष्य में लाया जाएगा।

## विक्रांत मैसी की फिल्म आंखों की गुस्ताखियां का गाना अलविदा जारी, विशाल मिश्रा ने लगाए सुर

काफी समय से विक्रांत मैसी फिल्म आंखों की गुस्ताखियां को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। उनकी इस फिल्म की राह दर्शक बड़ी बेसब्री से देख रहे हैं। इस फिल्म को लेकर दर्शक इसलिए भी उत्साहित हैं,



क्योंकि ये संजय कपूर की बेटी शनाया कपूर की पहली फिल्म है। इसके जरिए वह बॉलीवुड में कदम रख रही हैं। अब निर्माताओं ने आंखों की गुस्ताखियां का नया गाना अलविदा जारी कर दिया है, जिसे विशाल मिश्रा ने अपनी आवाज दी है।अलविदा गाने में विकांत और शनाया की खूबसूरत केमिस्ट्री दिख रही है। इस गाने के बोल भी विशाल मिश्रा ने ही लिखे हैं। आंखों की गुस्ताखियां भारत के मशहूर लेखक रस्किन बॉन्ड की लोकप्रिय लघु कहानी, द आइज हैव इट पर आधारित है। इस फिल्म के निर्देशन की कमान संतोष सिंह ने संभाली है, वहीं मानसी बागला और वरुण बागला फिल्म के निर्माता हैं। आंखों की गुस्ताखियां को 11 जुलाई, 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज किया जएगा।

# ट्रोलर्स पर भड़कीं उर्फी जावेद, बोलीं नफरत नहीं रोक पाएगी

करण जौहर का शो द ट्रेटर्स जीतने के बाद, उर्फी जावेद ट्रोलर्स के निशाने पर हैं. उन्होंने सोशल मीडिया पोस्ट के ज़रिए बताया है कि कैसे उन्हें कुछ लोगों से धमकियां और अपमानजनक मैसेज मिल रहे हैं।

उर्फी ने इंस्टाग्राम पर ट्रोलर्स के मैसेज के स्क्रीनशॉट्स पोस्ट करते हुए लिखा, जब आपको कोई लड़की पसंद नहीं आती, तो बस आप उसके लिए आर शब्द छोड़ देते हैं. ऐसा पहली बार नहीं हो रहा जब मुझे इस तरह से धमकियां या गाली मिल रही है, लेकिन इस बार यह मेरे कपड़ों की वजह से नहीं बल्कि मेरे शो जीतने की वजह से हो रहा है. जब आपका मनपसंद खिलाड़ी नहीं जीतता, तो आप गाली देने लगते हो. ये मेरे अपलोड किए गए अच्छे वीडियो हैं, मैं चाहे कुछ भी कर लूं, लोगों को बस नफरत फैलाना और गाली देना पसंद है. अगर हर्ष को शो से न निकालती तो प्यार में अंधी, हर्ष को निकाल दिया तो धोखेबाज. पूरब को जीतने देती तो बेवकूफ, जीतने नहीं दिया तो धोखेबाज. नफरत ने मुझे पहले



कभी नहीं रोका और न अब रोक पाएगी।

उर्फी जावेद को उनके बोल्ड और रिवीलिंग आउटफिट्स को लेकर हमेशा ट्रोलिंग का सामना करना पड़ता है. हालांकि, वह खुलकर कहती हैं कि उन्हें ट्रोलर्स से बिल्कुल फर्क नहीं पड़ता है. बता दें, उर्फी जावेद और निकिता लूथर ने करण जौहर द्वारा होस्ट किए गए शो द ट्रेटर्स के पहले सीजन में विजेता का खिताब जीता. दोनों को प्राइज मनी के तौर पर 70.05 लाख रुपए मिले. फिनाले में उर्फी, निकिता, हर्ष और सुधांशु क्वालीफायर थे. सुधांशु के बाहर होने के बाद, निकिता और उर्फी ने हर्ष और पूरब के खिलाफ वोट देकर बाहर कर दिया।

द ट्रेटर्स में कई जाने-माने लोगों ने हिस्सा लिया था. इनमें अंशुला कपूर, अपूर्वा मखीजा, आशीष विद्यार्थी, एलनाज नौरोजी, हर्ष गुजराल, जन्नत जुबैर, जान्हवी गौर, जैस्मिन भसीन, करण कुंद्रा, लक्ष्मी मांचू, महीप कपूर, मुकेश छाबड़ा, पूरब झा, रफ्तार, साहिल सलाथिया, सुधांशु पांडे, सूफी मोतीवाला और उर्फी जावेद थे.इस शो में कई कंटेस्टेंट इनोसेंट थे, जिन्हें ट्रेटर्स की पहचान करनी थी. यह शो प्राइम वीडियो पर 12 जून को रिलीज हुआ था, जिसका निर्माण बीबीसी स्टूडियोज इंडिया प्रोडक्शंस और ऑल 3 मीडिया इंटरनेशनल ने संयुक्त रूप से मिलकर किया. शो आईडीटीवी के बाफ्टा और एमी पुरस्कार विजेता फॉर्मेट का भारतीय रूपांतरण है।

## आमिर खान की साउथ सिनेमा में धमाकेदार एंट्री, फर्स्ट लुक से मची सनसनी, रजनीकांत की फिल्म कूली में उड़ाएंगे गर्दा

*सितारे जमीन पर के बाद, आमिर खान रजनीकांत की मोस्ट अवेटेड फिल्म कूली में कैमियो करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं. बॉलीवुड सुपरस्टार अपनी तमिल डेब्यू फिल्म में दाहा का किरदार निभाने के लिए पूरी तरह तैयार हैं. मेकर्स ने फिल्म से उनका पहला लुक रिलीज कर दिया है और इंटरनेट पर लोग इसे देखकर हैरान रह गए.*



आमिर खान का ब्लैक बनियान पहने, स्टाइलिश स्वैग से सिगार पीते हुए, धांसू लुक इंटरनेट पर छाया हुआ है. यह किरदार उनके हाल के वर्षों में उनके द्वारा निभाई गई भूमिकाओं से बिल्कुल अलग लुक है. एक्स पर पोस्ट की गई एक मोनोक्रोम तस्वीर में उनका साइड प्रोफाइल लुक जिसमें वे चश्मा पहने हुए हैं, शेयर किया गया है. इसके साथ मेकर्स ने कैप्शन लिखा, कूली की दुनिया से आमिर खान को दाहा के रूप में पेश करते हुए कूली 14 अगस्त से दुनिया भर के आईमैक्स स्क्रीन पर छाने के लिए तैयार है।

कूली से सामने आए आमिर के इस लुक ने इंटरनेट पर सनसनी मचा दी है. दर्शकों को आमिर का यह लुक खूब पसंद आ रहा है. एक यूजर ने कमेंट किया, आमिर का यह मास अवतार वाकई कमाल का है. एक ने लिखा, क्या स्वैग है. एक ने कमेंट किया, क्या एटीट्यूड और स्वैग है, दाहा के लिए एकदम परफेक्ट. एक ने कमेंट किया, यह फिल्म एकदम ब्लॉकबस्टर होने वाली है।

हाल ही में आमिर ने रजनीकांत में अपने होने की पुष्टी की थी, उन्होंने बताया था कि वह इस फिल्म को करने के लिए इसलिए माने क्योंकि वे रजनीकांत के बहुत बड़े फैन हैं. कूली में उनके कैमियो के बारे में एक फैन के सवाल का जवाब देते हुए आमिर खान ने कहा, मुझे यह करने में बहुत मजा आया. मैं रजनी सर का बहुत बड़ा फैन हूं. मेरे मन में रजनी सर के लिए बहुत प्यार और सम्मान है. इसलिए, मैंने स्क्रिप्ट भी नहीं सुनी. जब लोकेश ने मुझे बताया कि यह रजनी सर की फिल्म है और वह चाहते हैं कि मैं इसमें कैमियो करूं, तो मैंने कहा, ठीक है, मैं इसे कर रहा हूं, जो भी हो, मैं इसे कर रहा हूं.इस बीच आमिर खान लाल सिंह चड्ढा के तीन साल बाद सितारे जमीन पर के साथ फिल्मों में लौटे, इस फिल्म में उनके साथ जेनेलिया देशमुख और 10 ऐसे एक्टर्स हैं जिन्होंने पहली बार बड़ी स्क्रीन पर परफॉर्मेंस दी.कूली एक तमिल भाषा की एक्शन थ्रिलर फिल्म है जिसे लोकेश कनगराज ने निर्देशित और सन पिक्चर्स ने प्रोड्यूस किया है. रजनीकांत फिल्म में लीड रोल में हैं, उनके साथ सौबिन शाहिर, नागार्जुन, श्रुति हासन, सत्यराज और उपेंद्र अहम रोल में हैं. कूली को 2025 में दुनिया भर में वर्ल्डवाइल्ड और आईमैक्स में रिलीज किया जाएगा।

## मेट्रो... इन दिनों की बॉक्स ऑफिस पर औसत शुरुआत, पहले दिन हुई इतनी कमाई

अनुराग बसु के निर्देशन में बनी फिल्म मेट्रो... इन दिनों का दर्शक लंबे समय से इंतजार कर रहे थे और आखिरकार यह फिल्म 4 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म को समीक्षकों की तरफ से हरी झंडी मिली, वहीं दर्शक भी दिल खोलकर इसकी कहानी और तमाम




सितारों की अदाकारी की तारीफ कर रहे हैं। इसके बावजूद भी फिल्म की पहले दिन की कमाई औसत रही। आइए जानें मेट्रो... इन दिनों ने पहले दिन कैसा प्रदर्शन किया।

बॉक्स ऑफिस ट्रैकर सैकनिल्क के मुताबिक, मेट्रो... इन दिनों ने रिलीज के पहले दिन यानी शुक्रवार को 3.35 करोड़ रुपये का कारोबार किया। हालांकि, ये शुरुआती आंकड़े हैं और आधिकारिक आंकड़े सामने आने के बाद उनमें थोड़ा बहुत फेरबदल हो सकता है। मेट्रो... इन दिनों का बजट 85 करोड़ रुपये बताया जा रहा है। इस लिहाज फिल्म की पहले दिन की कमाई औसत है। अब यह देखना दिलचस्प होगा कि फिल्म के लिए वीकएंड कैसा साबित होता है।

मेट्रो... इन दिनों एक म्यूजिकल रोमांटिक होने के साथ-साथ एक मल्टीस्टारर फिल्म है, जिसमें आदित्य रॉय कपूर, सारा अली खान, अनुपम खेर, पंकज त्रिपाठी, फातिमा सना शेख, कोंकणा सेन शर्मा, नीना गुप्ता और अली फजल ने अपनी अदाकारी का तड़का लगाया है।

फिल्म की कहानी 4 जोड़ियों के इर्द-गिर्द बुनी गई है, जो अलग-अलग शहरों में रहती हैं। इन चारों जोड़ियों में एक बात आम है और वो है रिश्तों और प्यार को लेकर इनकी परेशानियां।

# त्वचा पर दाग-धब्बे हैं? इन 5 घरेलू नुस्खों से मिलेगी राहत



दाग-धब्बे त्वचा की सुंदरता को कम कर सकते हैं और कई बार ये चिंता का कारण भी बन जाते हैं। ये दाग-धब्बे सूरज की किरणों के संपर्क में आने, मुंहासे या चोट के बाद रह जाते हैं। आज हम आपको कुछ असरदार घरेलू नुस्खों के बारे में बताएंगे, जो इन दाग-धब्बों को कम करने में मदद कर सकते हैं। इन नुस्खों को अपनाकर आप अपनी त्वचा को साफ और चमकदार बना सकते हैं।

### एलोवेरा जेल

एलोवेरा जेल त्वचा को ठंडक पहुंचाने के साथ-साथ उसे नमी भी देता है। इसमें सूजन कम करने वाले गुण होते हैं, जो दाग-धब्बों को कम करने में सहायक होते हैं। लाभ के लिए ताजे एलोवेरा पत्ते से जेल निकालकर प्रभावित क्षेत्र पर लगाएं और रातभर छोड़ दें, फिर सुबह धो लें। नियमित उपयोग से त्वचा मुलायम और चमकदार बनती है, जिससे दाग-धब्बे धीरे-धीरे हल्के हो जाते हैं और आपकी त्वचा की रंगत भी सुधरती है।

### शहद और नींबू का मिश्रण

शहद और नींबू का मिश्रण एक बेहतरीन घरेलू नुस्खा है, जो त्वचा की नमी बनाए रखते हुए दाग-धब्बों को हल्का करता है। शहद में मॉइस्चराइजिंग गुण होते हैं, जबकि नींबू में ब्लीचिंग गुण होते हैं। लाभ के लिए एक चम्मच शहद में आधी चम्मच नींबू मिलाकर इसे प्रभावित क्षेत्र पर लगाएं और 15-20 मिनट बाद धो लें। यह मिश्रण त्वचा को नमी देता है और दाग-धब्बों को धीरे-धीरे कम करता है।

### दही मास्क

दही मास्क में लैक्टिक एसिड होता है, जो त्वचा को साफ करने में मदद करता है और दाग-धब्बों को हल्का करता है। लाभ के लिए एक चम्मच दही में थोड़ा-सा नींबू मिलाकर इसे चेहरे पर लगाएं और 15 मिनट बाद धो लें। यह मास्क त्वचा को नमी देता है और उसे मुलायम बनाता है। नियमित उपयोग से आपकी त्वचा की रंगत सुधरती है।

### आलू का रस

आलू का रस प्राकृतिक ब्लीच की तरह काम करता है, जो त्वचा की रंगत को सुधारता है और दाग-धब्बों को हल्का करता है। लाभ के लिए कच्चे आलू को कद्दूकस करके उसका रस निकाल लें और प्रभावित क्षेत्र पर लगाएं, फिर 20 मिनट बाद धो लें। नियमित उपयोग से आपकी त्वचा की रंगत निखरती है और दाग-धब्बे भी कम होते हैं। यह उपाय त्वचा को मुलायम और चमकदार बनाता है।

### बेसन और दूध का पैक

बेसन और दूध का पैक त्वचा की गहराई से सफाई करता है और मृत कोशिकाओं को हटाता है, जिससे दाग-धब्बे हल्के होते हैं। लाभ के लिए दो चम्मच बेसन में थोड़ा-सा दूध मिलाकर पेस्ट तैयार करें, फिर इसे चेहरे पर लगाएं और सूखने पर धो लें। इन घरेलू नुस्खों का नियमित उपयोग करके आप अपनी त्वचा को साफ-सुथरी और चमकदार बना सकते हैं, जिससे दाग-धब्बे भी कम होते हैं।

# पीठ के दर्द को कम करने के लिए आजमाएं ये 5 तरीके, जल्द मिलेगा आराम

*पीठ में दर्द एक आम समस्या है, जो किसी भी उम्र के लोगों को प्रभावित कर सकती है। यह दर्द कई कारणों से हो सकता है, जैसे कि गलत तरीके से उठना-बैठना, भारी सामान उठाना या लंबे समय तक एक ही स्थिति में रहना। हालांकि, कुछ सरल और असरदार उपायों को अपनाकर आप इस समस्या से निजात पा सकते हैं। आइए कुछ ऐसे ही आसान और असरदार उपाय जानते हैं, जिनसे पीठ के दर्द से राहत मिल सकती है।*

### रोजाना करें स्ट्रेचिंग

रोजाना स्ट्रेचिंग अभ्यास करना पीठ के दर्द को कम करने का एक बेहतरीन तरीका है। सुबह-सुबह या शाम को थोड़ा समय निकालकर हल्का स्ट्रेचिंग करें। इससे न केवल मांसपेशियों में लचीलापन आता है, बल्कि रक्त का प्रवाह भी बढ़ता है, जिससे दर्द में राहत मिलती है। आप अपनी पीठ के निचले हिस्से और कंधों का स्ट्रेचिंग कर सकते हैं। इसके अलावा आप योग के कुछ आसन भी कर सकते हैं, जो पीठ के लिए फायदेमंद होते हैं।

### सही तरीके से बैठें

काम करते समय सही तरीके से बैठना बहुत जरूरी है। कुर्सी पर बैठते समय पीठ सीधी रखें और कंधों को पीछे की ओर खींचें। पैरों को जमीन पर सपाट रखें और घुटनों को 90 डिग्री के कोण पर मोड़ें। अगर आपकी कुर्सी असहज है तो गद्देदार कुर्सी का उपयोग करें या कुशन लगाएं ताकि आपकी पीठ को सही सहारा मिल सके। इसके अलावा लंबे समय तक एक ही स्थिति में न बैठें, बीच-बीच में थोड़ा टहलें।

### भारी सामान उठाने से बचें

भारी सामान उठाते समय ध्यान रखना चाहिए कि आपका वजन संतुलित हो और सामान को दोनों हाथों से समान रूप से उठाएं। अगर संभव हो तो हाथों में सामान उठाने की बजाय ट्रॉली या कैरियर का उपयोग करें। इसके अलावा भारी चीजों को खींचने या धकेलने की बजाय उन्हें उठाने की कोशिश करें। इससे आपकी पीठ पर अधिक दबाव नहीं पड़ेगा और दर्द की संभावना कम होगी। हमेशा अपनी क्षमतानुसार ही वजन उठाएं और जरूरत पड़ने पर मदद लें।

### आरामदायक बिस्तर पर सोएं



अगर आप किसी असुविधाजनक बिस्तर पर सोते हैं तो यह आपकी पीठ के लिए हानिकारक हो सकता है। इसलिए एक अच्छा और आरामदायक बिस्तर चुनें जो आपकी रीढ़ को सही समर्थन दे सके। इसके अलावा तकिया भी सही होना चाहिए ताकि गर्दन और सिर को भी आराम मिले। अगर गद्दा बहुत सख्त या बहुत नरम हो तो उसे बदल दें और अपने सोने की स्थिति पर भी ध्यान दें ताकि आपकी पीठ को सही आराम मिल सके।

### डॉक्टर से करें संपर्क

अगर घरेलू उपायों से कोई फर्क नहीं पड़ रहा हो तो तुरंत डॉक्टर से संपर्क करें। डॉक्टर आपकी समस्या का सही निदान करेंगे और आवश्यक जांच करने के बाद उचित उपचार बता सकेंगे। इसके अलावा डॉक्टर द्वारा बताए गए एक्सरसाइज और दवाओं का सेवन भी करें ताकि जल्द ही ठीक हो सकें। ध्यान रखें कि समय रहते इलाज कराने से गंभीर समस्याओं से बचा जा सकता है और जल्दी राहत मिलती है।

## ट्रंप की सुरक्षा में सेंध! नो-फ्लाई ज़ोन में घुसा विमान, नोराड की हेडबट कार्रवाई से मचा हड़कंप

वाशिंगटन (आरएनएस)। अमेरिका के राष्ट्रपति ट्रंप और फर्स्ट लेडी जब वीकेंड पर न्यू जर्सी के बेडमिंस्टर स्थित निजी गोल्फ कोर्स में मौजूद थे, उसी दौरान उनकी सुरक्षा में बड़ी सेंध लगने से हड़कंप मच गया। शनिवार 5 जुलाई को एक नागरिक विमान ने अस्थायी उड़ान प्रतिबंध (TFR) का उल्लंघन किया, जिसके बाद उत्तरी अमेरिकी एयरोस्पेस डिफेंस कमांड के लड़ाकू विमान ने तुरंत कार्रवाई करते हुए उस विमान को इंटरसेप्ट कर रोक दिया।



जानकारी दी कि यह घटना दोपहर 2:39 बजे हुई जब सामान्य नागरिक विमान ने प्रतिबंधित हवाई क्षेत्र में प्रवेश किया। NORAD के फाइटर जेट ने हेडबट रणनीति अपनाते हुए पायलट का ध्यान खींचा और विमान को सुरक्षित रूप से प्रतिबंधित क्षेत्र से बाहर निकाल दिया गया। एक बयान में बताया गया कि यह दिन भर में पांचवां TFR उल्लंघन था। इससे पहले तीन और उल्लंघन हो चुके थे जिससे सुरक्षा एजेंसियों की चिंता और बढ़ गई। स एयरफोर्स ने सभी पायलटों को FAA द्वारा जारी NOTAMs पढ़ने और पालन करने की सख्त हिदायत दी है। एयरफोर्स ने चेतावनी भरे लहजे में कहा, यदि आप बेडमिंस्टर, NJ के आस-पास उड़ान भरने की सोच रहे हैं, तो NOTAMs 1353, 1358, 2246, और 2247 पर जरूर नजर डालें। ये सुरक्षा के लिए हैं, कोई बहाना नहीं चलेगा! सावधान रहें और प्रतिबंधित हवाई क्षेत्र से बाहर रहें। NORAD द्वारा TFR उल्लंघन की स्थिति में कैसे कार्रवाई की जाती है, इसके लिए उन्होंने एक वीडियो लिंक भी साझा किया है, जो जागरूकता बढ़ाने के लिए है।

## एलन मस्क ने दिया डोनाल्ड ट्रंप को झटका, नई राजनीतिक पार्टी का किया ऐलान




वाशिंगटन ,(आरएनएस)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और उद्योगपति एलन मस्क के बिगड़ते रिश्ते अब एक नया मोड़ ले रहे हैं। टेस्ला के सीईओ मस्क ने एक नई राजनीतिक पार्टी के गठन का ऐलान कर दिया है। मस्क ने इसे 'अमेरिका पार्टी' का नाम दिया है, जिसका उद्देश्य देश के 'वन-पार्टी सिस्टम' को खत्म करना है।

टेस्ला और स्पेसएक्स के सीईओ ने शनिवार को 'एक्स' के जरिए यह घोषणा की है। अपने संदेश में, मस्क ने दोनों प्रमुख दलों पर अनियंत्रित सरकारी खर्च और भ्रष्टाचार में योगदान देने का आरोप लगाया। उनके मुताबिक, देश अब लोकतंत्र के रूप में नहीं, बल्कि बर्बादी और स्वार्थ से संचालित एक एकीकृत राजनीतिक मशीन के रूप में काम करता है।

मस्क ने लिखा, अमेरिका द्विदलीय बर्बादी और भ्रष्टाचार से दिवालिया हो रहा है। यह लोकतंत्र नहीं है। यह छद्म रूप से वन-पार्टी सिस्टम है। अमेरिका पार्टी आपको आपकी स्वतंत्रता वापस दिलाने के लिए बनाई गई है। यह कदम अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के पूर्व सहयोगी मस्क के लिए एक नाटकीय राजनीतिक बदलाव को दर्शाता है, जो पहले ट्रंप का समर्थन करने वाले सबसे प्रमुख डोनर्स में से एक थे।

ट्रंप ने स्वतंत्रता दिवस समारोह के दौरान 'वन बिग ब्यूटीफुल बिल' पर हस्ताक्षर किए थे, जो अब एक कानून बन गया है। एलन मस्क पहले ही चेतावनी दे चुके थे कि अगर यह बिल पास होता है, तो अमेरिका में एक नई पार्टी का गठन होगा।

नई पार्टी का ऐलान मस्क और ट्रंप के बीच हाई-प्रोफाइल विवाद के बाद हुआ है, जो कभी राजनीतिक सहयोगी रह चुके हैं। सरकारी दक्षता विभाग (डीओजीई) के प्रमुख के रूप में मस्क के संक्षिप्त कार्यकाल के दौरान तनाव बढ़ गया था, जहां उन्होंने खर्च में कटौती और फेडरल वर्कफोर्स पॉलिसी में कमी के लिए दबाव डाला, जो ट्रंप के भारी घरेलू बजट से टकराव दर्शाती थी। तब से मस्क ट्रंप के राजकोषीय एजेंडे के मुखर आलोचक रहे हैं।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अर्जेंटीना के ब्यूनस आयर्स में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित की।

## अमेरिका में कुदरत का कहर : टेक्सास में बाढ़ से अबतक 51 की मौत, 27 लड़कियां लापता

वॉशिंगटन डीसी(आरएनएस)। अमेरिका के टेक्सास राज्य में भारी बारिश के बाद ग्वाडालूप नदी में अचानक आई बाढ़ से अब तक 51 लोगों की मौत हो गई, जबकि लगभग 27 लड़कियां लापता हैं। ग्वाडालूप नदी के पास लड़कियों का समर कैंप था, जो बाढ़ की चपेट में आ गया। अधिकारियों ने बताया कि महज 45 मिनट में नदी का जलस्तर 26 फीट (8 मीटर) बढ़ गया।

मौसम विभाग के मुताबिक अभी भी बाढ़ का खतरा बरकरार है। हेलिकॉप्टर, नाव और ड्रोन्स से लापता लड़कियों की तलाश की जा रही है। कई और लोगों के लापता होने की आशंका है। टेक्सास के गवर्नर डैन पैट्रिक ने बताया कि रेस्क्यू टीम काम कर रही है। जिसमें नौ बचाव दल, 14 हेलिकॉप्टर और 12 ड्रोन का इस्तेमाल किया जा रहा है। अभी तक 850 से ज्यादा लोगों को बचाया भी गया है।

कर्विल के पास कैंप मिस्टिक, जो एक लड़कियों का समर कैंप है, पूरी तरह बाढ़ में डूब गया। कैंप में मौजूद 750 लड़कियों को बचाया गया है। कैंप में बिजली नहीं है और कई बच्चे अभी भी रेस्क्यू का इंतजार कर रहे हैं। अधिकारियों ने कहा कि कितने लोग लापता हैं, इसका सटीक आंकड़ा बताना मुश्किल है।

## लाइन पर आए बिलावल बोले- तो हम हाफिज सईद और मसूद अजहर को भी सौंप देंगे

इस्लामाबाद (आरएनएस)। ऑपरेशन सिंदूर और सिंधु जल संधि को रद्द करने के बाद पाकिस्तान की अक्ल ठिकाने आती नजर आ रही है। पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी (पीपीपी) के अध्यक्ष और देश के पूर्व विदेश मंत्री बिलावल भुट्टो जरदारी ने कहा कि पाकिस्तान उन लोगों को सौंपने के लिए तैयार है, जिसे लेकर भारत हमेशा शिकायत करता रहता है। उन्होंने कहा, पाकिस्तान को विश्वास बहाली के उपाय के तौर पर भारत को 'चिंता के विषय' वाले व्यक्तियों को प्रत्यर्पित करने पर कोई आपत्ति नहीं है, बशर्ते कि नई दिल्ली इस प्रक्रिया में सहयोग करने की इच्छा दिखाए।राष्ट्रीय आतंकवाद निरोधक प्राधिकरण (नैक्टा) के अनुसार, लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद दोनों को पाकिस्तान ने प्रतिबंधित कर रखा है, जबकि 26/11 मुंबई आतंकी हमले का मुख्य षड्यंत्रकारी हाफिज सईद वर्तमान में आतंकवाद के वित्तपोषण के लिए 33 साल की सजा काट रहा है। इसी तरह संयुक्त राष्ट्र द्वारा वैश्विक आतंकवादी घोषित अजहर को भी नैक्टा ने प्रतिबंधित कर रखा है। बिलावल ने कहा कि इन 'व्यक्तियों' के खिलाफ मुकदमे वाले मामले पाकिस्तान से संबंधित थे, जैसे कि आतंकवादी गतिविधियों का वित्तपोषण। हालांकि, उन्होंने कहा कि सीमा पार आतंकवाद के लिए उन पर मुकदमा चलाना मुश्किल था क्योंकि दिल्ली की ओर से बुनियादी चीजों का 'अनुपालन' नहीं किया गया।

### जापानी कंपनी कर्मचारियों के यौन शोषण के आरोपों में घिरी

टोक्यो (ए)। टारगेट पूरा न होने पर कंपनी ने वेतन कटौती और बोनस रोक लेती हैं, लेकिन जापानी की एक कंपनी ने कमजोर प्रदर्शन करने वाले कर्मचारियों को ऐसी सजा दी है कि उससे कई कर्मचारी डिप्रेशन का शिकार हो गए। ओसाका स्थित नियो कॉर्पोरेशन पर कई कर्मचारियों ने आरोप लगाया है कि कमजोर प्रदर्शन करने पर कंपनी कर्मचारियों को अपने न्यूड फोटो खिंचने और उसे सहकर्मियों के साथ शेयर करने को मजबूर करती है। बिजली और एनर्जी सेविंग प्रोडक्ट्स की इंस्टॉलेशन सेवाओं से जुड़ी कंपनी अब कर्मचारियों के यौन शोषण के आरोपों में घिर गई है।

## इजरायल-ईरान जंग के बाद पहली बार सबके सामने आए खामेनेई



तेहरान,(ए)। इजरायल-ईरान संघर्ष का अंत 24 जून को ही हो गया था, लेकिन ईरान के सर्वोच्च नेता खामेनेई कहीं नजर नहीं आ रहे थे। इसको लेकर विदेशी मीडिया में हलचल तेज थी और कई तरह के सवाल पूछे जाने लगे थे। इशारों-इशारों में बात कही तो इजरायली मीडिया ने भी सवाल पूछना शुरू कर दिया। खबरों के अनुसार ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई को न तो सार्वजनिक रूप से देखा गया, और न ही उनसे कोई बात हुई है। ईरान-इजरायल के बीच युद्ध विराम के बावजूद खामेनेई अब तक सामने नहीं आए हैं। ईरान के सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई आशूरा से जुड़े एक शोक समारोह में शामिल हुए। ईरान-इजरायल युद्ध शुरू होने के बाद वह पहली बार सार्वजनिक से सामने आये थे। खामेनेई के सबके सामने नहीं आने से इजरायल द्वारा संभावित हमलों से पहले ईरानी नेता खामेनेई को दी गई कड़ी सुरक्षा का संकेत मिलता है। वॉशिंगटन स्थित मानवाधिकार कार्यकर्ता समूह के अनुसार, ईरान पर इजरायल के हमले में कम-से-कम 417 नागरिकों सहित 1,000 से अधिक लोग मारे गए।दावा किया जा रहा था 13 जून को जैसे ही इजरायल ने ईरान पर मिसाइल दागने शुरू किए, तभी खामेनेई को छिपा लिया गया था। दरअसल, उन्हें इस बात का डर था कि इजरायल उनकी हत्या की कोशिश कर सकता है।

# खेल समाचार

## भारत की नन्हीं योगा क्वीन वान्या शर्मा मलेशिया में लहराएंगी तिरंगा, बनेंगी सबसे कम उम्र की अंतरराष्ट्रीय योग प्रतिनिधि



नई दिल्ली (ए)। भारत की सात वर्षीय योग साधिका वान्या शर्मा एक बार फिर देश का नाम रोशन करने के लिए तैयार हैं। वान्या आगामी xrd Asia Pacific Yogasana Sports Championship 2025 में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगी, जो 3 सितम्बर को मलेशिया में आयोजित होने जा रही है। इस प्रतिष्ठित अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में वान्या भारत की सबसे कम उम्र की प्रतिनिधि होंगी। जब साधना में समर्पण हो और संकल्प अडिग, तो उम्र केवल एक संख्या बन जाती है। यही साबित कर दिखाया है दिल्ली की इस नन्हीं योग प्रतिभा वान्या शर्मा ने, जो अब तक 14 विश्व रिकॉर्ड अपने नाम कर चुकी हैं। इनमें प्रमुख हैं — 3 वर्ष की उम्र में कठिनतम 14 योगासनों का प्रदर्शन (इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स) विशेष बच्चों को योग सिखाने वाली सबसे कम उम्र की बालिका (इंडिया बुक ऑफ रिकॉर्ड्स) "ग्लोबल योगा आइकॉन" की उपाधि (यूनिवर्सल बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स)अब तक वान्या को 100 से अधिक राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है, जिनमें शामिल हैं — डॉ. ए.पी.जे. अब्दुल कलाम अवार्ड, रतन टाटा मेमोरियल अवार्ड, योग वीर सम्मान, अटल गौरव सम्मान, राष्ट्रीय रत्न सम्मान, ग्लोबल फेम अवार्ड, और शहीद भगत सिंह नोबल अवार्ड। उनकी अद्वितीय योग यात्रा को सलाम करने वालों की सूची में देश की कई महान हस्तियाँ शामिल हैं — मुख्यमंत्री श्रीमती रेखा गुप्ता, पद्मश्री कैलाश सत्यार्थी, योगगुरु स्वामी रामदेव, आचार्य बालकृष्ण, डॉ. किरण बेदी, अभिनेता सोनू सूद, अमीषा पटेल सहित कई नामचीन हस्तियाँ।वान्या की इस सफलता के पीछे हैं उनके माता-पिता — योगाचार्य हेमंत शर्मा और श्रीमती हिमानी शर्मा, जिनके मार्गदर्शन, साधना और संस्कारों ने वान्या को यह ऊँचाई दी।

## वो भारतीय कप्तान, जिसने पाकिस्तानी राष्ट्रपति तक की नहीं सुनी, दुनिया है इनकी फैन

नई दिल्ली(ए)। भले ही महेंद्र सिंह धोनी को 'कैप्टन कूल' कहा जाता है, लेकिन मैदान पर इस कप्तान के दिमाग में हमेशा कुछ ना कुछ चलता ही रहता है। यह धोनी की चतुरता का ही कमाल रहा कि हार के करीब पहुंचकर भी भारत ने कई मैच अपने नाम किए।महेंद्र सिंह धोनी भारत को दो विश्व कप खिताब जिताने वाले इकलौते क्रिकेट कप्तान हैं। इसके अलावा, उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स को अपनी कप्तानी में पांच आईपीएल खिताब जिताए हैं। वह महेंद्र सिंह धोनी ही थे, जिनकी कप्तानी में भारत ने लगातार 18 महीनों तक टेस्ट रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर कब्जा जमाए रखा। उन्होंने किसी भी अन्य कप्तान से अधिक अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में अपने देश की कमान संभाली है। महेंद्र सिंह धोनी ने साल 2007 से 2018 तक तीनों फॉर्मेट में भारत की ओर से 332 मुकाबलों में कप्तानी की, जिसमें 178 मैच जीते। साल 2019 के अंत में उन्हें आईसीसी की 'वनडे और टी20 टीम ऑफ द डिकेड' में शामिल किया गया। वह साल 2024 में 'आईसीसी हॉल ऑफ फेम' में शामिल हुए।



## वैभव सूर्यवंशी ने 143 रनों की ऐतिहासिक पारी खेल तोड़े कई रिकॉर्ड

### -बाबर आजम को पीछे छोड़ रचा नया कीर्तिमान

नई दिल्ली,(ए)। भारत के 14 वर्षीय युवा बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी ने पहले आईपीएल 2025 में धमाल मचाया और अब वो इंग्लैंड में इंग्लिश गेंदबाजों के पसीने छुड़ा रहे हैं. वैभव ने इंग्लैंड अंडर -19 के खिलाफ भारत अंडर -19 की ओर से खेलते हुए विस्फोटक अंदाज में बल्लेबाजी कर शतक लगाया है।

इस शतकीय पारी के साथ ही वैभव सूर्यवंशी ने कई रिकॉर्ड अपने नाम कर लिए हैं. उन्होंने 4 स्टार खिलाड़ियों को भी पीछे छोड़ दिया है. दरअसल, भारत और इंग्लैंड की अंडर-19 टीमों के बीच शनिवार को वॉर्सेस्टर में पांच यूथ वनडे मैचों की सीरीज का चौथा मैच खेला गया।

इस मैच में वैभव सूर्यवंशी ने 78 बॉल का सामना करते हुए 13 चौके और 10 छक्कों की मदद से 143 रनों की आतिशी पारी खेली. इस दौरान उनका स्ट्राइक रेट 183.33 का रहा. उन्होंने अपनी इस पारी के साथ ही रिकॉर्ड बुक में अपना नाम भी दर्ज करा दिया है।

वैभव ने सिर्फ 52 गेंदों पर शतक लगाया. इसके साथ ही उन्होंने पाकिस्तान के कामरान गुलाम को पीछे छोड़ दिया है, जिनके नाम यूथ वनडे में 53 गेंदों पर शतक लगाने का रिकॉर्ड था. इसके साथ ही वैभव यूथ वनडे में सबसे तेज शतक लगाने वाले दुनिया के और भारत के नंबर 1 खिलाड़ी बन गए हैं।

वैभव ने सरफराज खान को पीछे छोड़ दिया है, जो उनसे पहले भारत के लिए यूथ मैच में सबसे तेज शतक लगाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी का रिकॉर्ड अपने नाम रखते थे. सरफराज ने 2013 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ 15 साल 338 दिन की उम्र में शतक बनाया था, जबकि वैभव अभी 14 वर्ष 100 दिन हैं।

वैभव ने बांग्लादेश के नजमुल हसन शांतो, पाकिस्तान के बाबर आजम और हसन राजा को भी इस मामले में पछाड़ दिया है. नजमुल हसन शांतो ने 14 साल 241 दिन, बाबर आजम ने 15 साल 48 दिन और हसन राजा ने 15 साल 267 दिन की उम्र में यूथ मैच में शतक लगाया था।

वैभव सूर्यवंशी यूथ वनडे मैच की एक पारी में सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले नंबर 1 भारतीय बल्लेबाज बन गए हैं. उन्होने एक पारी में 10 छक्के लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है. उनसे पहले ये रिकॉर्ड भारतीय बल्लेबाज मनदीप सिंह के नाम था जिन्होंने यूथ वनडे मैच की एक पारी में सबसे ज्यादा 8 छक्के लगाए थे।

इस मैच में भारतीय टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए वैभव सूर्यवंशी की शतकीय पारी 50 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 363 रन बनाए. इंग्लैंड की टीम 43.3 ओवर में लक्ष्य का पीछा करते हुए 308 रनों पर ढेर हो गई और 55 रनों से मैच हार गई।

## 13 महीने का सूखा! इस देश में नहीं दिखेगी टीम इंडिया, BCCI का चौंकाने वाला फैसला

नई दिल्ली (ए)। भारत और बांग्लादेश के बीच बढ़ते राजनीतिक तनाव की अटकलों के बीच भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने टीम इंडिया के बांग्लादेश दौरे को आधिकारिक तौर पर स्थगित करने का ऐलान कर दिया है। भारतीय टीम को इसी साल अगस्त में 3 वनडे और 3 टी20 मैचों की सीरीज के लिए बांग्लादेश जाना था, जिसे अब 13 महीनों के लिए टाल दिया गया है।बीसीसीआई ने शनिवार, 5 जुलाई को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर इस फैसले की पुष्टि की। बोर्ड के अनुसार, बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (ब्क्क्ष्क्) के साथ आपसी सहमति से यह निर्णय लिया गया है। दोनों टीमों के व्यस्त अंतरराष्ट्रीय कैलेंडर को इस स्थगन का मुख्य कारण बताया गया है। यह सीरीज अब अगस्त 2025 के बजाय सितंबर 2026 में आयोजित की जाएगी, जिसके विस्तृत कार्यक्रम की घोषणा बाद में की जाएगी।हालांकि बीसीसीआई ने व्यस्त शेड्यूल को कारण बताया है, लेकिन पिछले कई हफ्तों से इस दौरे पर संकट के बादल मंडरा रहे थे। माना जा रहा है कि दोनों देशों के बीच रिश्तों में आई खटास इस फैसले की असली वजह है। पिछले साल बांग्लादेश में हुए तख्तापलट के बाद से ही दोनों देशों के संबंधों में तनाव देखा जा रहा है। इसके अलावा, बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर हो रहे हमले और वहां के कुछ नेताओं द्वारा दिए जा रहे भारत-विरोधी बयानों ने भी माहौल को गरमा दिया था, जिसके चलते टीम इंडिया की सुरक्षा एक बड़ा सवाल बन गई थी।इस दौरे के रद्द होने से भारतीय क्रिकेट प्रशंसकों को अपने पसंदीदा सितारों, विराट कोहली और रोहित शर्मा को मैदान पर देखने के लिए और लंबा इंतजार करना होगा। टी20 और टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले चुके ये दोनों दिग्गज अब सिर्फ वनडे फॉर्मेट में ही भारत का प्रतिनिधित्व करते हैं।



## गिल, जायसवाल और पंत पर होगा अब दारोमदारः माइकल वॉन

लंदन (ए)। कोहली, रोहित के बाद भारतीय टेस्ट टीम को आगे ले जाने की जिम्मेदारी अब शुभमन गिल, यशस्वी जायसवाल और ऋषभ पंत को उठानी पड़ेगी। यह मानना है इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन का। विराट कोहली और रोहित शर्मा के संन्यास को लेकर वॉन ने कहा कि कोहली ने अपने समय में अकेले यह जिम्मेदारी बखूबी निभाई। अब यह युवा खिलाड़ियों के पास बड़ा मौका है कि वे उस विरासत को आगे बढ़ाएं। वॉन ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ मौजूदा टेस्ट सीरीज़ में देखा जाए तो कोहली और रोहित की गैरमौजूदगी के बावजूद भारतीय बल्लेबाजी क्रम अच्छा प्रदर्शन कर रहा है। उनके मुताबिक गिल, जायसवाल और पंत ने मिलकर एक अच्छा समूह बनाया है जो जिम्मेदारी निभाने के लिए तैयार दिखता है। उन्होंने कहा कि इन खिलाड़ियों के पास भारतीय टेस्ट क्रिकेट को वही ऊर्जा और जुनून देने का मौका है जो कोहली ने दिया था। वॉन ने कहा कि कोहली ने टीम में न सिर्फ बल्लेबाजी बल्कि आक्रामक सोच और रणनीतिक समझ भी दी, जो भारतीय टीम को लंबे समय तक शीर्ष पर बनाए रखने में मददगार रही। उन्होंने कहा कि अगर गिल, जायसवाल और पंत इस मानक के करीब भी पहुंच सके तो यह भारतीय टीम के लिए बड़ी उपलब्धि होगी। वॉन ने माना कि भारत जैसी प्रतिभा-समृद्ध टीम के पास हमेशा विकल्प रहते हैं लेकिन कोहली जैसा करिश्माई और प्रेरक खिलाड़ी बार-बार नहीं मिलता। उन्होंने कहा कि दो बड़े खिलाड़ियों के अचानक टीम से बाहर होने के बाद तुरंत आगे बढ़ पाना आसान नहीं होता, लेकिन शुभमन गिल ने बतौर कप्तान और बल्लेबाज काफी परिपक्वता दिखाई है और उनके नेतृत्व में टीम को बल्लेबाजी में कोई बड़ी कमी नहीं दिखती।



वॉन ने यह भी कहा कि भारत की टेस्ट टीम में इतनी गहराई और प्रतिस्पर्धा है कि यह टीम भविष्य में भी दबदबा कायम रख सकती है। उन्होंने हालांकि यह भी जोड़ा कि टीम को ज्यादा निरंतरता दिखानी होगी ताकि वह लंबे समय तक शीर्ष पर बनी रहे।

## उंची-उंची चोटियां फतह करने वाली अनुजा अब जलक्रीड़ा में बना रहीं पहचान

नई दिल्ली (ए)। दुनिया की सात सबसे ऊंची चोटियां फतह करने वाली 27 साल की अनुजा वैद्य ने अब जलक्रीड़ा (वॉटर स्कीइंग) की दुनिया में पहचान बना ली है। वह पहली भारतीय महिला है, जिन्होंने इंटरनैशनल वॉटर स्कीइंग प्रतियोगिता में हिस्सा लिया है। अनुजा 2019 में अपनी बड़ी बहन अदिति के साथ माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई की थी। वह हाल ही में थाईलैंड में 24 से 29 जून तक आयोजित एशियाई वॉटर स्की और वेकबोर्ड चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व किया है। भारत के वेकबोर्ड और वॉटर स्की फेडरेशन के सेक्रेटरी राजपाल सिंह ने बताया कि वह पहली महिला है, जिन्होंने इंटरनैशनल स्तर पर भारत का प्रतिनिधित्व किया है। अपने आसपास की नदियों में सीमित सामानों के साथ अभ्यास कर रही अनुजा को प्रतियोगिता में पता चला कि वे पहली भारतीय महिला है, जिन्होंने आधिकारिक तौर पर इंटरनैशनल स्तर पर वाटर स्कीइंग में भाग लिया। यह जानकारी उन्हें इंटरनैशनल वाटर स्की और वेकबोर्ड फेडरेशन के अधिकारियों ने दी।

## नीरज चोपड़ा ने जीता गोल्ड मेडल, बने क्लासिक 2025 के ओपनिंग सीजन के चैंपियन

बेंगलुरु,(ए)। भारत के गोल्डन बॉय और डबल ओलंपिक मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा ने कमाल कर दिया है. उन्होंने भारत में पहली बार आयोजित हुई भाला फेंक प्रतियोगिता को अपने नाम कर लिया है. नीरज ने गोल्ड मेडल पर अपना कब्जा कर दुनिया भर में एक बार फिर अपने नाम का डंका बजा दिया है. भारत में आयोजित हुए नीरज चोपड़ा क्लासिक 2025 टूर्नामेंट को नीरज चोपड़ा ने जीत लिया है. नीरज ने 86.18 मीटर का थ्रो कर गोल्ड मेडल अपने नाम किया है. इस टूर्नामेंट में केन्या के जूलियस येगो दूसरे स्थान पर रहे. उन्होंने 84.51 मीटर के साथ सिल्वर मेडल अपने नाम किया. श्रीलंका के रुमेश पथिराज तीसरे स्थान पर रहे और 84.34 मीटर के थ्रो के साथ बॉन्ज मेडल अपने नाम किया.मैदान में मौजूद 14,593 लोगों ने जोरदार नारे लगाकर नीरज चोपड़ा का स्वागत किया. नीरज ने टूर्नामेंट की शुरुआत फाउल के साथ और 82.99 मीटर के दूसरे प्रयास के साथ बढ़त बना ली. इसके बाद उन्होंने अपनी शानदार शुरुआत जारी रखी. टोक्यो ओलंपिक खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाले और 2024 में पेरिस में रजत पदक जीतने वाले भारतीय मेगा स्टार ने फिर 86.18 मीटर के अपने तीसरे थ्रो के साथ रात का सबसे बड़ा थ्रो दर्ज किया. नीरज ने चौथे प्रयास में फाउल किया और पांचवें प्रयास में 84.07 मीटर का थ्रो किया।

# नर्मदापुरम जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भाजपा कार्यकर्ताओं ने नवनिर्वाचित प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल का गर्मजोशी एवं उत्साह से स्वागत किया



नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदापुरम संभाग के गौरव और भारतीय जनता पार्टी मध्यप्रदेश के यशस्वी अध्यक्ष, बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल का बैतूल प्रवास के दौरान नर्मदापुरम जिले के कार्यकर्ताओं ने भव्य एवं आत्मीय स्वागत किया। प्रदेशाध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने रविवार को फोरलेन ब्रिज पर मां नर्मदा का पूजन कर कार्यकर्ताओं को श्रद्धेय डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की जन्म जयंती पर शुभकामनाएं देते हुए उनके दिखाए मार्ग पर चलने और अनुशासित रहने का संदेश दिया। इस अवसर पर आयोजित स्वागत समारोह में बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति ने उत्साह का नया आयाम स्थापित किया। मीडिया प्रभारी अमित माहाला ने बताया कि नर्मदापुरम के साथ ही इटारसी एवं केसला मंडल के विभिन्न स्थानों पर भी प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खण्डेलवाल का स्वागत किया गया।

स्वागत कार्यक्रम में संभाग प्रभारी पंकज जोशी, जिला प्रभारी सीमा सिंह, सांसद दर्शन सिंह चौधरी, राज्यसभा सांसद माया नारोलिया, विधायक नर्मदापुरम डॉ. सीतासरन शर्मा, विधायक सोहागपुर विजयपाल सिंह, विधायक सिवनीमालवा प्रेमशंकर वर्मा, पूर्व जिलाध्यक्ष माधवदास अग्रवाल, प्रसन्ना हर्णे, मुकेश चंद्र मैना, पीयूष शर्मा, भरत सिंह राजपूत, संतोष पारीक, अखिलेश खंडेलवाल, प्रांशु राने, ज्योति चौरे, लोकेश तिवारी, दिनेश तिवारी, विवेक गौर, संदेश पुरोहित, योगेन्द्र राजपूत, अर्चना पुरोहित, दीपक महालहा, मंडल अध्यक्ष सागर शिवहरे, रूपेश राजपूत, गोकुल पटेल, राहुल चौरे, मयंक मेहतो, गजेन्द्र चौहान, पूर्व मंडल अध्यक्ष विकास नारोलिया, राहुल सोलंकी सहित अनेक पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जिले में 1 जून से आज दिनांक तक 2502.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज गत वर्ष इसी अवधि में हुई थी 1449.5 मिलीमीटर वर्षा

नर्मदापुरम (निप्र) जिले में 1 जून 2025 से आज दिनांक 06 जुलाई को प्रातः 8 बजे तक जिले में 2502.20 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। गत वर्ष इसी अवधि में 1449.5 मिलीमीटर वर्षा हुई थी। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है कि 06 जुलाई 2025 को प्रातः 8 बजे तक तहसील नर्मदापुरम में 393.7 मिलीमीटर, सिवनीमालवा में 188.0 मिलीमीटर, इटारसी में 185.6 मिलीमीटर, माखननगर में 133.0 मिलीमीटर, सोहागपुर में 229.0 मिलीमीटर, पिपरिया में 323.2 मिलीमीटर, बनखेडी में 467.0 मिलीमीटर, पचमडी में 379.8 एवं तहसील डोलरिया में 202.7 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। जिले की सामान्य औसत वर्षा 1370.5 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख नर्मदापुरम ने बताया है वर्तमान में सेठानी घाट का जलस्तर 939.40 फीट है, तवा जलाशय का 1125.60 फीट है, बरगी जलाशय का 417.25 मीटर एवं बारना जलाशय 344.46 मीटर दर्ज किया गया है। उल्लेखनीय है सेठानी घाट का अधिकतम जल भराव 967 फीट है, तवा जलाशय का अधिकतम जल भराव 1166 फीट है, बरगी जलाशय का जल भराव 422.76 मीटर है तथा बारना जलाशय का अधिकतम जल भराव 348.55 मीटर है



## शारीरिक माप दिवस की तैयारी हेतु आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का प्रशिक्षण संपन्न



नर्मदापुरम (निप्र)। संचालनालय महिला एवं बाल विकास विभाग के निर्देशानुसार परियोजना नर्मदापुरम ग्रामीण में शारीरिक माप दिवस की पूर्व तैयारी को लेकर आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को विस्तृत प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण जिला कार्यक्रम अधिकारी ललित डहरिया के निर्देशन एवं मार्गदर्शन में आयोजित किया गया। इस अवसर पर श्री डहरिया ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी आंगनबाड़ी केंद्र समय पर खुलें और बच्चों की उपस्थिति संपर्क ऐप एवं पोषण ट्रैकर ऐप में वास्तविक रूप से दर्ज की जाए। साथ ही प्रत्येक बच्चे का शारीरिक माप त्रुटि रहित तरीके से लिया जाए एवं उसकी सही प्रविष्टि पोषण ट्रैकर ऐप पर दर्ज की जाए, ताकि कुपोषण की रोकथाम सुनिश्चित की जा सके। प्रशिक्षण कार्यक्रम में यूनिसेफ से प्रेम सिंह चौहान (प्रमुख मास्टर ट्रेनर) ने भी कार्यकर्ताओं को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। इस दौरान क्षेत्र की पर्यवेक्षक श्रीमती आशा भदौरिया, श्रीमती आस्था शिवहरे, श्रीमती पूनम मौर्या एवं श्रीमती छवि यादव तथा ब्लॉक कोऑर्डिनेटर श्रीमती कुमारी माही मेहरा की उपस्थिति रही।

## डॉक्टर श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई

नर्मदापुरम (निप्र)। रविवार को नर्मदापुरम नगर मंडल वार्ड क्रमांक 3 के वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ता अजय श्रीवास्तव के घर पर श्रद्धेय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी की जन्म जयंती पर कार्यकर्ताओं के साथ उनके चित्र पर माल्यार्पण किया गया एवं कार्यक्रम की मुख्य वक्ता श्रीमती मोनिका चौकसे अजय श्रीवास्तव मंडल उपाध्यक्ष मति अनुजा मिश्रा ने श्रद्धेय डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के जीवन पर प्रकाश डाला ।सभी का आभार बीनू बुधौलिया ने किया । इस कार्यक्रम में बीनू बुधौलिया मनोज दुबे ममता शर्मा अनिता जैन पूर्व पार्षद दीपू पालीवाल उपस्थित रहे ।

## जय हो समिति द्वारा मां नर्मदा घाट स्वच्छता अभियान 261वां सप्ताह

नर्मदापुरम (निप्र)। जय हो समिति द्वारा संचालित मां नर्मदा घाट स्वच्छता अभियान का आज 261वां सप्ताह पूर्ण हुआ। यह अभियान नर्मदा मैया की सेवा और स्वच्छता के संकल्प के साथ निरंतर जारी है। इस सप्ताह भी प्रातःकाल समिति के सदस्यों ने परमहंस घाट पहुंचकर श्रमदान किया। कचरा संग्रहण, सफाई, पत्तों एवं प्लास्टिक सामग्री को हटाने जैसे कार्य किए गए। समिति के स्वयंसेवकों ने लोगों को घाट की स्वच्छता बनाए रखने हेतु प्रेरित करते हुए स्वच्छता का संदेश दिया। जय हो समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि मां नर्मदा की सेवा जनभागीदारी से ही संभव है और जब तक जीवन है, यह अभियान अनवरत चलता रहेगा।

अंत में सभी स्वयंसेवकों ने नर्मदा मैया की जय,स्वच्छ नर्मदा पवित्र नर्मदा के नारों के साथ संकल्प लिया। सफाई करने वालों में समिति के सागर पटेल, सौरभ वर्मा, अनुराग वर्मा, विशाल बावरिया, संजू प्रजापति, कौशिक बावरिया, प्रीतम चक्रवर्ती उपस्थित रहे।

# जगन्नाथ प्रभु का स्वर्ण वेश, पद दर्शन





नर्मदापुरम (निप्र) । भगवान जगन्नाथ जी की रथ यात्रा महोत्सव के दौरान रविवार को अखंड मंडलेश्वर धाम डोंगरवाड़ा में भगवान का स्वर्ण वेश और पद दर्शन हुए। इस सम्बन्ध में मंदिर के मुख्य अर्चक बाबाजी प्रसाद दास ने बताया कि रथ यात्रा वापस आने के बाद दूसरे दिन भगवान स्वर्ण वेश धारण करते हैं। साथ ही भगवान के पैरों का दर्शन आज जिनके दिन होता है। इस महोत्सव में बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए। मंदिर में भंडारे का भी आयोजन किया गया।

### ठाकुर राजा का किया सम्मान

इस अवसर पर धर्म आध्यात्म के क्षेत्र में अभूतपूर्व कार्य करने वाले मंदिर के ठाकुर राजा डा आशुतोष शर्मा का सम्मान किया गया। डोंगरवाड़ा राधारानी महिला मंडल द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट कर उनका सम्मान किया गया। इस अवसर पर बाबाजी प्रसाद दास ने कहा कि डा शर्मा द्वारा धर्म के क्षेत्र जो कार्य किए जा रहे हैं वे प्रशंसनीय हैं। समाज और देश के लिए उनका अवदान सदियों तक याद किए जाएगा। इस अवसर पर उन्हें स्मृति चिन्ह भी भेंट किया गया। कार्यक्रम में द शर्मा की माता जी श्रीमती पुष्पावती शर्मा, बीके सेलम दीदी, बीके शबनम दीदी, आचार्य रश्मि रंजन पाणी आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन प्रमोद शर्मा ने किया।

## जनता कार्यालय में सांसद दर्शन सिंह की जनसुनवाई

### जनसुनवाई में 50 से अधिक मामले आए , 15 का मौके पर हुआ निस्तारण

नर्मदापुरम (निप्र) । माह के प्रथम रविवार को सांसद दर्शन सिंह चौधरी नर्मदापुरम में जनसुनवाई का दिवस निर्धारित किया है। जिसमें रविवार को नर्मदापुरम स्थित जनता कार्यालय में सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने जनसुनवाई आयोजित की। जिसमें लोकसभा क्षेत्र के विभिन्न गांवों से पधारे संगठनात्मक लोगों एवं आम नागरिक की व्यक्तिगत 50 से अधिक शिकायतें प्राप्त हुईं। जन समस्याओं के शीघ्र निराकरण के लिए श्री चौधरी ने 15 से ज्यादा मामलों में तत्काल संबंधित विभागों के अधिकारियों से चर्चा कर निस्तारण करवाया, जिससे उपस्थित लोग संतुष्ट नजर आए ।इस जनसुनवाई में शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों से प्रतिनिधिमंडल पहुंचे। अधिकतर समस्याएं आम जनजीवन से जुड़ी हुई थीं, वहीं कुछ मामले व्यक्तिगत स्थानांतरण और प्रतिनियुक्ति से भी जुड़े रहे। रेलवे और रोडवेज से जुड़ी समस्याओं को लेकर जागरूक नागरिकों ने भी भागीदारी निभाई, जिन पर सांसद ने संबंधित विभागों के अधिकारियों से चर्चा की। जनसुनवाई में आई शिकायतों पर त्वरित कार्यवाही और विकास से जुड़ी जन अपेक्षाओं को देखते हुए सांसद दर्शन सिंह चौधरी ने संबंधित विभागों को यथाशीघ्र समाधान के निर्देश दिए।

### सफलता की कहानी

# रेशम उत्पादन से बदली किस्मत



## ग्राम गूजरवाड़ा की श्रीमती सुमनबाई मजदूरी छोड़कर बनी लखपति दीदी

नर्मदापुरम (निप्र) । विकासखंड माखननगर के ग्राम गूजरवाड़ा निवासी श्रीमती सुमनबाई/ नारायण यादव ने रेशम उत्पादन से अपनी मेहनत और लगन के बल पर अपनी पारिवारिक स्थिति को पूरी तरह बदल दिया है। कभी मेहनत मजदूरी कर परिवार चलाने वाली श्रीमती सुमनबाई अब शहतूती रेशम योजना के माध्यम से लखपति दीदी बन चुकी हैं। श्रीमती सुमनबाई वर्ष 2010-11 से रेशम विभाग की स्वावलंबन योजना से जुड़ी हुई हैं।

योजना से जुड़ने के पूर्व उनकी पारिवारिक स्थिति काफी कमजोर थी और वे अपने छह बच्चों के साथ कच्चे खपरेल वाले मकान में जीवन यापन कर रही थीं। रेशम पालन गतिविधियों से जुड़ने के बाद श्रीमती सुमनबाई ने धीरे-धीरे आर्थिक रूप से आत्मनिर्भरता हासिल की। अब उनके पास पक्का मकान है, उन्होंने अपनी तीन बेटियों की शादी कर दी है और दो बेटियां स्नातक की पढ़ाई कर चुकी हैं तथा घर पर रहकर रेशम उत्पादन में सहयोग कर रही हैं। उनके दो बेटे भी दसवीं एवं कॉलेज की पढ़ाई कर रहे हैं। श्रीमती सुमनबाई द्वारा चाकी कृमिपालन एवं उत्पादित ककून विक्रय कर आय अर्जित की जा रही है। उन्होंने वर्ष 2024-25 में ककून उत्पादन से 23,082 रुपये तथा चाकी कृमिपालन से 1,60,460 रुपये अर्जित कर कुल 1,83,542 रुपये की आमदनी प्राप्त की है। आज वे और उनके जैसी कई महिलाएं रेशम पालन गतिविधियों से जुड़कर घरेलू कार्यों के साथ-साथ तीन लाख रुपये तक की वार्षिक आय अर्जित कर रही हैं।

श्रीमती सुमनबाई बताती हैं कि रेशम पालन से जुड़ने के बाद अब उन्हें मजदूरी के लिए बाहर नहीं जाना पड़ता है। रेशम उत्पादन से होने वाली आय से वे परिवार के सभी सदस्यों का पालन-पोषण अच्छे से कर पा रही हैं और समाज में आत्मनिर्भर महिला के रूप में एक मिसाल बनी हुई हैं।

## फसल बीमा कराने हेतु कर रहे प्रेरित, नुक्कड़ नाटक से बता रहे फायदे

हरदा (आरएनएस) । फसल बीमा कराओं सुरक्षा कवच पाओ की थीम पर नुक्कड नाटक कर किसानों को फसल बीमा कराने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उप संचालक कृषि जे.एल. कास्दे ने बताया कि जिले के किसानों को फसल बीमा से होने वाले फायदे बताए जा रहे हैं तथा किसानों को फसल बीमा की अंतिम तारीख के संबंध में जानकारी देकर बीमा कराने की प्रक्रिया भी बताई जा रही है। उन्होने बताया कि रविवार को हंडिया, खिरकिया, सिराली में नुक्कड नाटक के माध्यम से किसानों को फसल बीमा कराने के लिए प्रेरित किया गया। इसके अलावा प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर बीमा कंपनी प्रतिनिधि और कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा जाकर प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना अंतर्गत खरीफ 2025 का प्रचार प्रसार किया जा रहा है।

### खुशियों की दास्तां

# ग्राम बुधवाड़ा के प्रगतिशील किसान नारायण मीना की प्रेरणादायक कहानी

### प्राकृतिक खेती कर कमा रहे हैं रासायनिक खेती के बराबर मुनाफा



नर्मदापुरम (निप्र)। नर्मदापुरम जिले के विकासखंड माखननगर के ग्राम बुधवाड़ा निवासी प्रगतिशील कृषक नारायण मीना रासायनिक खेती को छोड़कर प्राकृतिक खेती अपनाकर खेती के क्षेत्र में नए आयाम स्थापित कर रहे हैं। श्री मीना ने बताया कि प्राकृतिक खेती से उन्हें रासायनिक खेती के समान ही मुनाफा हो रहा है और लागत में भी कमी आ रही है।उन्होंने वर्ष 2021 से आत्मा परियोजना एवं कृषि विज्ञान केंद्र गोविंदनगर से समय-समय पर प्रशिक्षण, कृषि प्रदर्शनी एवं कृषि विज्ञान मेले आदि में सहभागिता कर प्राकृतिक खेती का तरीका सीखा और उसे अपनी जमीन पर सफलतापूर्वक लागू किया। श्री मीना ने मात्र 1 एकड़ भूमि से प्राकृतिक खेती की शुरुआत की थी और आज वे 3 एकड़ भूमि में प्राकृतिक खेती कर रहे हैं।खरीफ मौसम में श्री मीना ने 3 एकड़ भूमि में पी.बी-1 धान की खेती की, जिसकी कुल लागत 64,500 रुपये आई। उपज बेचने पर 1,98,000 रुपये की आय हुई और लागत घटाने के बाद उन्हें 1,33,500 रुपये का शुद्ध लाभ प्राप्त हुआ। रबी मौसम में उन्होंने 1 एकड़ में डीबीडब्ल्यू-303 किस्म का गेहूं बोया, जिसमें 10,000 रुपये लागत आई। उपज से 35,000 रुपये प्राप्त हुए और शुद्ध मुनाफा 25,000 रुपये रहा। इसके अलावा रबी मौसम में ही 2 एकड़ में आरवीजी-202 किस्म के चने की खेती की गई, जिसमें 23,600 रुपये की लागत आई। चना बेचने पर 1,26,000 रुपये प्राप्त हुए और 1,02,400 रुपये का शुद्ध लाभ अर्जित किया गया।

ग्रीष्मकालीन मौसम में 3 एकड़ भूमि में पीडीएम-139 किस्म की मूंग की खेती की गई। इस पर 35,600 रुपये की लागत आई और उपज बेचने पर 1,35,000 रुपये प्राप्त हुए जिससे 99,400 रुपये का शुद्ध लाभ मिला। इस प्रकार श्री मीना को पूरे वर्ष भर में कुल 3,60,300 रुपये का शुद्ध लाभ प्राप्त हुआ।श्री मीना ने बताया कि वे पोषक प्रबंधन व्यवस्था के तहत जीवामृत, गौकृपामृत, धनजीवामृत का स्वयं निर्माण कर प्रयोग करते हैं। इसके अलावा प्रोम, एजोटोबैक्टर व पी.एस.बी. कल्चर का भी उपयोग किया जाता है।

फसल सुरक्षा के लिए दशपर्णी अर्क का निर्माण कर उसका छिड़काव करते हैं।उन्होंने कहा कि प्राकृतिक खेती से न केवल लागत में कमी आती है बल्कि फसलों के बाजार भाव भी अच्छे मिलते हैं। श्री मीना ने बताया कि वे जैविक कृषि के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण और मानव स्वास्थ्य के सुधार में योगदान दे रहे हैं। आत्मा परियोजना के मार्गदर्शन में वे अपनी खेती को लगातार उन्नत बना रहे हैं और अन्य किसानों को भी प्राकृतिक खेती के लिए प्रेरित कर रहे हैं।

## प्रेरणा कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में वृहद पौधारोपण किया गया



नर्मदापुरम ।प्रेरणा कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में एक पौधा मां केन नाम अभियान के तहत पर्यावरण प्रेमी डॉ. मयंक तोमर के मुख्य आतिथ्य में विद्यार्थियों एवं स्टाफ द्वारा पौधारोपण किया गया, स्कूल प्राचार्य विनीता तिवारी ने उन्हें बताया कि हमारे यहां 100 से अधिक पौधे लगाए जाने हैं,। डॉ. तोमर ने स्कूल के प्रयासों की सराहना की तथा विद्यार्थियों से इस पावन कार्यक्रम में अधिक से अधिक भाग लेने का आव्हान किया, स्कूल स्टाफ ने पौधारोपण कार्यक्रम का हिस्सा बनने के लिए डॉ. तोमर का आभार व्यक्त किया।

## पॉलिटेक्निक कॉलेज में प्रवेश के लिये कॉलेज लेवल काउंसलिंग प्रारंभ

हरदा (आरएनएस) । पॉलिटेक्निक कॉलेज हरदा में संस्था स्तर पर प्रवेश प्रारम्भ हो गए है। प्राचार्य डॉ. अभिरुचि सिंह ने बताया कि महाविद्यालय में प्रवेश के इच्छुक विद्यार्थी मैकेनिकल, इलेक्ट्रिकल, सिविल, कंप्यूटर साइंस विभाग में प्रवेश के लिये 13 अगस्त तक एमपी ऑनलाइन के माध्यम से पंजीयन करा सकते है। पंजीयन के बाद विद्यार्थी 13 अगस्त तक सोमवार, बुधवार व शुक्रवार को प्रातः 10.30 बजे से संस्था में सभी दस्तावेजों के साथ उपस्थित होकर सी एल सी राउंड की प्रवेश प्रक्रिया में भाग ले सकते है। उन्होने बताया कि छात्र पहले आओ पहले पाओ के अनुसार ब्रांच चयन कर सकते है।

## संभागीय जनसम्पर्क कार्यालय, नर्मदापुरम
## रद्दी विक्रय के लिये सीलबन्द निविदाएं आमंत्रित

इस कार्यालय द्वारा रद्दी समाचार-पत्र पत्रिकाओं की नीलामी की जाना है। रद्दी नीलामी की निविदाऐं दिनांक 10 जुलाई 2025 को समय दोपहर 12 बजे तक सीलबन्द निविदाएं संभागीय जनसंपर्क कार्यालय नर्मदापुरम संभागायुक्त भवन कोठी बाजार नर्मदापुरम में इच्छुक व्यक्तियों से निम्न शर्तों पर आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदाएं दिनांक 10 जुलाई 2025 को समय दोपहर 3 बजे संभागीय जनसम्पर्क कार्यालय में खोली जायेंगी।

**रद्दी नीलामी की शर्तें :-** निविदाएं संभागीय जनसम्पर्क कार्यालय, नर्मदापुरम से कार्य दिवसों एवं कार्यालयीन समय में निःशुल्क प्राप्त की जा सकती हैं। निर्धारित समय के बाद प्राप्त होने वाली निविदाओं पर कोई विचार नहीं किया जायेगा। निविदाएं 10 जुलाई 2025 को ही दोपहर 3 बजे समिति के सदस्यों और निविदाकारों के समक्ष खोली जायेंगी। रद्दी विक्रय/नीलामी की न्यूनतम दर 15 रुपये प्रति किलोग्राम निर्धारित की गई है। इस दर से कम की निविदा स्वीकार नहीं की जाएगी। निविदा में रद्दी का भाव प्रति किलोग्राम की दर से देना होगा। सुरक्षा निधि के रूप में निविदाकार को निविदा फार्म के साथ 2000/- रुपये (अक्षरी रुपये दो हजार मात्र) नगद राशि धरोहर के रूप में कार्यालय में जमा करना होगा। निविदा अस्वीकृत होने पर सम्बन्धित व्यक्ति को जमा की गई नगद राशि वापस कर दी जाएगी। समिति बगैर कोई कारण बताये निविदाएं अस्वीकृत कर सकेगी। रद्दी जैसी और जिस हालत में होगी, वह उसी हालत में स्वीकृत निविदाकर्ता को स्वीकार करना होगी। स्वीकृत निविदा वाले व्यक्ति को अपने खाली वाहन की सर्वप्रथम धर्मकांटे से वजन करवाना होगा, तत्पश्चात रद्दी सहित वाहन का वजन धर्मकांटे से करवाना अनिवार्य होगा। रद्दी की राशि तत्काल नगद कार्यालय में जमा करनी होगी। रद्दी उठाने के लिये स्वीकृत निविदाकार को मजदूरों की व्यवस्था स्वयं करना होगी। निविदा स्वीकृत होने के बाद स्वीकृत निविदाकार को नीलामी वाले दिन ही रद्दी उठाना पड़ेगी, अन्यथा कार्यालय की कोई जवाबदारी नहीं होगी।

जी/15246/25

**संयुक्त संचालक**
**संभागीय जनसम्पर्क कार्यालय**
**नर्मदापुरम (म.प्र.)**

**हेलमेट पहनकर वाहन चलायें,अपनी व दूसरों की जान बचायें**

स्वत्वाधिकारी, सम्पादक, मुद्रक, प्रकाशक एव ब्यूरों प्रमुख श्री कृष्णकांत सक्सेना की ओर से आलोक प्रेस,तलैया भोपाल एव श्री बालाजी प्रिंटर्स, प्लाट नं. 21, सेक्टर-एच, इंडस्ट्रियल एरिया, गोविंदपुरा भोपाल से मुद्रित तथा ''शिवरानी भवन'', क्षितिज किरण स्ट्रीट, कोठी बाजार, नर्मदापुरम (होशंगाबाद) से प्रकाशित। स्थानीय ब्यूरों प्रमुख श्री बलराम शर्मा सभी विवादों का न्याय क्षेत्र भोपाल रहेगा। मो. 9425025999 ( नर्मदापुरम मो. 9926434695 ) ई-मेल - dainikkshitijkiran@gmail.com, वेबसाइट- www.kshitijkiran.com